सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-311 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024
13 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# यूपी में घूम रहे हैं आशीष मिश्रा तो ये बेल की शर्तों का उल्लंघन

**टिप्पणी**

- सुप्रीम कोर्ट ने लगाई आशीष मिश्र को फटकार
- लखीमपुर खीरी मामले के आरोपी है आशीष मिश्र



**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य आरोपी आशीष मिश्र टेनी को लेकर सख्त टिप्पणी की है। अदालत का कहना है कि अगर आशीष मिश्र टेनी शारीरिक रूप से अलग अलग कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, तो यह जमानत की शर्तों का उल्लंघन है।

आपको बता दें कि केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्र के बेटे आशीष मिश्र टेनी, लखीमपुर खीरी हिंसा मामले से जुड़े मुख्य आरोपियों में से एक हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर आशीष मिश्र राजनीतिक कार्यक्रमों में शारीरिक रूप से शामिल हो रहे हैं, तो यह उनकी जमानत शर्तों का उल्लंघन होगा। शीर्ष अदालत ने पीड़ितों की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण से अपने आरोपों को साबित करने वाला हलफनामा दाखिल करने को कहा। इससे पहले शीर्ष अदालत ने इस घटना को 'दुर्भाग्यपूर्ण भयानक घटना' करार दिया था और आशीष मिश्र को जमानत के दौरान उत्तर प्रदेश या दिल्ली में नहीं रहने के लिए कहा था। प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि आशीष मिश्र टेनी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं और हाल ही में एक कार्यक्रम में साइकिल वितरित कर रहे थे। इसके जवाब में जस्टिस सूर्यकांत और पीएस नरसिम्हा की पीठ ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर टेनी अलग अलग कार्यक्रमों में शारीरिक रूप से उपस्थित हो रहे हैं, तो यह निश्चित रूप से जमानत का उल्लंघन है। प्रशांत भूषण ने बताया कि मिश्र द्वारा सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित की गई जमानत शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है, जबकि वह सिर्फ मुकदमे के लिए उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने ने कहा कि आशीष मिश्र द्वारा हाल ही में उप्र में साइकिल वितरित करते हुए अलग अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया गया।

# नायडू समेत तीन को पद्म विभूषण

## मिथुन चक्रवर्ती, उषा उथुप को पद्म भूषण, राष्ट्रपति ने पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया

**सफलता**

- सेरेमनी में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे
- तीन श्रेणियों में दिए जाते हैं पद्म पुरस्कार



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज सोमवार को पद्म पुरस्कारों के लिए चुनी हुई हस्तियों को सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्ष 2024 के लिए 3 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक (मरणोपरांत) और साउथ एक्टर चिरंजीवी समेत 5 लोगों को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। बिंदेश्वर पाठक की पत्नी अमोला पाठक ने पुरस्कार लिया। राष्ट्रपति ने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पॉप गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, डॉ. सीताराम जिन्दल, हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. तेजस मधुसूदन पटेल, दत्तात्रेय अंबादास मायालू और डॉ. चन्द्रेश्वर प्रसाद ठाकुर को पद्म भूषण प्रदान किया। राष्ट्रपति ने इसके अलावा टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और असम के ओजपली लोक नर्तक द्रोण भुइयां सहित अन्य को पद्मश्री प्रदान किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों या क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है घोषणा

पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

## अलीगढ़ में पीएम मोदी का परिवारवाद पर बड़ा प्रहार, सीएम योगी की जमकर की तारीफ

# देश से बड़ा कुछ नहीं : मोदी

**साधा निशाना**

- अच्छे भविष्य, विकसित भारत की चाबी भी आपके ही पास है
- सुबह-सुबह धूप निकलने से पहले आपको मतदान करना चाहिए
- इंडी गठबंधन की नजर आपकी प्रॉपर्टी पर है




**अलीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को राज्य में विकास लाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। अलीगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उस भाजपा के कारण ही हमारा उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर सेना का केंद्र बन रहा है। बुलडोजर से योगी (आदित्यनाथ) की पहचान करने वालों को मैं बताना चाहता हूं कि योगी सरकार ने जो औद्योगिक कार्य किया है, वह आजादी के बाद से कभी किसी ने नहीं किया। मुझे गर्व है कि मेरे पास उनके जैसा मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि देश से बड़ा कुछ नहीं होता। देश का इतना महत्वपूर्ण चुनाव चल रहा है, हमें सारे काम छोड़कर वोट करना चाहिए। सुबह-सुबह धूप निकलने से पहले, जलपान से पहले आपको मतदान करना चाहिए। पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिली है। अब मोदी ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर उनका जीवन सुरक्षित किया है। आज न सिर्फ भारत का हज कोटा बढ़ा है बल्कि वीजा नियमों को भी आसान बनाया गया है। सरकार ने महिलाओं को बिना महरम हज जाने की अनुमति भी दी है। उन्होंने कहा कि आजकल मैं कहता हूं कि 10 साल में जो किया वो तो ट्रेलर है, हमें तो अभी बहुत सारा काम करना है। जब मैं इतनी सारी बातें करता हूं, तो सपा और कांग्रेस वालों के कुछ समझ में ही नहीं आता। ये गठबंधन वाले इतनी निराशा में डूबे हुए हैं कि भविष्य की ओर देखने के लिए इनमें हौंसला ही नहीं रहा।

# देश में बिकने वाले मसालों की गुणवत्ता जांचेगी सरकार

**मानदंड**

- हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में बैन के बाद भारत सरकार का एक्शन
- तीन-चार दिनों में सैंपल कलेक्ट हो जाएंगे, 20 दिन में लैब रिपोर्ट

### हानिकारक तत्व होने पर सख्त कार्रवाई होगी




भारत में फूड आइटम्स में एथिलीन ऑक्साइड के इस्तेमाल पर बैन है। भारतीय मसालों में हानिकारक तत्व पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपराधिक कार्यवाही का भी प्रावधान है। सरकार ने मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तहत स्पाइस बोर्ड से अपील की है कि वह जागरूकता फैलाए कि उत्पादों में कोई हानिकारक तत्व नहीं मिलाया जाना चाहिए।

**नई दिल्ली।** खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) ने जांच के मकसद से देश भर से एमडीएच और एवरेस्ट सहित पाउडर के रूप में सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने लेना शुरू कर दिया है। एक सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी है। सिंगापुर और हांगकांग में इन दोनों कंपनियों कुछ मसाला उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताये जाने के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर, एफएसएसएआई बाजार से एमडीएच और एवरेस्ट समेत सभी ब्रांड के मसालों के नमूने ले रहा है ताकि यह जांचा जा सके कि वे तय मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। देश के सभी फूड कमिश्नर्स को इस मामले को लेकर अलर्ट कर दिया गया है। मसालों के सैंपल कलेक्शन की प्रोसेस शुरू कर दी गई है। तीन से चार दिनों में एमडीएच और एवरेस्ट समेत देश की सभी कंपनियों की मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स से सैंपल्स कलेक्ट कर लिए जाएंगे।

# कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को लगा एक और झटका

**याचिका**

- वीडियो कॉल पर डॉक्टर से परामर्श की नहीं मिली इजाजत



**नई दिल्ली।** दिल्ली राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी की उपस्थिति में अपने डॉक्टर के साथ रोजाना 15 मिनट के चिकित्सीय परामर्श की अनुमति देने की मांग की थी। अदालत ने आगे निर्देश दिया कि अपेक्षित चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाना चाहिए और किसी विशेष परामर्श की आवश्यकता के मामले में जेल अधिकारी एम्स निदेशक द्वारा गठित एक मेडिकल बोर्ड को नियुक्त करेंगे जिसमें एक एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और एक मधुमेह विशेषज्ञ शामिल होंगे। अदालत का आदेश आप के इन आरोपों के बीच आया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को तिहाड़ जेल में उचित इलाज नहीं मिल रहा है, जहां वह 18 मार्च से बंद हो चुकी शराब नीति मामले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बंद हैं। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने आदेश पारित करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल को अपेक्षित चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाना चाहिए।

## सीएम योगी ने भाजपा प्रत्याशी सतीश व हाथरस से अतुल वाल्मीकि के लिए मांगा वोट

# पहले चरण में आठों सीट जीत रही भाजपा

**कसा तंज**

- 500 सालों बाद रामनवमी पर हुआ जश्न
- कांग्रेस, सपा-बसपा की किस्मत पर अलीगढ़ का ताला लगा दीजिए



> सीएम ने कहा कि पहले चरण में देश की 102 लोकसभा सीटों के चुनाव में जिस प्रकार का उत्साह जनता के मन में रहा है। उससे भाजपा को जनता का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। कह सकते हैं कि उत्तर प्रदेश में आठ लोकसभा सीटों पर विपक्षी दलों का कोई खाता नहीं खुलने जा रहा है। दूसरे और तीसरे चरण के लिए भी उसी उत्साह को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर अलीगढ़ और हाथरस की जनता आशीर्वाद मिलेगा।

**अलीगढ़।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि विकास से वंचित करने और आस्था से खिलवाड़ करने वाले सपा, बसपा और कांग्रेस की किस्मत पर अलीगढ़ का ताला लगेगा।

मुख्यमंत्री सोमवार को नुमाइश मैदान में अलीगढ़ संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम और हाथरस संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अनूप प्रधान के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। लगभग 7.20 मिनट के भाषण में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों में किए गए कार्यों का बखान किया और विपक्षी दलों की कारगुजारी बताई। विकास, विरासत और गरीब कल्याणी की योजनाओं को पिछले 10 वर्ष के अंदर मूर्त रूप लेते हुए देखा गया है, जो अभूतपूर्व है। देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने के लिए हम सबको एक स्तंभ प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हम सबको एक अवसर दिया है। यहां की जनता की दशकों से मांगें थी, जो भाजपा सरकार ने पूरी की। जनमानस की अपेक्षाओं पर भाजपा सरकार खरी उतरी है। भाजपा सरकार में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय स्थापित हुआ, शिक्षण सत्र भी शुरू हो चुका है। यहां डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर अयोध्या में स्थापित श्रीराम मंदिर की दिव्य श्रीराम की मूर्ति का सूर्य तिलक हुआ, जिसका 500 वर्षों से इंतजार था। यह अभूतपूर्व आनंद और गौरव प्राप्त कराने वाले (पीएम मोदीजी) हम सबके सामने खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस ने विकास से वंचित किया, आस्था से खिलवाड़ कर सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया। अब अवसर आ गया है कि चुनाव के माध्यम से उनकी किस्मत पर अलीगढ़ का ताला लगाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं और देश की सत्ता उनके हाथों में सौंपें। जिससे भारत एक बड़ी ताकत बनेगा। विकसित और आधुनिक भारत बनाने के लिए मोदी जी के स्वर से देश का स्वर जुड़ रहा है।

# अखिलेश यादव कन्नौज से नहीं लड़ेंगे चुनाव

**उम्मीदवार**

- तेज प्रताप यादव को मिला टिकट
- दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को है मतदान



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने सोमवार को कन्नौज सीट के लिए उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। इस सीट पर तेज प्रताप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इस सीट से चुनाव लड़ेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सोमवार को सपा ने कन्नौज के अलावा बलिया सीट पर भी उम्मीदवार की घोषणा की। इस सीट पर सनातन पांडेय को टिकट दिया गया है। अखिलेश यादव प्रदेश में दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रचार कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मिलकर अमरोहा में रैली को संबोधित किया था। जहां उन्होंने दावा किया था कि पहले चरण के मतदान में एनडीए पिछड़ गया है। यही आगे के भी चरणों में होना है। उन्होंने कहा था कि अखिलेश ने कहा था कि प्रधानमंत्री हमारी पिक्चर रिजेक्ट होने की बात कर रहे थे लेकिन पहले चरण के चुनाव में शुक्रवार को उनकी फिल्म फ्लॉप हो गई।

# रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त

**आस्था**

- आस्ट्रेलिया से लेकर यूएई तक से आए भक्त
- श्रद्धालुओं ने पीएम मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की जाहिर की इच्छा



**अयोध्या।** हनुमान चालीसा पाठ व श्रीरामलला के जयकारों के साथ सोमवार को 30 देशों के 90 अप्रवासी भारतीयों संग 400 श्रद्धालुओं की टोली ने रामलला के दर्शन किए। सभी अभिभूत नजर आए। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से सभी का भव्य अभिनंदन किया गया। इनका नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड एंबेसडर व दिल्ली स्ट्डी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं को राम नामी दुपट्टा ओढ़ाकर माथे पर चंदन का तिलक लगाया गया। बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर रामभक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। जौली प्रवासियों को रामलला का दर्शन कराने के अभियान का संयोजन कर रहे डा. विजय जौली ने कहा, वह चाहेंगे कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में जीतकर नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें। रामलला के दर्शनार्थियों के दल में शामिल भारत में भूटान के राजदूत वेत्सोप नामग्याल ने भूटान और स्वयं को बुद्धिज्म में विश्वास करने वाला बताते हुए कहा, हिंदूइज्म एवं बुद्धिज्म बहुत निकट एवं परस्पर जुड़े हुए हैं।

### तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है : राहुल गांधी

**सूरत।** गुजरात की सूरत सीट से बीजेपी के उम्मीदवार मुकेश दलाल सोमवार को निर्विरोध चुन लिए गए. कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने के बाद उन्हें निर्विरोध चुना गया है। हालांकि, अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी प्रत्याशी की जीत पर सवाल उठाए हैं, उन्होंने इस जीत की तुलना तानाशाही से की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, तानाशाह की असली सूरत' एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है. मैं एक बार फिर कह रहा हूं- यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बीजेपी पर निशाना साधा. उन्होंने सूरत सीट पर बीजेपी को मिली जीत को एक क्रोनोलॉजी के जरिए समझाया।

**संविधान**

## चुनाव आयोग से कांग्रेस ने की 16 शिकायतें

# पीएम का भाषण भड़काऊ, कार्रवाई करे

**आरोप**

- किसी भी प्रभाव से मुक्त होकर उचित कार्रवाई करे चुनाव आयोग
- समाचार क्लिप सौंपते हुए चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत कराई दर्ज



> सिंघवी ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग को कार्रवाई करने में कोई हिचक नहीं करनी चाहिए चाहे व्यक्ति कितना भी बड़ा हो। वहीं देश के प्रधानमंत्री से भी हाथ जोड़कर यही कहेंगे कि वे ऐसा वैमनस्यपूर्ण बयान न दें क्योंकि यह पीएम पद की साख का सवाल है। आचार संहिता के उल्लंघन की 16 शिकायतों में कांग्रेस ने शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यूजीसी में चार सदस्यों की नियुक्ति की खिलाफ भी शिकायत की है। सिंघवी ने कहा कि चुनाव आयोग इस मामले में ट्रायल पर है और रणदीप सुरजेवाला के मामले में उनके दो दिन प्रचार पर रोक लगाई जाती है तो पीएम का बयान कहीं ज्यादा भड़काऊ है।

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राजस्थान की एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिए भाषण को भद्दा, गैरकानूनी और संविधान की आत्मा के खिलाफ बताते हुए चुनाव आयोग से पीएम मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रधानमंत्री पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए पार्टी ने कहा है कि मोदी ने अपने पद की गरिमा के प्रतिकूल एक विशेष धार्मिक समुदाय को लक्ष्य कर विभाजनकारी, दुर्भावनापूर्ण और झूठा बयान दिया है और चुनाव आयोग का दायित्व है कि वह बड़े ओहदे के प्रभाव से मुक्त होकर कानून सम्मत उचित कार्रवाई करे। पीएम के भाषण के खिलाफ शिकायत सौंपने के साथ ही कांग्रेस ने कहा है कि इस मामले में चुनाव आयोग की साख ट्रायल पर है और कार्रवाई करने में किसी भी तरह की सुस्ती उसकी साख को धूल-धूसरित करेगी। कांग्रेस ने राजस्थान के जालौर की चुनावी रैली के भाषण के उस अंश का वीडियो और समाचार क्लिप सौंपते हुए चुनाव आयोग के समक्ष सोमवार को आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई जिसमें पीएम मोदी ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस सत्ता में आयी तो वह लोगों की संपत्ति लेकर घुसपैठियों, ज्यादा बच्चे पैदा करने वालों में बांट देगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता वकील अभिषेक सिंघवी की अगुवाई में आयोग पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पीएम मोदी समेत आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के भाजपा के 16 अन्य मामलों को उठाते हुए ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अभिषेक सिंघवी ने कहा कि पीएम का भाषण आदर्श आचार संहिता का बेहद गंभीर उल्लंघन है।

# भाजपा देश में लोकतंत्र और संविधान के लिए खतराः आनंद

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा संसदीय क्षेत्र के कस्ता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर नगरा, ओसरीनानकार, कल्लियारामपुर, दतेली, संडिलवा, पकरियाजलालपुर, कस्ता, तेंदुआ, मितौली में समाजवादी पार्टी ने नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया, इस मौके पर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। आनंद भदौरिया ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहाकि भाजपा देश में लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बन गई है, लोकसभा चुनाव में हार से डरी भाजपा अन्याय और तानाशाही पर उतर आयी है, यह लोकसभा चुनाव बहुत विशेष है, यह लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने का चुनाव है। भाजपा की तानाशाही को उखाड़ फेंकने का चुनाव है, लोकसभा चुनाव में भाजपा को हर हालत में हटाना है, अगर देश की जनता हटाने से चूक गयी तो भाजपा वोट का अधिकार छीन लेगी, भाजपा देश पर अंग्रेजों की तरह शासन करना चाहती है, उन्होंने कहा कि देश में जितने भी तानाशाह हुए है वे वोट से सत्ता में आये थे, भाजपा को वोट के जरिए ही सत्ता से बाहर करना है, भाजपा ने देश को पीछे कर दिया है, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचा दिया है, इनके पास देश की जनता को बताने के लिए कुछ नहीं बचा है, भाजपा सबसे झूठी पार्टी है, इलेक्टोरल बांड के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया है, हजारो करोड़ रूपये की चुनावी चंदा के नाम पर वसूली की है, तमाम कम्पनियों को डराकर वसूली की, कोरोना के समय वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली है, जबसे इलेक्टोरल बांड का मामला बाहर आया है, भाजपा के नेता घबराये हुए है, उनके पास भ्रष्टाचार का कोई जवाब नहीं है, आनंद भदौरिया ने कहा है कि भाजपा ने युवाओं की नौकरी छीनी है, हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठा वादा किया। लेकिन कोई वादा पूरा नहीं किया, आज देश में 80-90 फीसदी पढ़ा-लिखा नौजवान बेरोजगार है, भाजपा सरकारों में भर्ती परीक्षाओं के तमाम पेपर लीक हुए, जबसे भाजपा की सरकार आयी है, नौजवानों व किसानों आर्थिक स्थिति और खराब हो गई है, महिलाओ को किचन में महंगाई का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने आगे कहाकि जुमलेबाजी करने वाले भाजपा के लोग जनता को झूठी गारन्टी दे रहे हैं, देश की जनता को भाजपा की गारन्टी नहीं, बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के संविधान की गारन्टी चाहिए, इंडिया गठबंधन जनता को संविधान की गारन्टी देता है, संविधान की गारन्टी में सब कुछ है, इंडिया गठबंधन संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। नुक्कड़ सभाओं में पूर्व विधायक सुनील भार्गव लाला, वींरेंद्र वर्मा विधानसभा अध्यक्ष, हरिपाल यादव, रामजीवन यादव, विश्राम लाल यादव, कालीचरण यादव, मंजू यादव, राहुल सिंह, विवेक यादव, संदीप वर्मा व लाल सिंह यादव समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



# केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा श्रीनगर के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को किया सम्बोधित

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा जी विधानसभा श्रीनगर के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन, गोल्डेन स्क्वायर रिजार्ट, गढ़ी मिदनियां रहे। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने विधानसभा श्रीनगर के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब मैं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को देखता था यह तो भारतीय जनता पार्टी हो या हमारा मूल संगठन भारतीय जनसंघ उनके कार्यकर्ताओं की कोई मिशाल नहीं होती है लेकिन विशेषकर श्रीनगर विधानसभा में मैंने महसूस किया था उसने मुझे भी बहुत उत्साहित किया था कार्य करने की प्रेरणा दी थी और लगभग 40 साल के बाद 1975 से लोकसभा चुनाव 2014 में हम लोगों को सफलता मिली लेकिन विधायक के रूप में 40 साल बाद आप लोगों ने मेहनत, त्याग, समर्पण और पार्टी के प्रति जो आपकी निष्ठा है और क्षेत्र के विकास की जो चिन्ता है उस दृष्टि से आपने भारतीय जनता पार्टी की विधायक मंजू त्यागी जी को चुना। यह वास्तव में 40 साल में दो-दो पीढ़ी बदल जाती है लेकिन पीढ़ियां भले बदले लेकिन भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा श्रीनगर के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के लिए जो त्याग व समर्पण दिया है। उसी का नतीजा है कि आज आपके विधानसभा श्रीनगर में भाजपा सरकार की विधायक मंजू त्यागी जी बनी है। आप सभी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न परिस्थितियों में कार्य किया है। मैं समझता हूं मैने आप सबको करीब से देखा है मै आप सभी कार्यकर्ताओं का बहुत-बहुत आभारी हूं। मैं भी भारतीय जनता पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता हूं। उस दृष्टि से हम सब लोगों के सामने उत्तर प्रदेश के लोग कहते थे कि भारतीय जनता पार्टी तीसरे नम्बर का राजनैतिक दल बल गया है। वह समय 2007 का था उस समय दूर-दूर तक कही हमको सफलता मिले या भारतीय जनता पार्टी आगे बढ़ेगी या किसी चुनाव में हमको अचानक सफलता मिल जायेगी ऐसी कोई संभावनाएं नहीं दिखती थी लेकिन आज जब हम 2024 के चुनाव में जा रहे है 2007 में ये लगता था कि हमारा राजनैतिक दल कोई सफलता नहीं पाएगा लेकिन 2024 में लोकसभा चुनाव में जाएंगे तो ये लगता है कि हम कुछ भी कर सकते है कुछ भी सफलता पा सकते है। इतना बड़ा राजनैतिक दल 17 साल में जो मैनें देखा है आज आठों की आठों विधानसभा सीटें, 02 लोकसभा सीटें, ज्यादातर ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत के अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष आदि सब भारतीय जनता पार्टी के है और यह केवल आपके जिले में ही नहीं बल्कि यह कहते हुए बड़ा गर्व महसूस हो रहा है कि आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि रजनी तिवारी मा0 राज्यमंत्री उच्च शिक्षा उ0प्र0 सरकार ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार सभी उद्योगों को आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। भाजपा ने मुद्रा योजना के तहत 20 लख रुपए तक का ऋण देने शुरू किया है। छोटे-छोटे कारोबारी के लिए पीएम विश्वकर्म योजना चलाई जा रही है। विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा की प्रचण्ड जीत दर्ज कराएं। हमको मतदान के दिन बूथ जीतना है।



## राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं डग्गामार वाहन

**मोहम्मदी खीरी।** नगर में विभिन्न स्थानों से संचालित होने वाले डग्गामार वाहन राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। इन वाहनों की वजह से अक्सर जाम की समस्या खड़ी हो जाती है। वहीं रोडवेज बसों के आगे वाहन खड़करने से राजस्व को भी चूना लगाया जाता है। प्रतिदिन हजारों रुपए का चूना रोडवेज को लगाया जाता है। इसके बावजूद इन वाहन चालकों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। नगर के गोला शाहजहांपुर रोड बस स्टाप में रोडवेज बसों के आगे वाहन खड़ा करके मैजिक,में सवारियां भरते हैं। मैजिक टेम्पो चार पहिया वाहनों में सवारियां भरकर गोला शाहजहांपुर लखीमपुर आदि शहरों तक तेज रफ्तार में वाहन दौड़ते हैं। रोडवेज के समीप डग्गामार वाहन अपना अड्डा बनाए हुए हैं। आने वाली सवारियों को बैठाकर उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने में वाहन चालक आपस में छीनाझपटी करते हैं। कम पैसों का लालच देकर यात्रियों को असुरक्षित यात्रा कराने में डग्गामार वाहन चालक सड़कों पर बेखौफ होकर फर्राटा भरते रहते हैं।

## गेंहू की फसल काटने को लेकर संघर्ष, 6 घायल

**सहारनपुर।** खेत में खड़ी गेंहू की फसल काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनो तरफसे जमकर लाठी डंडे चले। विवाद में महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बेहट पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। एक पक्ष ने पहले ही झगड़े की आशंका जाहिर करते हुए सीएम को शिकायती पत्र भेज रखा था।

मामला कोतवाली बेहट इलाके के गांव टटोहल का है। टटोहाल निवासी अंगूर पुत्र भुल्ला ने सीएम को भेजे शिकायती पत्र में बताया था कि गांव के पास उनका खेत है जिसमे गेंहू की फसल खड़ी है, लेकिन गांव के ही दूसरे समाज के लोग उन्हें फसल नही काटने दे रहे और फसल काटने पर जान से मारने की धमकी और जातिसूचक शब्द कहे। सोमवार की सुबह अंगूर पक्ष गेंहू की फसल काटने अपने खेत पहुंचा तो आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगो ने उन्हे अपनी फसल काटने से रोका और गाली गलौच की।

# हनुमान मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़-भाड़ व जुलूस के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का किया गया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** हनुमान जयंती के उपलक्ष में एक विशाल पदयात्रा मंगलवार को लखीमपुर से चलकर सीतापुर रोड स्थित गुलरी पुरवा हनुमान मंदिर तक पहुंचेगी। जिसमें हजारों श्रद्धालु पदयात्रा कर मंदिर तक पहुंचेंगे। इसे लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है आपको बता दे कि हर वर्ष की भांति इस बार भी पद यात्रा का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं ऐसी मानता है कि पदयात्रा कर मंदिर पहुंचने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यही कारण है कि लाखों की संख्या में भक्त इस पद यात्रा में शामिल होते हैं आस्था का गुबार यहां देखने को मिलता है। कुछ भक्त नंगे पैर भी पद यात्रा करते हैं। वहीं भक्तों के जलपान के लिए भी तमाम भक्त जगह-जगह पर इंस्टाल लगाकर जलपान की व्यवस्था करते हैं। करीब 9 किलोमीटर की यह यात्रा सुबह 6 बजे से शुरु होती है और दोपहर बाद इसका समापन होता है। लखीमपुर से सीतापुर जाने वाला यह मुख्य मार्ग प्रशासन द्वारा आवागमन के लिए भी बंद कर दिया जाता है। पुलिस प्रशासन सहित स्वास्थ विभाग एलर्ट मोड पर रहता है। पदयात्रा के डिस्ट्रिक्ट स्वास्थ सेवाएं और एंबुलेंस तैनात की जाती हैं।




**लखीमपुर खीरी।** आज होने वाली हनुमान जयंती के अवसर पर ग्राम गुलरीपुरवा थाना खीरी स्थित श्री बालाजी हनुमान मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़-भाड़ व जुलूस के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा जुलूस के आवागमन के मार्ग व सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारीगण को इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## साइबर ठगी करने वाले 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना कोतवाली सदर पुलिस व एस.ओ.जी टीम खीरी द्वारा चैकिंग के दौरान साइबर ठगी करने वाले 02 नफर अभियुक्तों इलियास अली पुत्र इसहाक अली विशाल तिवारी पुत्र सुनील तिवारी निवासीगण ग्राम कोरइया जंगल थाना फरधान को लालपुर बैरियर के पास से दो बण्डलों में कुल 160 सिम कार्ड, 02 फिंगर स्कैनर, 03 मोबाइल फोन, दो मोरसाइकिल व 330 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 326/2024 धारा 419/420/467/468/471 भादवि पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# स्कूल वाहन मे कंटेनर ने मारी टक्कर, अध्यापिका और दो बच्चों की हालत नाजुक

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** पसगवां थाना क्षेत्र में मोहम्मदी शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर गांव खजुआ के पास प्राइवेट स्कूल में छुट्टी के बाद बच्चों को लेकर जा रही गाड़ी में कंटेनर ने पीछे से टक्कर मार कर रौंद देने से चीख पुकार सुनकर दौड़े पड़ोस मौजूद लोगों ने सभी घायलों को बाहर निकाल पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस 108 से इलाज के लिए सीएचसी भावल खेड़ा में भर्ती कराया गया है डॉक्टरों ने इलाज के दौरान गाड़ी चालक, अध्यापिका और दो बच्चों की हालत नाजुक होने पर शाहजहांपुर रेफर किया है। पुलिस के अनुसार सोमवार को स्टेट हाईवे पर स्थित बरैचा के पास प्राइवेट विद्यालय पी बी इंटर कॉलेज में छुट्टी होने पर 2:00 बजे करीब गाड़ी चालक रेहान निवासी लखनापुर 10 बच्चों के साथ अध्यापिका बहेलिया खेड़ा निवासी शुचि को बैठक बच्चों को घर छोड़ने के लिए निकला था। उसकी गाड़ी हाईवे पर गांव खजुरिया के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे चीख पुकार मच गई राहगीर और पड़ोसियों ने बचाव कार्य शुरू कर सभी घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कई एंबुलेंस से इलाज के लिए आनंन-फानन में भावल खेड़ा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। इलाज के दौरान डॉक्टर ने चालक रेहान, अध्यापिका शुचि और समुरूद्दीन पुर निवासी कक्षा 1 के छात्र सूर्यांश पुत्र राजेश, सहजल पुत्री अंगद सिंह की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। सामान्य चोटे आने वाले बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। परिजनों ने इलाज के लिए उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। सूर्यांश को बरेली ट्रामा सेंटर रेफर किया जा रहा है।प्रबंधक फिरोज खां ने बताया चालक अपनी गाड़ी से क्षेत्र के बच्चों को विद्यालय लाता और वापस ले जाता था। हादसे के समय बच्चों को छोड़ने जा रहा था।



# एसएसपी ने हाई टैक्नोलोजी से लैस गाड़ियों को किया रवाना

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनपदीय पुलिस को हाइटेक करने व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए आज हाई टैक्नोलोजी से लैस नई 16 स्कार्पियों मोबाइल गाड़ियों व 05 पल्सर मोटर साइकिल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस लाइन परिसर से आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा द्वारा डायल 112 सहारनपुर पुलिस को हाई टैक्नोलोजी से लैस 16 स्कार्पियों मोबाईल गाड़ियों व 05 पल्सर मोटर साईकिलों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इन 16 गाड़ियो में से 02 गाड़ियों में 360 डिग्री व्यू कैमरा की सुविधा दी गयी है, जो 02 किलोमीटर की परिधि में किसी व्यक्ति की शक्ल व उसकी गतिविधियों की हाई रेजोल्यूशन विडियो रिकोर्डिंग कर सकता है तथा रिकार्डेड वीडियो को 01 महीने तक स्टोर करके रखा जा सकता है। रिकार्डेड वीडियो को बाद में पुलिस द्वारा साक्ष्य के तौर पर व घटना की विस्तृत जानकारी के लिये प्रयोग में लाया जा सकता है। उक्त हाई रेजेल्यूशन कैमरो की सफलता व उपयोगिता को देखते हुए बाद में अन्य गाड़ियो में भी इन कैमरो को लगाया जायेगा। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने बताया कि हाई रेजोल्यूशन कैमरों से लैस 02 स्कार्पियो मोबाईल गाड़ियों को थाना देवबंद व गंगोह क्षेत्र में चलाया जायेगा। नई 16 स्कार्पियो मोबाईल गाडियाँ मिलने से जनपद सहारनपुर में कुल 58 मोबाईल गाड़ियाँ हो गयी है तथा 05 पल्सर मोटर साइकिल मिलने से कुल मोटर साइकिलों की संख्या 24 हो गयी है। सभी मोबाईल कार व मोटरसाइकिल पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को बॉडी वार्न कैमरा दिये गये हैं, जिससे घटनास्थल की उपयोगी विडियो रिकार्डिंग प्राप्त की जा सकेगी। धीरे- धीरे डायल 112 सहारनपुर पुलिस की सभी पुरानी गाड़ियों को नई टैक्नोलोजी से लैस स्कार्पियो गाड़ियो मे परिवर्तित किया जायेगा।



## ज्ञान कलश क्रिकेट एकेडमी ने 8 विकेट से जीता मैच

**सहारनपुर।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही अंडर 16 डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में आज ज्ञान कलश क्रिकेट एकेडमी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शाश्वत क्रिकेट एकेडमी को 8 विकेट से हरा दिया।

ज्ञान कलश इंटर नेशनल स्कूल में दूसरा क्वार्टर फइनल मैच ज्ञानकलश क्रिकेट एकेडमी बनाम शाश्वत क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। शाश्वत क्रिकेट एकेडमी की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शाश्वत क्रिकेट एकेडमी की टीम 18 ओवर में 102 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। बल्लेबाजी में शाश्वत क्रिकेट एकेडमी की टीम की ओर से कृष्णा ने 18 और साकिब व यूनिस ने 14-14 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी में ज्ञानकलश क्रिकेट एकेडमी की ओर से अनस ने 4 और आयुष व शोएब ने 2-2 विकेट लिए।

# प्रेमी की हत्या करने का आरोप लगा थाने पर किया प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गांव अबाबाकरपुर में गोली लगने से हुई उसंड निवासी युवक की मौत में मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर प्रेमिका युवती पर बहाने से घर बुलाकर हत्या कराने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने युवती उसके पिता व परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने थाने में प्रदर्शन भी किया। बता दे कि रविवार की सुबह थाना मिर्जापुर इलाके के गांव अबाबाकरपुर नौगांवा निवासी लक्ष्मी चौहान के घर एक दलित युवक हेमंत का गोली लगा शव मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया था। पीएम के बाद परिजनों ने मृतक के शव का अपने गांव उसंड में अंतिम संस्कार कर दिया था। जिसके बाद सोमवार को मृतक का पिता राजेश ग्रामीणों के साथ थाना मिर्जापुर पहुंचा और मृतक बेटे की प्रेमिका पर उसके बेटे को बहाने से बुलाकर गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया। तहरीर में प्रेमिका, उसके पिता व परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर मृतक के पिता ने ग्रामीणों के साथ मिलकर थाना मिर्जापुर में प्रदर्शन भी किया।

# सपा, बसपा और धौरहरा में लोकजन संघर्ष पार्टी के प्रत्याशी ने भरा पर्चा



**लखीमपुर खीरी।** आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत सोमवार को नामांकन के चौथे दिन सोमवार को 28द्व खीरी संसदीय क्षेत्र से सपा से उत्कर्ष वर्मा ने चार सेट और बसपा से अंशय कालरा ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी के साथ भाजपा से अजय कुमार ने आज पुनः एक सेट सेट दाखिल किया। 29द्व धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए लोक जन संघर्ष पार्टी से सुदेश कुमार ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बसपा से श्याम किशोर अवस्थी ने पुनः रिटर्निंग अफसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

## 02 नफर वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस द्वारा 02 नफर वारन्टी इस्लाम पुत्र सादिक अली इरफान पुत्र सादिक अली नि0गण ग्राम मरखापुर थाना खीरी सम्बन्धित वाद सं0 क्रि0 अपील (डिवीजन बेंच) नं0 04(सी-372)(डी)/2024 को ग्राम मरखापुर से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

## चमारीखेड़ा टोल प्लाजा पर मारपीट करने वाले चार टोलकर्मियों को भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने टोल प्लाजा चमारीखेड़ा पर मारपीट करने वाले चार टोल कर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गौरतलब रहे कि बीते दिवस रिजवान पुत्र कुर्बान निवासी ग्राम वाजिदपुर थाना कोतवाली देहात ने थाना फतेहपुर पर ग्राम बट्टनवाला टोल पर कार्यरत 07 कर्मचारियों के विरूद्ध एक राय होकर गाली गलौच करते हुए मारपीट करने तथा गाडी में तोड फोड करने के सम्बन्ध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपीन ताडा ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिशा निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में थाना फतेहपुर पुलिस ने टोल प्लाजा चमारीखेड़ा पर हुये झगड़े से सम्बन्धित चार अभियुक्तों अनिरुद्ध पुत्र महेश निवासी मौहल्ला संत नगर कस्बा छुटमलपुर थाना फतेहपुर, शिवम पुत्र विनय निवासी बुढडा खेड़ा पुण्डीर थाना फतेहपुर, रजत पुत्र अमरीश निवासी भाभरी थाना गागलहेड़ी व अक्षय पुत्र दुर्गाप्रसाद निवासी मौहल्ला पंजाबी कालोनी कस्बा छुटमलपुर थाना फतेहपुर को टोल प्लाजा चमारीखेड़ा से छुटमलपुर की जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

# वलीमे की दावत से लौटते कार सवार बाप-बेटे समेत चार की दर्दनाक मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वलीमे से दावत खाकर लौट रहे कार सवार लोगो की कार अनियन्त्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टकराने के बाद बाप बेटे सहित चार लोगो की मौत हो गई। मृतको में आठ वर्षीय बालक आशु की भी मौत हो गई। जबकि गम्भीर हालत के चलते 16 वर्षीय किशोरी सहित दो लोगो को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलाल पुत्र अफजल निवासी अमानतगढ़ जनपद हरिद्वार की बहन आयशा की शादी 20 अप्रेल को थाना कोतवाली देहात के गांव महेश्वरी में हुई थी। सोमवार को बिलाल अपने रिश्तेदारों के साथ महेश्वरी से वलीमे की दावत खाकर वापिस कार से लौट रहे थे। जैसे ही वह थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत कलसिया रोड स्थित मांडुवाला के समीप पहुँचे तो उनकी कार अनियन्त्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टकराने के बाद कार सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद पहुँची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहाँ चिकित्सको ने आठ वर्षीय आशु पुत्र नईम निवासी गढ़मीरपुर थाना सिडकुल, बिलाल का बहनोई 35 वर्षीय आरिफ पुत्र जहूर हसन निवासी ताल्हापुर थाना बेहट,बिलाल के चाचा का लड़का 18 वर्षीय अरहान पुत्र जीशान निवासी अमानतगढ़ थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार एवं नईम पुत्र जमशेद निवासी गढ़मीरपुर थाना सिडकुल जनपद हरिद्वार को मृत घोषित कर दिया जबकि गम्भीर रूप से घायल बिलाल एवं 16 वर्षिय आलिया पुत्री आरिफ को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर लगाए 108 नीम के पेड़

## पेड़ मनुष्य को छाया, फल, फूल और जीवन दायक ऑक्सीजन प्रदान करते हैः सुरेन्द्र सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** दिव्य शक्ति अखाड़ा ट्रस्ट और वर्ल्ड ओर्गेनाईज़ेशन ऑफ रिलीजनस एंड नॉलेज संस्था के सहारनपुर चैप्टर द्वारा आज वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर 108 नीम के पेड़ के पौधों का पौधा रोपण किया गया।

मदर टेरेसा पैरामेडिकल कॉलेज के प्रांगण में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह राणा ने छात्रों को पेड़ों का महत्व को बताते हुए कहा कि पेड़ मनुष्य को छाया, फल, फूल, लकड़ी और जीवन दायक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन मे कम से कम पाँच पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। पर्यावरण की रक्षा के लिए भी इसकी परम आवश्यकता है। ग्लोबल वार्मिंग के इस युग मे घटते जंगल, पिघलते ग्लेशियर मानव के अस्तित्व के लिए खतरा बनते जा रहे है। विशिष्ट अतिथि दिव्य शक्ति अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर संत कमल किशोर ने नीम के पेड़ों के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्रों में नीम की गणना श्रेष्ठ औषधि वृक्षों में की जाती है, क्योंकि इसके अंदर हर प्रकार के बुखार को नष्ट करने, रक्त शुद्ध कर त्वचा के रोगों को समाप्त करने की शक्ति के साथ साथ वातावरण की कार्बन डाई ऑक्साइड को सोख कर ऑक्सीजन छोडने की शक्ति सम्मिलित है। नीम की दातुन करने से दांतों में कभी कीड़ा नहीं लगता और नेत्रों की रोशनी बढ़ जाती है। संत कमल किशोर ने वर्क संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को साधुवाद देते हुए कहा कि इस अभियान को संपूर्ण भारतवर्ष की सभी संस्थाओं को अपने लक्ष्य मे सम्मिलित कर अधिक से अधिक नीम के पौधों को लगाना चाहिए।

नदीम मलिक ने पर्यावरण सुरक्षा चक्र बनाने की बात कहते हुए उपस्थित सभी छात्रों से अनुरोध किया कि वे जिस पौधे को लगाएँ, बड़ा होने तक उसे गर्मियों में पानी से सींचें जिससे वह सूखने न पाए। पेड़ पौधे और जल ही जीवन है। इसकी रक्षा करना सभी का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर श्रीमती अनीता, अदील फारूक, विवेक जाधव, नौशाद सैयद,नावेद मलिक, जाकिर अहमद, श्रवण पाण्डेय, अयाज़ अहमद, मोहम्मद जावेद, राजू नागपाल, संतोष कुमार, दीपांकर सेठ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# आग लगने से सौ बीघा की फसल जलकर हुई राख

## ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** अज्ञात कारणों से दो परिवार के 12 किसानों की करीब 100 बीघे में खड़ी हुई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत से करीब 4 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। ग्राम प्रधान मनोज द्विवेदी ने हुई इस आगजनी से किसानों का करीब 15 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान होना बताया है। अतर्रा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओरहा के अंतर्गत तुर्रा हार में रविवार की दोपहर को अज्ञात कारणों से खेतों में खड़ी हुई गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते चंद घंटे में भीषण आग ने विकराल रूप ले लिया, आग का धुआं और लपटे देखकर अगल-बगल के किसान चीख पुकार मचाकर बुझाने के लिए दौड़ पड़े, लेकिन भीषण आग की लपटों ने दो परिवारों के रिश्ते में लगने वाले चाचा-भतीजे राजबहादुर पाठक, रामनरेश, रामप्रकाश दीक्षित, शिवकरण दीक्षित, रामरूप दीक्षित, अवधेश दीक्षित, रामसुंदर दीक्षित, आशु दीक्षित, गोपाल दीक्षित, रामहृदय दीक्षित, शिवशर्मा दीक्षित, हरिओम दीक्षित, रजनू दीक्षित, सहित आदि किसानों के खेतों में कटाई के लिए खड़ी हुई गेहूं की फसल राख हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों ने क्षेत्र के किसानों की मदद से करीब 4 घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्राम प्रधान मनोज द्विवेदी ने बताया किसानों का करीब 15 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। किसान अभी एक भी गेहूं का दाना घर नहीं ले जा सका। इस घटना के बाद पीड़ित किसानों के परिवार बेहद परेशान हैं।

# उत्तर प्रदेश दंगा, गुंडागर्दी से मुक्त हुआ है : धर्मपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को अमरोहा तथा मेरठ में लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में पार्टी के कार्यक्रमों, अभियानों, जनसम्पर्क, जनसभाओं तथा नुक्कड़ सभाओं के संचालन पर चर्चा की। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनता को आर्थिक व सामाजिक रूप से सबल भी किया गया है और देश के सांस्कृतिक गौरव की यात्रा भी शुरू हुई है।

उत्तर प्रदेश दंगा, गुंडागर्दी से मुक्त हुआ है। बहन, बेटियां, घर, खेत खलिहान सुरक्षित हुए है। देश व प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण से देश आनंदित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा देश के 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन को कमीशनखोरी की भेंट चढ़ाकर खुद हजम करना चाहते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में सभी को न्याय, सभी के लिए घर, जल, पढ़ाई, दवाई, सुरक्षा व सम्मान के साथ विकसित भारत की गारंटी दी है। यह मोदी जी की गारंटी लेकर हमें प्रत्येक बूथ तथा प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रत्येक शक्तिकेन्द्र पर पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन आयोजित किये जाए। सभी मतदाताओं तक परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी जी का पत्र लेकर हर घर की दहलीज तक पहुंचना है। बूथ की विजय के लिए बूथ की टीम पन्ना प्रमुखों सहित सभी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व की योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णय को प्रत्येक घर तक पहुंचाना है। प्रत्येक संगठनात्मक जिम्मेदारी को समर्पण, सहयोग व सामंजस्य के साथ निभाना है और मतदान पूर्ण होने तक बूथ पर डटे रहना है। उन्होंने कहा कि बूथ समिति की मजबूत संरचना विजय का आधार हैं। भाजपा का बूथ से लेकर केन्द्रीय स्तर तक का प्रत्येक पदाधिकारी पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी में है।

## विद्यालयों एवं पोलिंग बूथों का स्थलीय किया



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया दक्षिणी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में विद्यालयों एवं पोलिंग बूथों का स्थलीय/भौतिक निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया दक्षिणी भीम कुमार गौतम द्वारा सर्किल बरहज के थाना मईल क्षेत्रान्तर्गत आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत पोलिंग बूथों का स्थलीय व भौतिक सत्यापन किया गया एवं अर्द्धसैनिक बल, बाह्य जनपद से प्राप्त होने वाले पुलिस बल, होमगार्ड के ठहरने हेतु चिन्हित विद्यालयों में कमरों की संख्या, साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बरहज आदित्य कुमार गौतम व मईल प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज सहित विभिन्न अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक कुमार शुक्ल द्वारा थाना खुखुन्दू क्षेत्रान्तर्गत, क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी द्वारा थाना रामपुर कारखाना क्षेत्रान्तर्गत तथा थाना बघौचघाट पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले पोलिंग बूथों व वाह्य जनपद से प्राप्त बल के के ठहरने वाले स्थानों का निरीक्षण किया गया।

## आठ के खिलाफ दर्ज हुआ छेड़छाड़ मारपीट का केस

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के एक गांव में सगी बहनों को छेड़ने और दुष्कर्म की कोशिश में आठ के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का नामजद केस दर्ज किया गया है। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता का आरोप है कि वह घर के पीछे शौच के लिए गई थी, तभी कुछ युवकों ने छेड़छाड़ किया और दुष्कर्म की कोशिश किए। बचाने आई छोटी बहन से छेड़छाड़ की गई और पिता को पीट दिया गया। सीओ गीडा अनुराग सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही शुभम, राजन, शिवम , श्रीराम, हरिराम, धर्मेंद्र, सरजू तथा अरविंद के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## निर्वाचन के दौरान किसी व्यक्ति को डराना धमकाना या उसे रिश्वत देना अपराध

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा-171ख के अनुसार कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति को उसके निर्वाचक अधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्प्रेरित करने के उद्देश्य से नकद या वस्तु रूप में लेनदेन करने पर वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डित होगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त भारतीय दंड संहिता की धारा-171ग के अनुसार जो कोई व्यक्ति किसी अभ्यर्थी या निर्वाचक या किसी अन्य व्यक्ति को किसी प्रकार की चोट लगाने की धमकी देता है वह एक वर्ष तक के कारावास या जुर्माने या दोनों से दण्डनीय है तथा उड़न दस्ते रिश्वत देने वालों और लेने वालों के विरूद्ध मामले दर्ज करने और ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए गठित किये गये है जो निर्वाचकों को डराने और धमकाने में लिप्त है। इस सम्बन्ध में उन्होंने जनपद के समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि वह रिश्वत लेने से परहेज करें और यदि कोई व्यक्ति रिश्वत की पेशकश करता है या उसे रिश्वत और निर्वाचकों को डराने धमकाने की जानकारी है तो शिकायत प्रकोष्ठ के टोल फ्री नम्बर-1950 एवं कन्ट्रोल रूम नम्बर 05368-244188 पर सूचित कर सकते है।

## मजलिसे अज़ा सादिके आले मोहम्मद 24 अप्रैल को

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** हर साल की तरह इस साल भी इमाम जाफर सादिक अ.स. की शहादत के मौके पर 24 अप्रैल 8 बजे शब इमामबाड़ा पंजतनी कशमीरी मोहल्ला में मजलिसे अज़ा व ताबूत बरआमद होगा। तिलावत जनाब कारी यूनुस अब्बास, पेशख्वानी जनाब नय्यर मजीदी व जनाब मोजिज़ नक़वी करेंगे मजलिस को जनाब अब्बास इरशाद खिताब करेंगे। बादे मजलिस ताबूत बरामद होकर रौज़ए फातमैन जायेगा जहाँ अलविदाई मजलिस को मिर्ज़ा जाफर अब्बास खिताब करेंगे। तमाम हज़रात से शिरकत की गुज़ारिश है। यह खबर अंजुमन के सिक्रेटरी जुलफिकार हुसैन (शहजुल) ने दी।

# हमारे वातावरण को कई तरीकों से नुकसान पहुंचा रहा प्लास्टिक

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** नगर स्थित जीजीआईसी में सोमवार को बिंदेश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवती सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करती हुई मुख्य अतिथि डॉ फूल कली गुप्ता प्रधानाचार्य ने कहा कि प्लास्टिक की बैग में स्टोर किया हुआ खाना बहुत जल्द खराब होने लगता है प्लास्टिक के तत्वों का खाने में मिल जाने से अस्थमा मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियां का खतरा बढ़ जाता है।यहां तक की प्लास्टिक निर्माण के समय निकलने वाली जहरीली गैस पर्यावरण को प्रदूषित करती है। प्लास्टिक हमारे वातावरण को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। वायु प्रदूषण के साथ-साथ प्लास्टिक के कारण भूजल रिचार्ज भी नहीं हो पाता।रूबी सिंह ने कहा कि प्लास्टिक से कैंसर और पुरानी फेफड़ों की बीमारी वाले रोगियों के फेफड़े के नमूनों में प्लास्टिक के कण पाए जाते हैं। रीता तिवारी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 1 जुलाई 2022 को केंद्र सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरे देश में बैन करने का फैसला किया है।संस्था अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे ने कहा कि पृथ्वी दिवस मानवता के अस्तित्व के लिए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालता है पृथ्वी हमारा घर है हम अलग-अलग तरीकों से अपने अस्तित्व के लिए इस पर भरोसा करते हैं इसके संसाधन हमें भोजन देते हैं और हमारे जीवन जीने की सामग्री प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रेम प्रकाश मिश्र ने किया।

# हनुमत सेवा समिति द्वारा राम हनुमत संकल्प यात्रा शुरू

- लखनऊ के हुसैनगंज राम हनुमान मंदिर से हुई शुरू
- 51 मंदिरों की यात्रा करते हुए 23 अप्रैल को प्रयागराज में लेगी विराम



**लखनऊ।** प्रभु राम के अनन्य भक्त हनुमान महाराज के प्राकट्योत्सव के पावन अवसर की पूर्व संध्या पर सोमवार 22 अप्रैल को हनुमत सेवा समिति की ओर से राम हनुमत संकल्प यात्रा स्थानीय हुसैनगंज के राम हनुमान मंदिर से शुरू हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने जयकारे लगाए और हनुमान चालीसा का वितरण किया।

हनुमत सेवा समिति के अध्यक्ष और यात्रा के संयोजक विवेक पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि ÷राम हनुमत संकल्प यात्रा÷ स्थानीय हुसैनगंज स्थित प्रतिष्ठित राम हनुमान मंदिर से शुरू होकर 51 मंदिरों की यात्रा करते हुए हनुमान महाराज के जन्म उत्सव के दिन मंगलवार 23 अप्रैल को प्रयागराज स्थित प्रतिष्ठित लेटे हनुमान जी मंदिर परिसर में विराम लेगी।

इस यात्रा का उद्देश्य है कि लोग मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के प्रेरक आचरण को अपने जीवन में उतारे। अकसर लोग प्रभु राम को तो मानते हैं पर उनकी कही बातों का अनुसरण नहीं करते हैं। इस यात्रा के दौरान और मंदिरों में हनुमान चालीसा का वितरण करके भक्तों से संकल्प भी करवाया जा रहा है कि वह हर मंगलवार को नियमित रूप से हनुमान चालीसा का पाठ अवश्य करें।

# मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आज से चार दिवसों तक चलेगा प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो

- 7170 कर्मियों को 90 मास्टर ट्रेनर देंगे प्रशिक्षण

**कुशीनगर।** उदित नारायण इंटर कॉलेज के 18 कमरों तथा डिग्री कॉलेज पडरौना के 4 कमरों कुल 22 कमरों में प्रतिदिन 1793 मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण कल से शुरू होगा। प्रशिक्षण दो पालियों में चार दिवसों तक चलेगा। प्रथम पाली के अंतर्गत सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

चार दिवसों तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 7170 मतदान कर्मियों यथा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के अंतर्गत सभी मतदान कार्मिकों को ईवीएम, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वीवीपीएटी मशीनों से चुनाव तथा मॉकपोल संपन्न कराए जाने वाली संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण पीपीटी के माध्यम से 90 मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया जाएगा तथा निर्वाचन के अंतर्गत आने वाली एरर तथा अन्य समस्याओं के उपायों के बारे में भी प्रशिक्षित किया जाएगा। मास्टर ट्रेनरों की संख्या 102 है जिसमे 90 मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रतिदिन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और 12 ट्रेनर रिजर्व में लगाए गए है। प्रशिक्षण के अंतर्गत पीठासीन अधिकारी के द्वारा भरे जाने वाली सभी प्रपत्रों तथा पीठासीन डायरी के बारे तथा मिशन के सीलिंग के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के अंतर्गत उन्हें पूरी चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों एवं दायित्व के बारे में विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सुशाशन और राष्ट्रवाद ही भाजपा का उद्देश्य : आरपीएन




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देश में सुशासन स्थापित कर राष्ट्र को विकसित बनाना ही भाजपा का उद्देश्य है। उक्त बातें राज्यसभा सांसद आर पी एन सिंह ने देवरिया लोकसभा से प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कहीं।

सोमवार को पुरवा में होंडा एजेंसी के निकट भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का विधि विधान से पूजन अर्चन करने के बाद मुख्य अतिथि आर पी एन सिंह ने जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी, विजय लक्ष्मी गौतम, एम एल सी डा रतनपाल सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, जयप्रकाश निषाद, सुरेंद्र, चौरसिया, असीम राय, सुरेंद्र कुशवाहा, जय प्रकाश शाही, गिरीश चंद तिवारी तथा एस एन सिंह, के साथ कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया । इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने हर वर्ग और हर समाज का उत्तरोत्तर विकास किया है, गरीबों को उनका अधिकार, किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य और साथ ही महिलाओं को सम्मान देने का कार्य भाजपा की सरकार ने ही किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दल नहीं विचार है, आज पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का डंका बज रहा है । उन्होंने कहा कि मोदी जी का लक्ष्य विकसित भारत बनाना है हम उनके इस लक्ष्य में सिपाही के रूप में काम कर रहे हैं । भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी शशांक मणि ने कहा कि यह चुनाव कार्यकर्ताओं को लड़ना है कार्यकर्ता ही हमारे सिपाही है आपके मार्गदर्शन में जो संभव होगा वह किया जाएगा मेरी आपसे एक ही अपील है कि इस बार के चुनाव में बढ़ चढ़कर वोटरों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने का कार्य करना है। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि शशांक जी के पिताजी ने भारतीय जनता पार्टी को पहली बार देवरिया लोकसभा से कमल खिलाने का श्रेय दिया था आज हमारे बीच उनके ही पुत्र कमल खिलाने का काम करेंगे । हम सब की आज जिम्मेदारी है कि अपने दायित्व का निर्वाह पूरी ईमानदारी और तत्परता से करें एमएलसी रतनपाल सिंह ने कहा कि योगी जी और मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने देश राष्ट्रीय फलक पर एक नई पहचान दिया है। गरीब, दलित, शोषित, वंचित सबको उनका अधिकार भाजपा की राष्ट्रवादी सरकार ने दिया है और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य किया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रविंद्र प्रताप मल्ल, नगरपालिका अध्यक्षा अलका सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, अंतर्यामी सिंह, महेंद्र यादव, मारकंडे शाही, अशोक मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, कृष्ण नाथ राय, रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, अजय शाही, मारकंडे दुबे, संजय सिंह सैंथवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शुआ फ़ातिमा कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शुआ फ़ातिमा गर्ल्स इण्टर कॉलेज स्थित केशव नगर की छात्राओं ने इस बार भी सौ फ़ीसद कामयाब नताइज के साथ साथ 90 फ़ीसद से ज़ाइद नंबर हासिल किए और 60 फ़ीसद से ज़ाइद छात्राएं इम्तियाज़ी नंबरों के साथ जब कि 90 फ़ीसद फ़र्स्ट डिवीज़न पास हुईं। हाई स्कूल में अंशुलिका सिंह ने 92.16, अनामिका श्रीवास्तव ने 89.16, रिया सक्सेना ने 87.83 फ़ीसद नंबर हासिल कर के कॉलेज में टॉप किया है जब कि इण्टर मीडिएट में रिफ़ाह सय्यद ने 80 फ़ीसद, पूजा कुमारी ने 79 फ़ीसद और मिष्ठी यादव ने 78.8 फ़ीसद नंबर के साथ कामयाबी दर्ज कराई। इसके इलावा प्रिया बाजपेई, नंदिनी यादव और कोशिका बाजपेई ने भी इम्तियाज़ी नंबरों से कामयाबी हासिल की। तालिबात की कामयाबी पर कॉलेज के मैनेजर प्रोफेसर सय्यद काज़िम असग़र हुसैन ने कॉलेज प्रिंसिपल मीरा त्रिपाठी, टीचर्ज़ और कामयाब तालिबात को मुबारकबाद देते हुए उनकी हौसला-अफ़ज़ाई की। जब कि सोसाइटी के सेक्रेटरी आसिम रज़ा ने मुबारकबाद देते हुए कहा कि हमें अभी मज़ीद मेहनत करना है ताकि हमारे कॉलेज के छात्र टाप रैंकिंग में अपनी जगह बना सकें। आपको बता दें कि 1996 से कॉलेज तालीमी मैदान में बेहतरीन कारकर्दगी कर रहा है साथ ही मआशी तौर पर कमज़ोर तालिबात की मुफ़्त तालीम का इंतेज़ाम करता आया है। ये कॉलेज प्रोफेसर शारिब रूदौलवी और प्रोफ़ेसर शमीम निकहत ने अपनी बेटी शुआ फ़ातिमा की याद में क़ायम किया था।

# फिजा ने हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक पाकर कॉलेज का नाम रोशन किया

अवधनामा संवाददाता

- जीजीआईसी की छात्रा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री रियाज की बेटी है फ़िज़ा
- शिक्षकों एवं बड़े भाई तथीर को दिया कामयाबी का श्रय



**हरिद्वार।** शनिवार को यूपी बोर्ड द्वारा नतीजे जारी कर दिए गए जिसमें नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा ने 92.5 प्रतिशत सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। जिसके लिए उन्हें चारों ओर से बधाइयां मिल रही है।

नगर के मोहल्ला सादात निवासी जहूर अब्बास एवं आंगनवाड़ी संचालिका रियाज़ बानो की साहबज़ादी फिज़ा जैदी ने हाई स्कूल मे 92.5 प्रतिशत अंको के साथ कॉलेज टॉपर बनकर परिवार एवं कॉलेज का नाम रोशन किया है। उन्होंने अंग्रेजी एवं विज्ञान में 97-97, गणित में 95, चित्रकला में 91 जबकि हिंदी में 78 अंक प्राप्त किए हैं। फ़िज़ा जैदी अपनी कामयाबी का श्रेय मुख्य रूप से कॉलेज के शिक्षकों एवं बड़े भाई तथीर अब्बास सहित परिवार को दिया। इस दौरान जनपद के होनहार छात्रों में शुमार फ़िज़ा जैदी ने मुस्तक़बिल में डॉक्टर बनकर आवाम की खिदमत करने की बात कही। वहीं दूसरी ओर फ़िज़ा के कॉलेज टॉपर व जिले में रैंक मिलने पर उनके आवास पर लगातार बधाइयों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में झालू प्रेस क्लब एवं रिक्शा मजदूर यूनियन सहित कई संगठनों की ओर से भी फ़िज़ा जैदी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वहीं कुछ वर्षो से नगर के राजकीय बालिका इंटर छात्रों के आ रहे अच्छा परिणाम से कॉलेज की भी भरपूर प्रशंसा हो रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में माननीय कुलपति प्रोफेसर एन0 बी0 सिंह के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोज कांत जी, सामाजिक कार्यकर्ता, सहयोगी के रूप में सम्मिलित हुए।

इस कार्यक्रम के द्वारा मतदाताओं को जागरुक कर उनके मत के महत्व के बारे में विशेष जानकारी प्रदान की गई एवं निष्पक्ष मतदान की अपील की गई। इस कार्यक्रम की समन्वयक डॉ नलिनी मिश्रा रहीं तथा उनके सहयोग में विभिन्न इकाइयों के निम्न कार्यक्रम अधिकारी रहे - डॉ पूनम चौधरी, डॉ ज़ाफ़रून नकी, डॉ राम दास, डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ अभय कृष्णा इस कार्यक्रम में डॉ लक्ष्मण सिंह, डॉ राजकुमार सिंह, श्रीमती विभा सिंह, श्री सुमित जी, श्री आशुतोष जी, श्री आकाश नारायण जी तथा अन्य शिक्षक, विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों का भी विशेष सहयोग रहा।

# कांग्रेस खामोश क्यों है?

सैयद एम अली तक़वी





**लखनऊ।** कांग्रेस की खामोशी पर भी बोलने का वक्त आ गया है। जिस तरीके से चुनाव आयोग नें साफ-साफ कहा था कि धर्म के नाम पर बिल्कुल भी प्रचार नहीं होगा ना ही वोट मांगा जाएगा वरना उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन एक तरफ जहां कांग्रेस महंगाई, भ्रष्टाचार, इलेक्टोरल बांड, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर आक्रामक दिखाई दे रही है वह वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी खास कर के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेता लगातार धर्म के नाम पर लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम कर रहे हैं। कहीं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह पर झूठे इल्जाम लगाए जा रहे हैं कहीं बीफ की बात हो रही है कहीं मुसलमानों की बात हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई , भ्रष्टाचार, इलेक्ट्रॉलर बांड जैसे मुद्दों पर बिल्कुल खामोश हैं। इससे यह भी साबित होता है कि भाजपा को इन चीजों से कोई लेना-देना नहीं है उनको सिर्फ़ वोट चाहिए चाहे जो भी तरीका अपनाना पड़े। भाजपा तो जो कर रही है वह कर रही है लेकिन कांग्रेस आखिर क्यों खामोश है ? चुनाव आयोग में जाकर के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की शिकायत क्यों नहीं करती? चाहे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो या दूसरे नेता जो धर्म के नाम पर वोट मांगने की कोशिश कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं करती ? कांग्रेस पार्टी का अपना एक लीगल सेल है जिसमें देश के बड़े बड़े वकील शामिल है आखिर वह इस मुद्दे पर कदम क्यों नहीं उठा रहे हैं ? रिकॉर्डिंग उठा करके देखें तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण में हर जगह आपत्तिजनक चीज मिलेंगे जिसे चुनाव आयोग में मना किया था ऐसे मेरा कांग्रेस पार्टी इसको लेकर के आक्रामक रवैया अपनाए और चुनाव आयोग में शिकायत करें और अगर चुनाव आयोग ना सुने तो सुप्रीम कोर्ट में इसकी शिकायत की जाए तो मोदी का यह भाषण उन्हें चुनाव लड़ने के अयोग्य भी बनवा सकता है चुनाव प्रचार करने से भी रोक सकता है लेकिन न जाने कांग्रेस आखिर क्या सोच रही और क्यों इस मुद्दे पर खामोश है। अभी चुनाव के 6 फेस बाकी हैं कांग्रेस को चाहिए कि इस मुद्दे को लेकर गंभीरता के साथ और तुरंत कार्रवाई करे।

# बसपा के कद्दावर ब्राह्मण नेता करुणाकर पांडे भाजपा में शामिल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या। कई** बार जिला पंचायत सदस्य रहे पूर्व कार्यवाहक अयोध्या जिला पंचायत अध्यक्ष




करुणाकर पाण्डेय अयोध्या लखनऊ देवीपाटन वाराणसी सहित कई मण्डलो के कोआर्डिनेटर रहे करुणाकर पाण्डेय ने आज बहुजन समाज पार्टी को छोड़ कर आज प्रदेश मुख्य पार्टी कार्यालय में भाजपा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री प्रदेश के ज्वाइमिंग कमेटी के चेयरमैन बृजेश पाठक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर लिया समारोह में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा सहित पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।लोकसभा चुनाव मे दौरान करुणाकर पाण्डेय का पार्टी ज्वाइन करना बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योकि करुणाकर पाण्डेप बसपा 2005 से लेकर फैजाबाद अपोध्या( देवीपाटन मण्डल के मुख्य कोआर्डिनेटर रहे बस्ती गोरखपुर आजमगढ जौनपुर मिर्जापुर सोनभद्र वाराणसी बलिया मऊ गाजीपुर देवरिया लखनऊ कानपुर आगरा तक ब्राह्मण दलित सोशल इंजीनियरिग के प्रमुख सूत्रधारक में ये बसपा पूर्व के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व सासंद सतीश मिश्र के प्रमुख रणनीतिकारो में शामिल रहे। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के आवास पर भारी संख्या में अयोध्या के संतों महंतो का सम्मेलन भी कराया था।

2022 के विधानसमा चुनाव में जब बसपा प्रमुख मायावती ने ब्राहम्ण सम्मेलन करने का संकल्प लिया तो पहला कोरोना के ज़बरदस्त प्रकोप के बाद भी ऐतिहासिक पहला ब्राह्मण सम्मेलन अयोध्या में कराकर भी करुणाकर पाण्डेय पूरे प्रदेश मे चर्चे में आ गये थे। अपने मृदुल व्यवहार कर्मठता के कारण जनता में सदैव बने रहते है इनके भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से अयोध्या के साथ ही साथ कई मण्डलो में चुनावी लाभ होगा।

# रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इससे पहले बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में भी शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। वहीं सोमवार को सभी ने श्रीराम मंदिर में बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये। अयोध्या पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से भूटान के राजदूत मेजर जनरल



वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग, चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद के स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल उपस्थित रहे। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। दर्शन करने वाले प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन, चीन गणराज्य (ताइवान), ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका इत्यादि देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी के भोजन की व्यवस्था दिल्ली के समाजसेवी गोपाल गर्ग ने की। बता दें कि बीते वर्ष 23 अप्रैल 2023 को डॉ. जौली की पहल पर 156 देशों व 7 महाद्वीपों के नदियों व समुद्रों के जल से राम मंदिर में अभिषेक किया गया था।

इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राम लाल,विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश,उज्बेकिस्तान के व्यवसायी अशोक के. तिवारी (प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित), भूपेंद्र कंसल (महामंत्री हिमालय परिवार) विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## अनुपम को बसपा प्रत्याशी से मुक्त कराए जिला प्रशासन

**अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के परसवां गांव में मारपीट के बाद 16 अप्रैल को हुई राम प्रकाश पाण्डेय की मौत के मामले को भुनाने मे लगी बसपा का दांव अब उल्टा पड़ता दिखाई देने लगा है।गांव वालों ने बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

गांववालों का आरोप है कि बसपा प्रत्याशी मात्र ब्राह्मण वोटरों को भड़काने के लिए राम प्रकाश के पुत्र को अपने कब्जे मे किए हैं।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि मृतक रामप्रकाश का दाह संस्कार हो चुका है किन्तु पुत्र के न होने के कारण उनकी तेरही संस्कार नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अनुपम पाण्डेय को बसपा प्रत्याशी से मुक्त कराया जाय।साथ ही यह भी मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीआईडी से कराई जाय।

## दहेज में दो लाख न मिलने पर गर्भवती विवाहिता को जलाने का प्रयास

**जहांगीराबाद बाराबंकी।** दहेज में दो लाख रुपए व सोने की चेन न मिलने से नाराज ससुराल जनों ने गर्भवती को मारा पीटा और उसे पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम नई बस्ती निवासी मुन्ना की पुत्री हिना ने तहरीर देकर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि उसकी शादी 12 मई 2022 में कोतवाली अंतर्गत ग्राम ढकौली निवासी अजीज के पुत्र अफरोज के साथ हुई थी। हिना ने बताया कि शादी के बाद से दहेज में दो लाख रुपए व सोने की चेन न मिलने से नाराज ससुराल वाले उसे मारते व परेशान करते थे। 18 अप्रैल को पति अफरोज ने ससुराल वालों के साथ मिलकर उस पर बाइक से पेट्रोल निकाल कर उसके ऊबर डालकर उसे जलाने का प्रयास किया। किसी प्रकार उसने अपने भाई को सूचना दी। भाई पहुंचा तो उसकी जान बची। उसने कहा कि ससुराल वालों ने धमकी दी है कि अगर दहेज की मांग न पूरी न की गई तो जला कर मार डालेंगे। पीड़िता की तहरीर मिलने पर पुलिस ने पति अफरोज, अज़ीज, अली हसन, अकील, कलीम सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अदभुद अयोध्या कैंपेन चलाएगा जिला प्रशासन



**अयोध्या।** अदभुद, है यहां सब कुछ अदभुद हो रहा है तो मतदान प्रतिशत भी अदभुद होगा,फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अदभुद अयोध्या कैंपेन चलाएगा जिला प्रशासन, अच्छा काम करने वाले कर्मचारी होंगे सम्मानित, प्रत्येक विधानसभा में पांच बीएलओ, एक सुपरवाइजर नायाब तहसीलदार, तहसीलदार व एसडीएम होंगे सम्मानित, लापरवाही करने वाले कर्मचारी होंगे दंडित, स्कूली बच्चों से करवाई जाएगी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता प्रतियोगिता के साथ होगी अन्य प्रतियोगिता,जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार का बयान, स्वीप के अंतर्गत चलाया जाएगा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, अद्भुत अयोध्या के नाम से चलाया जाएगा स्वीप कार्यक्रम, जहां पर मतदान प्रतिशत कम था कैसे उसको सिस्टमैटिक रूप से बढ़ाएं, वहां पर क्या समस्या थी, क्या विसंगतियां आती हैं, क्यों लोग वोट नहीं डाल पाते हैं इन सभी समस्याओं का होगा निराकरण, बीएलओ करेंगे डोर टू डोर सर्वे, मतदाताओं के पास एपिक कार्ड है कि नहीं, नए मतदाताओं को एपिक कार्ड मिला है कि नहीं, उसका भी होगा सर्वे, मतदान करने के लिए 13 आईडी का विकल्प मौजूद, आईडी से संबंधित जानकारी मतदाताओं को बीएलओ देंगे, डोर टू डोर मतदाता पर्ची बाटेंगे बीएलओ, मतदाताओं को होगी जानकारी किस बूथ पर उनको डालना है वोट,क्या है क्रमांक संख्या, अयोध्या अद्भुत है, यहां सब कुछ अद्भुत हो रहा है, इसलिए वोटिंग परसेंटेज भी अद्भुत होना चाहिए, लोकतंत्र को जीवंत बनाने के लिए होगा डोर टू डोर सर्वे, प्रत्येक विधानसभा के पांच पांच बीएलओ एक-एक सुपरवाइजर, नायाब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम होंगे सम्मानित, लापरवाह कर्मचारियों होंगे दंडित।

## जनवादी लेखक संघ फैजाबाद के सदस्यों की हुई बैठक

**अयोध्या।** जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद के सदस्यों की एक बैठक का आयोजन स्थानीय आभा होटल के सभागार में किया गया। बैठक में हाल में आयोजित हुए कार्यक्रमों की समीक्षा एवं अन्य महत्वपूर्ण सांगठनिक विषयों पर चर्चा की गयी। सचिव डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि रिक्त चल रहे संगठन के अध्यक्ष के पद के लिए सर्वसम्मति से उर्दू के मशहूर आलोचक मो. जफर का नाम तय किया गया, वे अगले जिला सम्मेलन तक अंतरिम अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। बैठक में आयोजनों के सम्बन्ध में आर्थिक व्यय का लेखाजोखा भी प्रस्तुत किया गया और सदस्यों से यह अपेक्षा की गयी कि पारस्परिक सहयोग से आगे के आयोजन किये जायेंगे। बैठक में सदस्यता अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया, सचिव डॉ. विशाल ने बताया कि फैजाबाद की इकाई पूरे उत्तर प्रदेश में छब्बीस सदस्यों के साथ दूसरी सबसे बड़ी इकाई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत भी किया गया।

## विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

**बाराबंकी।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महदीपुर ब्लॉक पूरे डलई मजरे अलहन मऊ जनपद बाराबंकी में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तत्वाधान में पृथ्वी दिवस के अवसर पर संस्था एडवांस ग्लोबल शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान संगौरा सैदखान पोस्ट जरगांवा जनपद बाराबंकी द्वारा आयोजित पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए कला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने हिस्सा लिया । प्रति वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है एडवांस ग्लोबल शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान संगौरा सैदखान के प्रबंधक मो अब्बास ने विद्यालय के बच्चों को विश्व पृथ्वी दिवस की जानकारी विस्तार से दी और पृथ्वी को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे भी बताया ।

इसी क्रम में संस्था के अध्यक्ष अली जाफर ज़ैदी ने भी बच्चों को ज़मीन पर होने वाले प्लास्टिक के नुकसान से भी अवगत करवाया । प्रतियोगिता में बच्चों से वृक्षारोपण भी करवाया गया और पौधो से पृथ्वी को होने वाले लाभ से भी अवगत कराया गया एवम संस्था एडवांस ग्लोबल शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में विजयी हुए बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का संस्था के मैनेजर मो अब्बास ने धन्यवाद व्यक्त किया।

# भाकियू तहसील वार करेगी कार्यकर्ता सम्मेलन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जनपद में संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई अयोध्या द्वारा तहसील वार कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। और लोकसभा चुनाव में किसी पार्टी व प्रत्याशी का प्रचार नहीं करेगी।उक्त निर्णय शहीद उद्यान में आयोजित भारतीय किसान यूनियन की जनपदीय मासिक पंचायत में लिया गया और तय किया गया कि 5 मई 2024 को तहसील मिल्कीपुर स्थान- डोली असकरनपुर चौराहा, द। 11मई तहसील बीकापुर स्थान- आदर्श इंटर कॉलेज रामपुर भगन, 12 मई तहसील सदर स्थान- सुभाष इंटर कॉलेज राजापुर सरैया में कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि चीनी मीले 15 दिन से बंद है और गन्ना मूल्य करोड़ों रुपए बकाया है जिसे अभिलंब भुगतान कराया जाए, गर्मी की सीजन को देखते हुए सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली एवं पानी उपलब्ध कराया जाए। घनश्याम वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की बिजली माफी की घोषणा पूरी तरह बेईमानी है मात्र 1045 यूनिट तक ही बिजली फ्री करेंगे वह भी मीटर लगने तथा सभी बकाया भुगतान करने के बाद, दो फेस मोटर कनेक्शन को फ्री बिजली से अलग रखा गया है।मध्यांचल सचिव सूर्यनाथ वर्मा व जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय किसान यूनियन पूरी तरह से अराजनीतिक रहेगी कोई भी कार्यकर्ता/ पदाधिकारी किसी पार्टी व प्रत्याशी का प्रचार नहीं करेगा बल्कि गांव-गांव चौपाल लगाकर/ सदस्यता अभियान चला कर संगठन को मजबूत करेगा। मासिक पंचायत में देवी प्रसाद वर्मा, राजदेव यादव, गब्बर गोस्वामी, रंजीत कोरी, संतोष वर्मा, भागीरथी वर्मा, दशरथ सिंह, जितेंद्र कुमार ,उर्मिला निषाद, जगदीश यादव, बुधिराम मौर्य, आदि लोग उपस्थित रहे।

## विधानसभा स्तर पर होगा बूथ अध्यक्षों का होगा सम्मेलन, तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

**अयोध्या।** बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन को लेकर पार्टी ने स्थान व समय निश्चित कर दिया। लोकसभा क्षेत्र में 24 मंडल, 301 शक्ति केन्द्र, 2074 बूथ है। विधान सभा स्तर पर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें विधान सभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र के प्रभारी संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बीएलओ-2 सहित विधान सभा के अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे। मिल्कीपुर तथा बीकापुर विधान सभा की बैठक 27 अप्रैल, रूदौली की 28 अप्रैल तथा अयोध्या की बैठक 29 अप्रैल को आयोजित की गई है। तैयारियों को लेकर लोकसभा चुनाव कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई।

## अयोध्या में सपा को करारा झटका डॉ सरिता सिंह समर्थकों हुई भाजपा में शामिल




*अवधनामा संवाददाता*

**पूरा बाजार- अयोध्या।** गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बक्श सिंह व अभय सिंह की पत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ सरिता सिंह तथा उनके समर्थकों में जिला पंचायत सदस्य राजमणि यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू पूर्व ब्लाक प्रमुख पूरा धर्मराज व कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष संजय सिंह पूरा ब्लॉक के पूर्व जेस्ठ प्रमुख रमाकांत यादव को उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा में शामिल कराकर सपा को फैजाबाद व अंबेडकर नगर लोकसभा में करारा झटका दिया है। भगवान बक्श सिंह ने दूरभाष पर कहा कि सपा राम मंदिर व भगवान राम विरोधी पार्टी है हम सूर्यवंश क्षत्रिय हैं भगवान राम हमारे वंशज हैं इसलिए हम उसे दल में रहना नहीं चाहेंगे जिसमें हमारे पूर्वज भगवान राम का अपमान हो उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के कार्यों से प्रभावित होकर हम अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो रहे हैं ।

# राजकुमार रत्नाकर सिंह के निधन पर छाई शोक की लहर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सादगी, सरलता, की प्रतिमूर्ति, विनम्र व्यवहार के धनी लोकप्रिय रामनगर के राजा



रत्नाकर सिंह विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन से जनपद में ऐसी अपूर्णनीय क्षति हुयी है जिसकी भरपाई संभव नहीं है।

उनके आकस्मिक निधन पर हम कांग्रेस परिवार के साथ अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते है और परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि राजा रत्नाकर सिंह जो अब हमारे बीच नहीं है। उनके परिवार को यह महान दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें और मृतक की आत्मा को शान्ति प्रदान करें। राजा साहब के निधन से पूरा कांग्रेस परिवार दुःखी है।

ओबरी आवास पर रामनगर के राजा रत्नाकर सिंह की याद में आयोजित शोकसभा में मुख्य रूप में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, सुरेश यादव, केसी श्रीवास्तव, इरफान कुरैशी, संजीव मिश्रा, सिंकन्दर अब्बास रिजवी, वीरेन्द्र प्रताप यादव, सैय्यद सुहैल अहमद, राम हरख रावत, दिलशाद वारसी, फरहान किदवाई, अजय रावत, संतोष रावत, कमल भल्ला, अखलेश वर्मा, शबनम वारिस, सहित दर्जनों कांग्रेस जन रहे।

# डीएम ने पुलिस अधीक्षक के साथ मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ आज विधानसभा जैदपुर के प्राथमिक विद्यालय जहाँगीराबाद के मतदान केंद्र संख्या 70 व 71 का निरीक्षण किया। जिला मजिस्ट्रेट को बूथ संख्या 70 की बीएलओ अर्पिता भारती ने बताया कि उनके बूथ पर 636 पुरुष मतदाता और 610 महिला मतदाता सहित कुल 1246 वोटर मतदाता सूची में दर्ज है। इस बूथ पर जिला मजिस्ट्रेट ने मतदान केंद्र बनाने के लिए की जा रही तैयारियों के सम्बंध विस्तार से जानकारी प्राप्त की और कहा कि मतदान केंद्र चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों और मानक अनुसार ही तैयार किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिला मजिस्ट्रेट



सत्येन्द्र कुमार ने स्कूल की शिक्षिकाओं और बच्चों से पठन-पाठन सम्बंधी भी बातचीत की। उन्होंने बच्चों से पूछा कि पढ़ाई कैसी चल रही है और मध्यान्ह भोज स्तरीय है ? वो लोग खाते हैं ? आदि। बच्चों ने उनके सभी सवालों का सकारात्मक जवाब दिया। जिला मजिस्ट्रेट ने एक कक्ष में लगी बंद पड़ी घड़ी को उसको ठीक कराने एवं मतदान कक्ष के सामने निर्धारित फार्मेट में बूथ सम्बन्धी सूचना दर्ज कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

## रेलवे स्टेशन पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**बाराबंकी।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा गया। मृतक की पहचान नही की जा सकी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत जहांगीराबाद रेलवे स्टेशन पर सोमवार की सुबह एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा गया। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी कोशिश की पर मृतक की पहचान नही की जा सकी। घटना कब कैसे हुई इसका पता नही चल सका। उसके शव से भी कोई कागज या टिकट नही मिला, जिससे कोई जानकारी मिल सके।

## पोखरे में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थानाक्षेत्र के परतावल चौकी अंतर्गत नगर पंचायत परतावल के वार्ड नंबर 12 छातीराम पोखरे में सोमवार की सुबह अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शव पोखरे में पिछले दो दिनों से पड़ा था मृतक के नाक से खून भी निकला हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और शव को शिनाख्त करने में जुटी है।

इस सम्बंध में परतावल चौकी इंचार्ज अखिलेश सिंह ने बताया कि एक अज्ञात युवक का शव मिला है। शव का शिनाख्त अभी नही हो पाया है। शव को मोर्चरी भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# 75 प्रतिशत से कम अंक आया तो पुनः होगा प्रशिक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर सकुशल ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा के मार्गदर्शन में और मतदान कार्मिक प्रभारी संतोष कुमार राय के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन में नियुक्त कार्मिकों का प्रशिक्षण आईटीएम चेहरी में आरंभ हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी से प्रशिक्षण सत्र के विषय में विस्तृत जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने मतदानकार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकांश मतदान कार्मिक अनुभवी हैं और पूर्व में भी अनेक बार मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपादित किया होगा। लेकिन कई बार मतदान के दिन छोटी सी गलती पुनर्मतदान की स्थिति आ जाती है। इसलिए सभी लोग बारीक से बारीक निर्देशों को भी पढ़ व समझ लें और अगर कहीं कोई समस्या है तो वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी कर लें। उन्होंने कहा कि आप लोगों के ऊपर सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया का दारोमदार है। इसलिए कहीं कोई कमी न छोड़ें और ईवीएम के इस्तेमाल की पूरी प्रक्रिया और इसमें आ सकने वाली संभावित समस्याओं को जान लें, ताकि ऐसी समस्या उत्पन्न होने पर कोई भी अप्रिय स्थिति न पैदा न होने



पाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक पीठासीन अधिकारी पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ लें और मतदान प्रक्रिया को कंठस्थ कर लें। जिलाधिकारी ने कड़ा निर्देश देते हुए कहा की जो मतदानकर्मिक भी प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहेंगे, उनका वेतन बाधित कर अन्य निर्दिष्ट कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग अपने कार्मिकों की उपस्थिति को सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी कार्मिकों की लिखित परीक्षा होगी और जो लोग भी 75त्न से कम अंक प्राप्त करेंगे, उन्हे पुनः प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। नोडल अधिकारी कार्मिक व प्रशिक्षण/ मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी मतदान कार्मिक प्रशिक्षण संबंधी पीपीटी का अध्ययन अच्छी तरह कर लें। पीपीटी में मतदान संबंधी सम्पूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही मतदान प्रक्रिया के संबंध में निर्वाचन आयोग के सभी प्रमुख निर्देश संकलित हैं। इसके बाद भी कोई समस्या है तो मास्टर ट्रेनर से बात कर उनका समाधान कर लें। उन्होंने सभी कार्मिकों को ईवीएम पर अच्छी तरह अभ्यास करने का भी निर्देश दिया। दिनांक- 22 अप्रैल 2024 से निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण आईटीएम चेहरी में आरंभ हो रहा है। प्रशिक्षण दो सत्रों में आयोजित होगा। प्रथम सत्र पूर्वाह्न 10-00 बजे से 1-00 बजे तक और दूसरा सत्र अपराह्न 2-00 बजे से 5-00 तक चलेगा। प्रत्येक सत्र में 500 मतदान कार्मिकों को 80 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे शुरू हुआ, जो 01-00 बजे तक चला। दूसरा सत्र 02-00 बजे से शुरू हुआ, जो सायं 05-00 बजे तक चला। कुल 20 कक्षों में मास्टर ट्रेनर की दो टीमों द्वारा 25 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया।

# पृथ्वी दिवस पर डीएम एसपी ने किया पौधरोपण

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जहां डीएम एसपी ने पौधरोपण कर आमजनमानस से इस कार्य मे आगे आने की अपील की, वहीं जिले भर में पृथ्वी दिवस पर विविध आयोजन हुए। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा राजकीय इण्टर कालेज बाराबंकी में वृक्षारोपण किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकृति में संतुलन बनाए रखने तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु आम जनमानस को वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों में आज के दिन बच्चों के माध्यम से विविध आयोजन कर पृथ्वी संरक्षण के लिए उपायों को अपनाने पर जोर दिया गया।



# बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग से एक घर जलकर खाक



अवधनामा संवाददाता

**पौली।** धनघटा थाना क्षेत्र के महेश्वरपुर गांव में सोमवार को दिन मे लगभग एक बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमे एक घर पुरी तरह तो लोगों के पक्के घर को आगोश में लिया। इस घटना में घर में चार साईकिल, रसोई गैस, दुल्हा, अनाज, कपड़े, बिछावन, जेवर के साथ कुछ नगद रुपये भी नष्ट हो गए। इस घटना में हजारों की संपत्ति का नुकसान हुआ। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के महेश्वर पुर गांव में सोमवार को एक बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से छोटेलाल पुत्र टीढी के घर में आग लग गई। आग लगते ही छोटेलाल के परिवार के लोग चिल्लाने लगे। शोर सुन कर लोग उनके घर की ओर दौड़ने लगे। जब तक लोग पहुंचते और आग पर काबू पाने का प्रयास करते आग की लपट विकराल हो चुकी थी। इसमें छोटेलाल घर के साथ ही बगल का पक्का मकान अनिल मुकेश शंकर के पक्के घर को चपेट में ले लिया। जिससे घर में रखा कुछ सामान जल गये इस आग की घटना में घरो मे रखे अनाज कपड़े, जेवर के साथ घर में रखे कुछ नकद रुपये सहित घर का पूरा सामान जल कर राख हो गया। गाँव वाले के आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे। आग बुझाने गांव निवासी इद्रीश पुत्र बांस अली उम्र लगभग 45वर्ष विद्युत केबल के सम्पर्क में आने से झुलस गये। जिनका सीएचसी मलौली मे दवा चल रही है।

# बैराज से छोड़े जाने वाले पानी के समय पर सतर्क निगाह रखें

अवधनामा संवाददाता




- बाढ़ से प्रभावित होने वाले जनपद के लगभग 120 गांव की निगरानी के लिए डीएम ने की बैठक

**बस्ती।** बाढ़ से प्रभावित होने वाले जनपद के लगभग 120 गांव की निगरानी के लिए 60 अधिकारी तैनात करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट अंद्रा वामसी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने निर्देश दिया है कि बैराज से छोड़े जाने वाले पानी के समय पर सतर्क निगाह रखें, बाढ़ प्रभावित गांव की कम्युनिकेशन प्लान तैयार करें तथा अति संवेदनशील गांव पर विशेष सतर्कता बरते। उन्होंने सीडीओ को निर्देशित किया है कि निर्माणाधीन सात परियोजनाओं की एक सप्ताह में जांच कमेटी से जांच करा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। लगभग एक माह पूर्व जांच के आदेश दिए गए थे परंतु अभी तक जांच पूरी न किए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त किया तथा अधिशासी अभियंता बाढ़ को चेतावनी दिया है। उन्होंने कहा कि प्रायः बैराज से पानी छोड़े जाने पर निचले स्तर पर बाढ़ आती है परंतु इसमें भी दो से तीन दिन का समय लगता है। यदि पानी छोड़े जाने की समय से जानकारी हो जाए, तो इस दौरान हम अपनी तैयारी को बेहतर बना सकते हैं तथा जानमाल की सुरक्षा कर सकते हैं। उन्होंने अधिशासी अभियंता बाढ़ को निर्देशित किया कि उच्च स्तर पर समन्वय स्थापित करते हुए समय से सूचना उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि इमर्जेन्सी में बांधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक सामग्री समय से एकत्र कर ले। बांधों के किनारे बड़ा मैदान, जेसीबी आदि का इंतजाम भी रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि बेहतर विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए समय से सभी तैयारियां पूरी करें, समय से कंट्रोल रूम प्रारंभ करें तथा यहां पर प्राप्त होने वाली प्रत्येक सूचनाओं पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सभी सीएचसी/पीएचसी को सक्रिय रखें, मेडिकल कैंप लगाने की व्यवस्था रखें तथा प्रत्येक बाढ़ चौकी पर स्वास्थ्य कर्मी तैनात करें। इस दौरान सांप काटने पर लगने वाले इंजेक्शन तथा अन्य जीवन रक्षक दवाएं, क्लोरीन की गोलियां, ओआरएस घोल की समुचित व्यवस्था रखें। उन्होंने पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि समय से भूसा एवं चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा बाढ़ के समय में लगने वाले पशुओं के टीका की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। साथ ही अस्थायी गोशालाओं के लिए स्थल चिन्हित कर लें। उन्होंने आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप बाढ़ राहत सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को बाढ़ के समय विद्युत आपूर्ति रोकने तथा उसे चालू करने में सतर्कता बरतने का विशेष निर्देश दिया है।

## मिशन शक्ति के तहत पति पत्नी में कराया सुलह



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद थाना मालीपुर मे थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी द्वारा व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। पीड़ित दंपत्ति द्वारा अंबेडकरनगर पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## 91.16 फीसदी अंक हासिल कर इमरान ने किया नाम रौशन



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के जाफराबाद मोहल्ला निवासी गुलाम रज़ा के पुत्र मोहम्मद इमरान रज़ा ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 91.16 फीसद अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। मसऊद अख्तर इंटर कालेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे मोहम्मद इमरान रज़ा ने कहा कि इसका श्रेय कालेज के अध्यापकों व प्रबंधक व पिता को जा रहा है। मोहम्मद इमरान रज़ा ने प्राथमिक शिक्षा मकतब जाफरिया से हासिल किया है। पिता पेशे से प्राथमिक विद्यालय आसीपुर में सहायक के पद पर कार्यरत हैं। छात्र मोहम्मद इमरान रज़ा ने कहा कि इंटर की पढ़ाई और अच्छे ढ़ंग से कर ऊंचा मुकाम हासिल करेगा। छात्र के अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने पर जमीरूल हसन,अजादार हुसैन साजिद, मौलाना मीसम रज़ा, मोहम्मद सुहैल अख्तर, मोहम्मद फैजी रज़ा आदि ने खुशी जताई है।

# बेटी की हो रही थी शादी जल रहा था घर

अवधनामा संवाददाता

- दो जनपद में फंस गया अग्नि पीड़ित मदद में नही आए अधिकारी व जनप्रतिनिधि
- कुदरहा ब्लाक के इस्माइलपुर का मामला



**कुदरहा, बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र के छिबरा ग्राम पंचायत के राजस्व गांव इस्माइलपुर मे सोमवार की रात एक बजे अज्ञात कारण से रिहाई झोपड़ी में आग लगने से लड़की के विदाई का रखा सामान, चार मवेशी व नगदी समेत सारा सामान जलकर खाक हो गया। बलेश्वर प्रजापति उर्फ बिंदू पुत्र रामकरन रामजानकी मार्ग के किनारे स्वजनो के साथ रहते थे। इनका दूसरा मकान संतकबीर नगर की सीमा पर पौली ब्लाक के छपिया में है। जहां पर बडी बेटी सुनीता की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। लोग अतिथियों के स्वागत मे लगे थे। रात एक बजे फोन आया कि इस्माइलपुर वाले घर मे अज्ञात कारणो से आग लग गया और सारा सामान जल कर खाक हो गया। शादी कार्यक्रम छोड लोग घर पहुंचे तो आग विकराल रूप ले चुका था। आसपास के लोग व अग्निशमन गाड़ी के सहयोग से आज पर काबू पाया गया। बालेश्वर ने बताया कि बड़ी बिटिया की शादी में पूरा परिवार व्यस्त था। घर की रखवाली के रामपुर बारहकोनी के राम शंकर कर रहे थे। देर रात फोन पर बताएं कि घर में आग लग गई। शादी का कार्यक्रम छोड़ सभी लोग पहुंचे तो देखा कि घर का सारा सामान जल चुका था। बधी चार भैंस बुरी तरह से झुलस चुकी थी। लड़की के विदाई का सामान, आभुषण, एलइडी टीवी, मोटर वाला चारा मशीन, मिट्टी का बर्तन बनाने वाला इलेक्ट्रिक मशीन, राशन, सिलाई मशीन, गैस सिलेंडर, पम्पी सेट मशीन, बिदाई का साड़ी व तीस हजार नगदी जलकर नष्ट हो गया। पूरा परिवार दहाड़ मारकर रो रहा था। ग्रामीणो व दमकल की गाड़ी पहुंच कर आग को बुझाया। बालेश्वर ने बताया कि बड़ी बिटिया की शादी कार्यक्रम चल रहा था। लोहरैया बाजार के कुसुरूखुर्द से बारात आयी थी। स्वजन रो-रो कर किसी तरह बेटी की विदाई किए।

## समय से वाहन न उपलब्ध कराने पर होगी एफआईआर

**अंबेडकरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा आज निर्वाचन कार्यालय परिसर व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्वाचन कार्य हेतु वाहनों को अधिग्रहण करने के लिए सभी कार्यवाही पूरी कर ली जाए और सभी वाहन स्वामियों को वाहन अधिग्रहण संबंधित पत्र तामीला करा दिया जाए, यदि किसी वाहन स्वामी द्वारा दिए गए समय के अंतर्गत वाहन उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराया जाए। इसके अतिरिक्त वहां उपस्थित अधिकारियों से वाहन अधिग्रहण के संबंध में जानकारी ली गई। संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक की तैयारियो के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जनपद अंबेडकर नगर में 25 मई को मतदान निष्पक्ष/ पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराया जा सके।

# यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में उतीर्ण छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**पौली।** शिक्षा क्षेत्र पौली स्थित संत रामानंद पारस देखि कन्या इंटर कॉलेज आदर्श इंटर कॉलेज बेलघाट रीठा परिसर में सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक से पास होने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के राममिलन यादव ने कहा कि यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट अच्छा रहा है। हमारे विद्यालय की तान्या ने 92.33 प्रतिशत अंक पाकर जिला में स्थान लाया है। अच्छा अंक प्राप्त कर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया। अच्छे अंक से पास होने वाले इंटर मीडिएट में स्कूल के टॉपकी सूची में प्रथम स्थान पर रबीन्द्रकुमार व अच्छे अंक पाने वाले, सहित नव छात्र व हाईस्कूल में अच्छे अंक पाने वालों में प्रथम स्थान पर तान्या, दिवेश मौर्या, रोशनी यादव, अंबिका, समीक्षा यादव, सहित कुल 5 और इंटरमीडिएट में अमन कनौजिया अंजलि राजपाल दिव्यांशु जयसवाल सनोज विवेक कुमार सहित 5 बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर मेडल व पेन देकर मुहमीठा कराकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य बिजय प्रकाश यादव, रीता यादव, रामवृक्ष यादव, विजया तिवारी, रिंकी, हरिश्चंद्र मौर्या, सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## महफ़िल जशने शरीकतुल हुसैन में नैय्यर जलालपुरी ने बांधा समा



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कह रही है ये नमाज़ो के महल की ज़ीनत -तेरे सजदों की है सब नक्श निगारी सज्जाद,यश भारती पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर डॉ अब्बास रज़ा नय्यर ने यह शेर पढ़ा तो मजमा में हुसैन जिंदा बाद के स्वर गूंज उठे। मौका था जश्न शरीकतुल हुसैन बनाम सय्यद -ए-सज्जाद के अवसर पर आयोजित तरही महफ़िल का। ग्राम पंचायत नगपुर स्थित छोटी दरगाह में अंजुमन सज्जादिया की ओर से आयोजित तरही महफ़िल की अध्यक्षता मीर नज़ीर बाकरी व संचालन जाहिद कानपूरी ने किया। कार्यक्रम के संयोजक मौलाना जफरूल हसन ने कहा कि कर्बला के वाकये के बाद हज़रत इमाम जैनुल आबेदीन अलैहिस्सलाम ने इंसानियत की शमा को जलाए रखा। महफ़िल में मीसम गोपालपूरी, शम्स तबरेज, सागर बनारसी,अली शब्बर नौगानवी, जाहिद जलालपुरी, सलीम बलरामपूरी, बेताब हल्लोरी, फाजिल जौनपुरी, आसिफ़ जलाल, सुल्तान सरवर आदि शायरों ने कसीदा पढ़कर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में अंजुमन के मासूम अली,अकील अब्बास, ताहिर हुसैन, मोहम्मद शारिब, नय्यर बहिशती आदि का सहयोग रहा।

# भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करें

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के क्रम में अनुपस्थित मतदाताओं को उनके निवास पर डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग ऑफीसर 107-मैनपुरी, 108-भोगांव, 109-किशनी (अ.जा.), 110-करहल के नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में तथा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुये डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित विधान सभावार मतदान अधिकारी, सहायक मतदान अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, चतुर्थ श्रेणी कर्मी को तैनात किया गया है।

उन्होने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित विधानसभा 107- मैनपुरी क्षेत्र हेतु पोलिंग पार्टी संख्या 01 में मतदान अधिकारी के रूप में शौर्य बर्धन राठौर नायब तहसीलदार जिनका मो.न. 9760591878, सहायक मतदान अधिकारी के रूप में बसन्त दुबे राजस्व निरीक्षक जिनका मो.न. 9412575040, राजीव दुबे लेखपाल जिनका मो.न. 6397970836, माइक्रो ऑर्ब्जवर के रूप मे प्रभात कुमार सिंह क्लर्क भारतीय स्टेट बैंक शाखा मंडी जिनका मो.न. 9447160029, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आशाराम संग्रह सेवक जिनका मो.न. 9410414220 है, पोलिंग पार्टी संख्या-02 में मतदान अधिकारी के रूप में हेरेन्श कर्दम नायब तहसीलदार सदर जिनका मो.न. 9105408628, सहायक मतदान अधिकारी के रूप में राम बहादुर राजस्व निरीक्षक जिनका मो.न. 9927475760, प्रदीप कुमार लेखपाल जिनका मो.न. 9897368194, माइक्रो ऑज्बर्वर के रूप में उमा शंकर कैशियर बैंक ऑफ बड़ौदा जिनका मो.न. 9024315714, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनिल कुमार संग्रह सेवक जिनका मो.न. 9410097627 है, को तैनात किया गया है। श्री सिंह ने बताया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 108-भोगांव हेतु पोलिंग पार्टी संख्या-01 में मतदान अधिकारी के रूप में अखिल गोयल नायब तहसीलदार कुरावली जिनका मो.न. 7827627535, सहायक मतदान अधिकारी के रूप में अतर सिंह राजस्व निरीक्षक जिनका मो.न. 9719162889, अंकित कुमार लेखपाल जिनका मो.न. 9456415104, माइक्रो आर्ब्जवर के रूप में फिरोज कुमार क्लर्क बैंक ऑफ बड़ौदा जिनका मो.न. 9818856543, चतुर्थ श्रीणी कर्मचारी रोहित नन्दन चैनमैन जिनका मो.न. 8475974301, पोलिंग पार्टी संख्या-02 में मतदान अधिकारी के रूप में बृजेश कुमार नायब तहसीलदार भोगांव जिनका मो.न. 7905331506, सहायक मतदान अधिकारी के रूप में सुरेश चन्द्र राजस्व निरीक्षक जिनका मो.न. 7906259855, अमित कुमार लेखपाल जिनका मो.न. 9456415104, माइक्रो ऑब्जर्वर के रूप में रवीन्द्र सिंह क्लर्क भारतीय स्टेट बैंक आगरा रोड जिनका मो.न. 9719543131, चतुर्थ श्रेणी के रूप में दिव्यॉशु संग्रह सेवक जिनका मो.न. 8979264942 की तैनाती की गयी है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 109-किशनी (अ.जा.) हेतु पोलिंग पार्टी संख्या-01 में मतदान अधिकारी के रूप में संदीप कुमार नायब तहसीलदार भोगांव जिनका मो.न. 8355037521, सहायक मतदान अधिकारी के रूप में अरविन्द कुमार राजस्व निरीक्षक जिनका मो.न. 9719744120, सुरजीत सिंह लेखपाल जिनका मो.न. 9719528451, माइक्रो आब्जर्वर के रूप में शुभम कुमार लिपिक भारतीय स्टेट बैंक करहल जिनका मो.न. 6201747870, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मिलाप सिंह संग्रह सेवक जिनक मो.न. 8126769225, पोलिंग पार्टी संख्या-02 में मतदान अधिकारी के रूप में पुष्पेन्द्र सिंह नायब तहसीलदार किशनी जिनका मो.न. 7900635951, सहायक मतदान अधिकारी के रूप में बृजेश कुमार राजस्व निरीक्षक जिनका मो.न. 8077482070, सत्येन्द्र सिंह लेखपाल जिनका मो.न. 7017877980, माइक्रो आब्जर्वर के रूप में दीपक कुमार सहायक प्रबन्धक बैंक ऑफ इण्डिया मैनपुरी जिनका मो.न. 6201381171, चतुर्थ श्रेणी कर्मी के रूप में सतीश चन्द्र संगह सेवक जिनका मो.न. 7351305545, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 110-करहल हेतु पोलिंग पार्टी संख्या-01 में मतदान अधिकारी के रूप में संतोष कुमार राजौरिया नायब तहसीलदार करहल जिनका मो.न. 8909302425, सहायक मतदान अधिकारी के रूप में शैलेश कुमार राजस्व निरीक्षक जिनका मो.न. 9759116469, ललित लेखपाल जिनका मो.न. 8218126556, माइक्रो आब्जर्वर के रूप में रिंकू चाक अधिकारी पंजाब नेशनल बैंक स्टेशन रोड जिनका मो.न. 6204912511, चतुर्थ श्रेणी कर्मी सत्येन्द्र संग्रह सेवक जिनका मो.न. 9536566179 एवं पोलिंग पार्टी संख्या-02 में मतदान अधिकारी रोहित यादव नायब तहसीलदार घिरोर जिनका मो.न. 892341632, सहायक मतदान अधिकारी के रूप में शीलेन्द्र सिंह राजस्व निरीक्षक जिनका मो. 9756910553, ललित किशोर लेखपाल जिनका मो.न. 8534872655, माइक्रो आब्जर्वर के रूप में दिनेश चन्द सहायक, यूनाइटेड इण्डिया इन्श्योरेंस क.लि. राधा रमन रोड जिनका मो.न. 6395266765 एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मी कैलाश चन्द्र संग्रह सेवक करहल जिनका मो.न. 7669903976 है, को तैनात किया गया है।

# पीडी की मौजूदगी में मास्टर ट्रेनरों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** अंबेडकर सभागार में पी डी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी की उपस्थिति में सोमवार को मास्टर ट्रेनरों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 120 मास्टर ट्रेनरो को ट्रेनिंग के दौरान ई वी एम मशीन से प्रशिक्षित किया गया। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए मतदान के समय आने वाली समस्याओं की बारीकियों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके मास्टर ट्रेनरों का ई वी एम एवं वीवी पैट कंट्रोल यूनिट आदि के माध्यम से उनकी परीक्षा ली गई की वह स्पेशल टैग लगाना, मशीनों को जोड़ना, एजेंट का हस्ताक्षर कहाँ होगा, मशीनों के खराब होने पर क्या क्या बदला जायेगा आदि के बारे मे उनसे जानकारी ली गयी। मास्टर ट्रेनर कुशलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर लिए हैं और मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षित हो चुके हैं। पी डी ने कहा कि आप लोग अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर ले जिससे आपके द्वारा जिन मतदान कार्मिको को प्रशिक्षण दिया जाए उन्हें भी किसी प्रकार की समस्या ना हो और लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर सीडीपीओ मो0 अरशद व मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहे।

# अग्निपीड़ितों की मदद को आगे आए प्रधान

अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** बांसी कोतवाली क्षेत्र के रमवापुर दूबे गांव में 18 अप्रैल को डंठलों द्वारा लगी भीषण आग से प्रभावित पीडितों की मदद को ग्राम प्रधान आगे आए। आग की विभीषिका में गाँव के छोटे बड़े कुल 40 आशियाने पूरी तरह जलकर खाक हो गए थे। प्रधान की मंशानुरुप मदद को आगे आए प्रधान प्रतिनिधि शाहिद इकबाल द्वारा अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोमवार को आवश्यक वस्तुओं से संबंधित पैकेट पीडितों को मुहैय्या कराया गया। हालांकि प्रधान प्रतिनिधि अभी स्वयं पूरी तरह स्वस्थ नहीं हुए हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते महीने भर से अधिक समय तक वह खुद हास्पिटल में ऐडमिट रहे। बावजूद इसके एक- एक सामान के लिए परेशानियों से जूझ लोगों की परेशानी उनसे देखी नहीं गई। हालांकि कि चुनावी समय के चलते विभिन्न पार्टी के प्रत्याशियों का दौरा गाँव में जारी है लोग अपनी-अपनी सामर्थ्य व सोच के अनुरूप लोगों की आवश्यक वस्तुओं के अलावा आश्वासन से पीडितों को ढाढस बंधा रहे हैं। जिन दो घरों में शादी का कार्यक्रम था वहाँ एक प्रत्याशी द्वारा विशेष मदद पहुंचाई गई। अगलगी की घटना में जनधन की क्षति हुई। आग से झुलसी एक महिला की मृत्यु के अलावा सात अन्य लोग भी झुलस गए थे। जिन घरों में



शादी की तैयारी चल रही थी वहां गृहस्थी के समस्त सामानों के अलावा शादी के लिए जुटाए गए सभी सामान भी जलकर खाक हो गया था।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह समापन समारोह

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन शाखा द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन दिनांक 20.4.2024 को किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी टाण्डा, अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महा प्रबंधक (परियोजना) अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक (ऑपरेशन) अभय कुमार मिश्रा, के औसुब सहायक कमांडेड संजीव कुमार सिंह एवं केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निरीक्षक/ अग्नि रोशियो बाबू निरीक्षक/ कार्य राजीव कुमार एवं उप निरीक्षक /अग्नि संतोष कुमार व एनटीपीसी परियोजना के अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

उक्त कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक कमांडेंट संजीव कुमार सिंह ने अग्नि सुरक्षा जागरूकता के संबंध में सप्ताह के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रम की विधिवत रूप से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन के बल सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रकार से लगने वाली आगो को किस प्रकार से बुझाया जाए एवं किस प्रकार से बचाव किया जाए उसके बारे अग्निशमन प्रदर्शन प्रस्तुत किया । मुख्य आतिथि श्री चट्टोपाध्याय ने अपने संबोधन में बताया कि अग्नि सुरक्षा जन जागरूकता के द्वारा हम आग से होने वाली दुर्घटनाओं से निजात पा सकते हैं।केऔसुब अग्निशमनशाखा के द्वारा आग अग्नि सुरक्षा से संबंधित किये जा रहे प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा किया। इस अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन निरीक्षक /कार्य राजीव कुमार केऔसुबल टांडा द्वारा दिया गया। उन्होंने अपने संबोधन में अग्निशमन शाखा के बल सदस्यों द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित किये जा रहे अथक प्रयासों की सराहना किया एवं उपस्थित प्रबंधन वर्ग को संयंत्र की सुरक्षा एवं संरक्षण के बारे में आश्वस्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्री चट्टोपाध्याय द्वारा अग्नि शमन सेवा सप्ताह समापन की औपचारिक रूप से घोषणा की गई एवं अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रकार की आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राओं एवं महिलाओं को पुरस्कार वितरित किया गया गया।

# सोखा ओझा के चक्कर में इलाज में हुई देरी, इलाज से पहले महिला मरी

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** रविवार को एक महिला इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी लाई गई जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को शाम लगभग 4 बजे पड़ोसी देश नेपाल के कड़ीहार ग्राम की निवासिनी विमला तेली पत्नी रामधनी उम्र 50 वर्ष को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर ने चेक करने के दौरान उसे मृत पाया गया।इस संबंध मृत महिला के साथ आए उसके पति रामधनी ने बताया कि उसकी तबियत कई दिन से खराब थी। इसके पहले उसका इलाज नेपाल के कृष्णानगर स्थित एक अस्पताल पर कराया था,जहां से वह ठीक होकर घर चली गई लेकिन रविवार को उसकी तबियत फिर खराब हो गई, कुछ लोगों ने बताया भूत प्रेत है, तो उसको सोखा ओझा को दिखाने झिंगहा गांव लेकर गए जहां दिखाने के बाद भी वह ठीक नही हुई। तबियत ज्यादा खराब होने पर हम लोग इसे लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाए थे,लेकिन यहां आते आते देर हो गया और वह मृत हो गई। परिजन शव को लेकर शाम को नेपाल ले गए। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर प्रदीप कुमार वर्मा का कहना है कि इलाज के लिए महिला को लोग यहां लेकर आए थे, लेकिन जब जांच किया गया तो वह मृत अवस्था में थी। जानकारी मृत महिला के परिजनों को जानकारी दी गई और वे शव लेकर यहां से शाम को चले गए।

## ठन्डी हवा का झोका

मरियम नवाज मुख्यमंत्री पंजाब ने करतार साहिब पर सिख समुदाय को सामने जो कहा वह भारत-पाक के सम्बन्धों को लेकर एक ठन्डी हवा के झोका के मानिन्द है। क्योंकि भारत-पाक सम्बन्धों की हकीकत सभी जानते है। मरियम ने 3000 सिख धर्मयात्रियों के सामने भाषा और संस्कृति के साझा सम्बन्धों पर जोर देकर जो कुछ कहा वह स्वागत योग्य है। बेहतर होगा सारी कटुता को भूल नये शान्ति माहौल की रचना करने के लिये बैंक डोर डिप्लेमेसी शुरू कि जाये। पाकिस्तान में सेना की सुपरमेसी किसी से छिपी नहीं है। शारीफ को भारत से सम्बन्ध सुधारने के प्रयास को लेकर सेना ने उन्हें गद्दी से उतार दिया था। सेना भारत से तनाव बनाये रखने में अपना फायदा देखती है, देश का नहीं। विदेशों से सुधार के नाम पर जो कर्ज मिलता है सेना उसका मेजर भाग हड़प कर ऐशो आराम करती है। आम जनता भूखों मरती है। सेना का वर्चस्व अभी भी वहां वैसे ही बना हुआ है। मरियम ने जो कहा बिना सेना की स्वीकृत के नहीं कही होगी।

इस समय पाकिस्तान तमाम दुशवारियों से गुजर रहा है। आम जनता भूखों मर रही है। वहां भीख मांगने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। आर्थिक स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि आईएमएफ से लेकर तमाम अरब देशो मुस्लिम बाहुल्य देशो से कर्ज की भीख व मदद मागी जा रही है। पाकिस्तान कर्ज की शर्तो को जो आइएमएफ ने लगाया था पूरा करने में पाक हमेशा फेल होता रहा है। इसलिये आईएमएफ उदासीन है। हालाकि पाकिस्तान गिड़गिड़ा रहा है। पाक की ओर से भारत-पाक व्यापार सम्बन्धों को बहाल करने पर जोर दिया जा रहा है। बिना सेना की सहमति के ऐसा कदम नहीं उठाया जा सकता। पाक आर्थिक राजनैतिक, सामाजिक दुशवारियों से गुजर रहा है। एक टुकड़े में तो बट ही चुका है दो टुकड़ों में बटने की ओर वहां के हालात जोर डाल रहे है। उसके अफगान सीमा पर विद्रोह हो रहे है। आतंकी पाक के अन्दर घुसकर हत्यायें कर रहे हैं। सरकार, कोर्ट में आपसी खीचा तानी है। सेना सब पर अपना प्रभुत्व बनाये रखना चाहती है। अपने मनका सरकार बनवयी है।

इमरान जब तक सेना के साथ थे उनकी चलती रही है। सेना ने ही उन्हें गद्दी पर बैठाया था। जरासी स्वतन्त्रतता दिखाई अपदस्थ कर दिये गये, जेल की अन्दर कर दिये गये। ऐसा कर दिया गया है कि वह चुनाव नहीं लड़ सकते। इनसब की मजबूरी की वजह से सेना सकारात्मक स्वीकृति पाक सरकार को देकर भारत से सम्बन्ध सुधारने की बात कहवा रही है। मरियम ने हिन्दू, मुस्लिम, सिख त्याहारों को मिलजुल कर मनाने का वास्ता भी दे रही है। पाकिस्तान के कश्मीर में व्यर्थ नाक घुसेड़ने से बाज आना पडेगा। पीओके के लोगों का भारत के पक्ष में रूख बढ़ता जा रहा है। पाक इससे भी चिन्तित है। बहरहाल इस समय सब भूलकर भारत और पाक के सम्बन्धों को मजबूत करने के लिये दोनो के तरफ से प्रयास शुरू हो जाना चाहिये। भारत आम चुनाव के बाद दृढ़ता से आगे बढ़ेगा। क्योंकि वह तो कब से सम्बन्धों को सुधारने चाहता है। पाक को भी कश्मीर रट छोड़ देनी चाहिये। जगह जगह भारत के खिलाफ दुष्प्रचार बन्द कर देना चाहिये। पाक और भारत को पहले नीचे के फ्लों को तोड़ना शुरू कर देना चाहिये। इसी से आगे की राहे खुलेगी और सम्बन्ध सुधारेगे शान्ती बहाल होगी।

## भेदभाव व सुविधाओं की कमी से प्रभावित बालिका शिक्षा


यशोदा गुर्जर

हाल ही में राजस्थान के शिक्षा मंत्री ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्कूलों के विकास से संबंधित कई अहम निर्देश दिया है। उन्होंने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में लागू होने वाले नवाचारों और नई तकनीकों पर आधारित गतिविधियों से राज्य के ग्रामीण विद्यालयों को जोड़ने में प्राथमिकता पर ज़ोर दिया है ताकि नई तकनीक पर आधारित कार्यक्रमों से गांव के विद्यार्थी भी लाभांवित हो सकें। दरअसल आज भी राजस्थान के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां शिक्षा का प्रतिशत अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम है। हालांकि राज्य सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता की औसत दर 61.4 प्रतिशत दर्शाया गया है। जिसमें सबसे अधिक गंगानगर के ग्रामीण क्षेत्रों में 66.2 प्रतिशत और सबसे कम प्रतापगढ़ में 53.2 प्रतिशत बताया गया है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रतिशत कम है उसके पीछे कई कारण बताये जाते हैं जिसमें सबसे प्रमुख गांव से स्कूल की दूरी है जिससे सबसे अधिक किशोरियों की शिक्षा प्रभावित होती है। राज्य के अजमेर जिला स्थित धुवालिया नाडा गांव इसका एक उदाहरण है। जिला के रसूलपुरा पंचायत स्थित इस गांव में अनुसूचित जनजाति भील और रैगर समुदाय की बहुलता है। सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े इस गांव में आने जाने के लिए ग्रामीणों को न तो परिवहन की कोई विशेष सुविधा उपलब्ध है, न ही सार्वजनिक शौचालय और न ही सामुदायिक भवन की सुविधा है। इतना ही नहीं, गांव में कोई राजकीय विद्यालय भी नहीं है। इसके लिए बच्चों को प्रतिदिन 2 किमी दूर रसूलपुरा में स्थापित सरकारी स्कूल आना और जाना पड़ता है। परिवहन की सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों को यह दूरी प्रतिदिन पैदल ही तय करनी पड़ती है। इसका सबसे अधिक नुकसान छोटे बच्चों के साथ साथ किशोरियों को होता है। जो अक्सर माहवारी के दिनों में पैदल स्कूल जाने और आने की बजाय घर में रहने को मजबूर हो जाती हैं। वहीं कई अभिभावक सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी लड़कियों को इतनी दूर स्कूल भेजने की जगह उनकी पढ़ाई छुड़वाने को तरजीह देते हैं। इस संबंध में कक्षा 9वीं की छात्रा जाह्नवी बताती है कि गांव के बच्चे और किशोरियां प्रतिदिन पैदल स्कूल जाते हैं लेकिन वहां सुविधाएं नाममात्र की हैं। क्लास रूम तो बने हुए हैं लेकिन विद्यार्थियों के लिए न तो शौचालय की सुविधा उपलब्ध है और न ही पीने के साफ़ पानी की व्यवस्था है। जो पानी उपलब्ध है वह इतना खारा है कि बच्चे उसे पीना नहीं चाहते हैं, इसके बावजूद स्कूल की ओर से उसी पानी में मिल्क पाउडर मिला कर बच्चों को पीने के लिए दिया जाता है, जिससे कई बार बच्चों की तबीयत बिगड़ जाती है। उसी कक्षा की सोनू बताती है कि पहले स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं थी। पिछले वर्ष स्कूल में शौचालय का निर्माण कराया गया, लेकिन स्कूल प्रशासन की ओर से यह कह कर उसमें ताला लगा दिया गया कि बच्चे इसे गंदा कर देते हैं। ऐसे में छात्राएं माहवारी के समय स्कूल आने की जगह घर पर रुकना ही उचित समझती हैं क्योंकि जब शौचालय की व्यवस्था ही नहीं है तो वह ज़रूरत के समय पैड कहां चेंज करेगी? कई बार छात्राओं ने इस समस्या से स्कूल की शिक्षिकाओं को अवगत भी कराया, लेकिन उनकी ओर से भी कोई पहल नहीं की गई। सोनू बताती है कि गांव से कम से कम 20 छात्राएं नियमित रूप से स्कूल जाती हैं। लेकिन माहवारी के समय उन्हें सुविधाओं की कमी के कारण घर पर ही रुकना पड़ता है। जिससे उनका क्लास छूट जाता है और वह सिलेबस में पीछे रह जाती हैं। हालांकि धुवालिया नाडा से करीब डेढ़ किमी दूर मदार गांव में भी राजकीय उच्च विद्यालय है, लेकिन वहां जाने और आने का रास्ता रसूलपुर से भी अधिक सुनसान है। इसीलिए अभिभावक वहां अपनी लड़कियों का एडमिशन नहीं कराते हैं। जाह्नवी बताती है कि स्कूल में केवल सुविधाओं की ही कमी नहीं है, बल्कि हमारे साथ जातिगत भेदभाव भी किया जाता है। रसूलपुरा में उच्च जातियों की संख्या अधिक है और स्कूल में भी इसी जाति से संबद्ध शिक्षकों और विद्यार्थियों की बहुलता है, ऐसे में वह हमें पढ़ाने में बहुत अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। वह हमें कक्षा में बोलने भी नहीं देते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

बीजेपी को 400 के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए किसी भी हालत में दक्षिण भारत के राज्यों में भी उत्तर भारत की सफलता के साथ ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा. हालांकि ऐसे में सवाल यह उठ रहे हैं कि क्या मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी की तैयारी राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में कमी रह गयी। बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव में इन सीटों पर लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुए थे वहीं इस चुनाव में लगभग 47 प्रतिशत वोट ही पड़े हैं। बात अगर उत्तर प्रदेश की करें तो इस चरण में जिन सीटों पर मतदान हुए हैं उन सीटों पर पिछले चुनाव में लगभग 67 प्रतिशत मतदान हुए थे।

# भारी उपलब्धियों के बीच कम मतदान


प्रेम शर्मा

सत्तारूढ़ पार्टी की एक दो नही बल्कि सैकड़ों उपलब्धियों के बीच पहले चरण का मतदान निराशाजनक ही माना जा रहा है। एक तरफ सत्तारूढ़ दल चार सौ पार का दावा कर रहा है। मतदाताओं के बीच अनेकानेक उपलब्धि और आने वाले समय में बड़े से बड़े कामों का दावा करने के बावजूद मतदान का प्रतिशत गिरने से एक बारगी जनता में चुनाव के प्रति निराशाजनक महौल वाकई चिन्ता का विषय है। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए देश की 21 राज्यों की 102 सीटों पर लगभग 64 प्रतिशत वोट डाले गए हैं। पिछले चुनाव की तुलना में मतदान का प्रतिशत इस चुनाव में कम देखने को मिला है। पिछले चुनाव में लगभग 70 प्रतिशत मतदान हुए थे। देश में त्रिपुरा को छोड़कर किसी भी राज्य में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत तक नहीं पहुंचा है। सबसे अधिक त्रिपुरा में 80.6 प्रतिशत वोट डाले गए। बंगाल में लगभग 78 प्रतिशत मतदान की सूचना है. वहीं पूरे देश में सबसे कम मतदान बिहार में देखने को मिला। बिहार में महज 47.50 प्रतिशत वोटिंग की खबर है। ऐसे में यह सवाल उठ रहे हैं कि वोटर्स मतदान केंद्र तक क्यों नहीं पहुंचे ? ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के लिए चिंता बढ़ सकती है क्योंकि राष्ट्रीय राजनीति में मोदी युग के उदय के बाद वोट प्रतिशत में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली थी। 2014 और 2019 में मत प्रतिशत अच्छे रहे थे। इस चुनाव में बीजेपी ने अपने लिए मिशन 400 का लक्ष्य रखा है। बीजेपी की तरफ से इस बात के दावे लगातार होते रहे हैं कि पार्टी आसानी से इस लक्ष्य तक पहुंच जाएगी।

विशेषज्ञ मतदान प्रतिशत में गिरावट के बाद सवाल उठा रहे हैं कि क्या बीजेपी नेताओ की तरह ही बीजेपी वोटर्स भी कहीं अति आत्मविश्वास के शिकार तो नहीं हो गए ? क्या बीजेपी के वोटर्स मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचे ? हालांकि इसे लेकर कोई विस्तृत डेटा अभी सामने नहीं आया है जिसके आधार पर इस बात के दावे किए जाए कि किस क्षेत्र के वोटर्स का टर्नआउट अधिक रहा है और किसका कम रहा। बीजेपी की तरफ से मिशन 400 को लेकर यह माना जा रहा था कि बीजेपी अपने मजबूत राज्य यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश में पहले से ही बेहतर हालात में है। वहीं उसे उम्मीद है कि इन राज्यों में वो एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करेगी और 2014, 2019 की तरह ही शानदार प्रदर्शन करेगी। हालांकि मतदान प्रतिशत में हुई बड़ी गिरावट के बाद बीजेपी नेतृत्व की परेशानी बढ़ सकती है। हालाकि पहले चरण में कम मतदान को लेकर कांग्रेस, सपा सहित अन्य विपक्षी दल इसे भाजपा सरकार की नाकामयाबी की ओर इशारा कर रहे है। बीजेपी इस चुनाव में मिशन साउथ को लेकर बेहद एक्टिव नजर आयी है। पीएम मोदी



की तरफ से दक्षिण के राज्यों में लगातार सभा की जा रही है। बीजेपी को 400 के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए किसी भी हालत में दक्षिण भारत के राज्यों में भी उत्तर भारत की सफलता के साथ ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा. हालांकि ऐसे में सवाल यह उठ रहे हैं कि क्या मिशन साउथ के चक्कर में बीजेपी की तैयारी राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में कमी रह गयी। बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव में इन सीटों पर लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुए थे वहीं इस चुनाव में लगभग 47 प्रतिशत वोट ही पड़े हैं। बात अगर उत्तर प्रदेश की करें तो इस चरण में जिन सीटों पर मतदान हुए हैं उन सीटों पर पिछले चुनाव में लगभग 67 प्रतिशत मतदान हुए थे। वहीं इस बार 57 प्रतिशत वोट ही पड़े हैं. मध्य प्रदेश में भी पिछले चुनाव की तुलना में इस चुनाव में वोट प्रतिशत में भारी गिरावट देखने को मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछले चुनाव में 75 प्रतिशत वोट डाले गए थे वहीं इस चुनाव में महज 63 प्रतिशत वोट पड़े हैं। राजस्थान में 2019 के चुनाव मे 64 प्रतिशत वोट पड़े थे वहीं इसबार यह आंकड़ा महज 57 प्रतिशत के आसपास रहा है।

हालांकि एक तरफ जहां कम मतदान को लेकर कुछ विशेषज्ञ बीजेपी के लिए खतरे की घंटी बता रहे हैं। वहीं कुछ आंकड़ें बताते हैं कि चुनाव में कम मतदान होना इस बात के संकेत हो सकते हैं कि जनता बदलाव नहीं चाहती है। कई बार ऐसा राज्यों के चुनावों में देखा गया है कि जब बंपर वोटिंग हुई है तो सत्ता में बदलाव हुए हैं। सरकार को बदलने के लिए अधिक मतदान होते रहे हैं। कम मतदान का लाभ सत्ताधारी दलों को मिला है। ज्ञात हो कि पिछले 12 में से 5 चुनावों में मतदान प्रतिशत में गिरावट देखने को मिले है। जब-जब मतदान प्रतिशत में कमी हुई है 4 बार सरकार बदल गयी है। वहीं एक बार सत्ताधारी दल की वापसी हुई है। 1980 के चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट हुई और जनता पार्टी की सरकार सत्ता से हट गयी। जनता पार्टी की जगह कांग्रेस की सरकार बन गयी। वहीं 1989 में एक बार फिर मत प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गयी और कांग्रेस की सरकार चली गयी। विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनी। 1991 में एक बार फिर मतदान में गिरावट हुई और केंद्र में कांग्रेस की वापसी हो गयी। 1999 में मतदान में गिरावट हुई लेकिन सत्ता में परिवर्तन नहीं हुआ। वहीं 2004 में एक बार फिर मतदान में गिरावट का फायदा विपक्षी दलों को मिला। यही नही उत्तरराखंड में करीब 25 जगहों पर लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया उनकी बिजली पानी जैसी छोटी-छोटी मांगे थीं पश्चिम बंगाल में सुबह के सात बजे से लंबी लाइनें लग गई थीं. शाम को वोटिंग खत्म हुई थी, तब भी लाइनें लगी हुई थीं वहीं नॉर्थ-ईस्ट की कई सीटों पर जमकर मतदान हुआ है पूर्वी नागालैंड के 6 जिलों के 4 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने एक भी वोट नहीं डाला गया क्योंकि एक स्थानीय मुद्दे पर मतदान का बहिष्कार का आह्वान किया गया था। तमिलनाडु में भी जमकर मतदान हुआ है। 102 सीटों पर पहले चरण में 65.4 फीसदी वोटिंग हुई है, जबकि पिछले चुनाव में यह 70 फीसदी थी। वोटिंग प्रतिशत कम होने से किसी तरह के ट्रेंड का पता नहीं लगता है। लेकिन कम मतदान का एक कारण भीषण गर्मी हो सकती है, बीजेपी कैडर का ओवर कॉन्फिडेंस हो सकता है। वोटर निराश हो सकता है कि यह चुनाव तो डन डील है और कहीं कहीं जैसे राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कुछ-कुछ जातियों में असंतोष है, जिसके कारण वोट प्रतिशत पहले की अपेक्षा कम रहा है. तमिलनाडु और बंगाल में राजनीति बहुत ही प्रतिस्पर्द्धी हो गई है। बहरहाल अभी परिणामों को लेकर कोई चर्चा करना बेमानी होगा लेकिन इतना तय है कि पहले चरण में जिन क्षेत्रों मे अल्पसंख्यक वोटर थे वहॉ जमकर मतदान हुआ है। ऐसे में मतदान के घटने और बढ़ने को लेकर किसी निष्कर्ष पर पहुंचना लगभग असंभव नजर आता है। इसमें कई और कारण होते हैं, जिसके कारण लोग किसी सरकार के पक्ष या विपक्ष में वोटिंग करते हैं।

# भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि बनाम जीवनयापी संसाधनों की स्थिति


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत की जनसंख्या चीन को पछाड़ते हुए 142 करोड़ के ऊपर जाकर विश्व की नंबर वन जनसंख्या वाला देश भारत बन गया है यह हमें पिछली बार 2023,में आई संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में पता चल गया था परंतु दिनांक 17 अप्रैल 2024 को जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि वार्षिक विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट ने मुझे हैरान कर दिया है, क्योंकि इसमें बताया गया है कि भारत की जनसंख्या अभी 144.17 करोड़ हो चुकी है और आने वाले 77 वर्षों में यह इसकी दोगुना हो जाएगी,जिसमें अनेक रेश्यो भी दिए हैं कि किस क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि के कैसे प्रभाव पड़े हैं जैसे उम्र लेवल पर जनसंख्या, महिलाओं की जनसंख्या लेवल पर स्थित,मातृ मृत्यु में असमानता महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ तथा प्रवस के दौरान रोज 800 महिलाओं की मृत्यु सहित 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत बाल विवाह सहित अनेको विश्लेषण दिए हैं। परंतु इस बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या पर मेरा मानना है कि इसके कंपनसेशन में जीवनयापी संसाधनों की क्या स्थिति है, बढ़ती बेरोजगारीको मिटाने का क्या प्लान है, जीवो को रहने के संबंध में कैसा प्रबंध प्रपोज्ड है जैसे अनेक मुद्दों पर गहन चर्चा कर नीति आयोग द्वारा नीति निर्माण करना होगा, क्योंकि मानव निर्मित संसाधनों को हम उपलब्ध करा सकते हैं, परंतु जब संसाधन कुदरत रचित हैं जैसे हवा पानी धरती के रूप स्थान के लिए तथा अनाज सहित अनेक ऐसी खाद्य वस्तु है जो सृष्टि द्वारा रचित है या कुदरत की देन है, इनमें हम कैसे इजाफा करेंगे ताकि

हम जनसंख्या के बायफरकेशन की करें तो, रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की 144.17 करोड़ आबादी में 24 फीसदी आबादी 0-14 साल की है,जबकि 17फीसदी आबादी 10-19 साल के अंदर है। इतना ही नहीं, 10-24 साल वाले भी भारत में 26 फीसदी हैं, जबकि 15-64 आयु वर्ग के सबसे ज्यादा 68 फीसदी हैं। इसके अलावा भारत की 7 फीसदी जनसंख्या 65 साल और उससे ज्यादा उम्र की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है।

जनसंख्या वृद्धि का संतुलन समय पर हम कर सकें क्योंकि भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि दर के अनुपात मेंजीवनयापी संसाधनों की स्थिति को रेखांकित करना समय की मांग है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारतीय जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि बनाम जीवनयापी संसाधनों की स्थिति।

साथियों बात अगर हम भारत में जनसंख्या के बढ़ते आंकड़े की करें तो, भारत में आखिरी जनगणना 2011 में की गई थी, उस वक्त भारत चीन के बाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा आबादी वाला देश था और देश की जनसंख्या 121 करोड़ थी। भारत की ताजा जनसंख्या पर यूनाइटेड नेशन पॉपुलेशन फंड (यूएनएफपीए) ने रिपोर्ट जारी की है,जिसके मुताबिक भारत दुनियां का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। भारत की पॉपुलेशन 144 करोड़ से अधिक हो गई है, इसमें 24 फीसदी आबादी 0 से 14 साल से कम उम्र की है। इस रिपोर्ट में ये भी अनुमान लगाया गया है कि भारत की आबादी आने वाले 77 सालों में दोगुनी हो जाएगी। रिपोर्ट में जनसंख्या के साथ-साथ नवजात बच्चों की मौत, महिलाओं और एलजीबीटीक्यू की स्थिति आदी के बारे में भी डेटा दिया गया है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी भारी गिरावट आई है। साथियों बात अगर हम जनसंख्या के बायफरकेशन की करें तो, रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की 144.17



करोड़ आबादी में 24 फीसदी आबादी 0-14 साल की है,जबकि 17फीसदी आबादी 10-19 साल के अंदर है। इतना ही नहीं, 10-24 साल वाले भी भारत में 26 फीसदी हैं, जबकि 15-64 आयु वर्ग के सबसे ज्यादा 68 फीसदी हैं। इसके अलावा भारत की 7 फीसदी जनसंख्या 65 साल और उससे ज्यादा उम्र की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है।मातृ मृत्यु पर भारत की सराहना रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मातृ मृत्यु दर में काफी गिरावट आई है, जोकि दुनिया भर में ऐसी सभी मौतें का 8 फीसदी है। भारत में इस सफलता का क्रेडिट सरकार के सस्ती और अच्छी स्वास्थ सेवाओं को जनता तक पहुंचाना और लैंगिक भेदभाव को कम करने के प्रायासों को दिया है। पीएलओएस की ग्लोबल पब्लिक हेल्थ रिपोर्ट का हवाला देते हुए यूएनएफपीए ने कहा कि सर्वे में पता चला है कि भारत के 640 जिलों में एक तिहाई जिलों ने मातृ मृत्यु कम करने के लिए सतत विकास लक्ष्य हासिल कर लिया है।बता दें भारत सरकार द्वारा नवजात की मृत्यु दर को कम करने और शिशुओं और माओं को पौष्टिक आहार मुहैया कराने के लिए कई स्कीम चलाई जा रही हैं. इसके अलावा अच्छे और सस्ते स्वास्थीय ने भी जनसंख्या बढ़ोत्तरी में अहम किरदार निभाया है। देश में महज 7 फीसदी आबादी 65 वर्ष या इससे अधिक उम्र की है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि (यूएनपीएफ) की तरफ से वार्षिक विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हुई हैं, जिसकी वजह से मातृ मृत्यु दर में कमी आई है और जीवन प्रत्याशा बढ़ी है।देश की आबादी में महज 7 फीसदी 65 साल या इससे अधिक उम्र के लोग हैं। देश में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेंटेसी) बढ़कर 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष हो गई है। 77 वर्ष बाद 2101 तक भारत की आबादी बढ़कर दोगुनी हो जाएगी। रिपोर्ट में भारत में जनसंख्या बढ़ने के पीछे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार व जीवन प्रत्याशा में वृद्धि है। रिपोर्ट में गर्भवती व प्रसूताओं को पौष्टिक आहार मुहैया कराने को लेकर चलाई जा रहीं योजनाओं की भी प्रशंसा की गई है। यह भी बताया गया है कि 2006-2023 तक भारत में बाल विवाह की दर 23 फीसदी रही, जोअत्यंत चिंताजनक है।

साथियों बात अगर हम जनसंख्या के उपलब्ध आंकड़ों में महिलाओं का विश्लेषण करें तो,रिपोर्ट के मुताबिक देश के 640 जिलों में सतत विकास लक्ष्यों के मुताबिक मातृ मृत्यु दर का अनुपात एक लाख पर 70 या इससे कम है लेकिन 114 जिले ऐसे हैं, जहां यह अनुपात 1 लाख पर 210 या इससे ज्यादा है। अरुणाचल प्रदेश के तिराप जिले में यह सबसे ज्यादा एक लाख पर 1,671 है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लैंगिक भेदभाव कम हुआ है। हालांकि, दिव्यांग महिलाओं को सामान्य महिलाओं की तुलना में 10 गुना ज्यादा लैंगिक भेदभाव और हिंसा का शिकार होना पड़ता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के धनी परिवारों की महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार का ज्यादा लाभ मिला। इसके अलावा विकलांग महिलाएं, लड़कियां, जातीय अल्पसंख्यकों, एलजीबीटीक्यू प्लस, एचआईवी पीड़ित व वंचित जातियों को यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का अधिक सामना करना पड़ता है। कमजोर तबकों की स्थिति को जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर प्रवासन जैसी परिस्थितियों ने और खराब किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लाखों महिलाएं और लड़कियों को अब भी कई मायनों में आगे बढ़ाए जाने की जरूरत है। मसलन,एक चौथाई महिलाएं अपने साथी के साथ यौन संबंध बनाने से इन्कार नहीं कर सकती हैं। 10 में से एक महिला गर्भनिरोधक के बारे में कोई फैसला लेने की स्थिति में नहीं है। यूएनएफपीए की इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में सेक्सुअल और रिप्रोडक्टिव हैल्थ 30 सालों के सबसे बेहतर स्तर पर है। यही कारण है कि डिलीवरी के दौरान होने वाली मौतों की संख्या में भी गिरावट आई है। दुनिया में हो रही ऐसी मौतों में भारत का हिस्सा आठ फीसदी है। रिपोर्ट में वैश्विक रूप से महिलाओं की यौन स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा गया है कि लाखों महिलाएं और लड़कियां अभी प्रमुख स्वास्थ्य उपायों से वंचित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि डाटा वाले 40 फीसदी देशों में महिलाएंशारीरिक संबंधों का फैसले लेने में पुरुषों से पीछे हैं।

# ई-पुस्तकों तक पहुंच आसान, पर पढ़ने का सुकून मुद्रित पुस्तकों से


डॉ. प्रितम भि. गेडाम


विश्व ज्ञान, आत्मीय शांति, योग्य मार्गदर्शन, समय का सदुपयोग, प्रेरणा, प्रोत्साहन, मददगार, समस्याओं का हल, नवचेतना, नवनिर्मिति, जागरूकता, अद्यतन, बेहतर साथी, सफलता, गुरु, सलाहकार जैसे अनेक मूल्यवान गुणों का सार होती है पुस्तकें। आज के आधुनिक युग में यांत्रिक संसाधनों ने दुनिया भर तक हमारी पहुंच आसान कर दी है। हर ओर जानकारी और सूचना की बाढ़ आ गई है। पुस्तकों को ज्ञान का मुख्य स्त्रोत कहा जाता है, जीवन में सफल होने के लिए किताबों का बेहतर साथ आवश्यक होता है। पुस्तकें मनुष्य के जीवन के आरंभ से अंत तक निस्वार्थ साथ देते हुए पथ-प्रदर्शक की भूमिका में होते है। किताबों से दोस्ती करने वाला इंसान हमेशा खुश और ज्ञानी बना रहता है, जिससे जीवन में मुश्किलें कम होती है। इंटरनेट के द्वारा पुस्तकें बस एक क्लिक पर मौजूद है, जब चाहे तब कहीं पर भी, कभी भी हम ई-पुस्तकें पढ़ सकते हैं, संग्रहीत कर सकते है।

हर साल 23 अप्रैल को पुस्तकों के महत्व को समझकर पाठ्य संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विश्व पुस्तक व प्रकाशनाधिकार दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 की थीम रीड योर वे है, यह थीम पढ़ने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने में चयन और आनंद के महत्व पर जोर देती है। जीवन में पुस्तकों का स्थान अतुलनीय है, एक अच्छी पुस्तक सौ दोस्तों के बराबर होती है। जिसने किताबों के महत्व को जान लिया है, वह जीवन में कभी असफल नहीं हो सकता। पुस्तकों के सहयोग से हम जीवन में विश्व के हर क्षेत्र का सर्वोत्तम स्थान प्राप्त कर सकते हैं।

किताबें पढ़ने की आदत मनुष्य के जीवन को लगातार विकसित करता हैं। मस्तिष्क तेज होकर स्वयं विचार कर कुछ नया ज्ञान खोजने की शक्ति मिलती हैं। पढ़ते रहने से हम अधिक होशियार होते जाते है। लिखने का कौशल, भाषा कौशल सुधरता है, फोकस और एकाग्रता बढ़ती है, हम जीवन में अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ते हैं, हम अपने समय का सही इस्तेमाल कर पाते हैं, नयी जानकारी और ज्ञान मिलता है, पढ़ने से तनाव कम होता है, हमेशा हम अद्यावत और जागरूक बने रहते है और पढ़ने से अच्छी नींद आती हैं। भूलने की बीमारी से काफी हद तक दूर रहते हैं।

डिजिटलीकरण के कारण हर कोई अपनी मांग और सुविधा अनुसार पुस्तकों को ऑनलाइन पढ़ सकता है, ऑनलाइन के द्वारा हम दुनिया से हर समय जुड़े रहते हैं। पाठकों की रुचि अनुसार, दुनियाभर के विषयों की पुस्तकें उपलब्ध हैं। बहुत से प्रकाशक, कंपनी, शैक्षणिक संस्थान, पेशेवर, ईबुक विक्रेता, सरकारी पोर्टल अपनी वेबसाइट पर डिजिटल स्वरूप में पुस्तक अपलोड करते हैं, ताकि पाठकों तक ई-पुस्तकें पहुंच सकें। पढ़ने का समय बचाने के लिए ऑडियो बुक्स भी डिजिटल

ई-पुस्तकें बहुत आसानी से उपलब्ध हैं, लेकिन वे कागजी पुस्तकों का स्थान नहीं ले सकतें। बहुत से लोग ऑनलाइन पुस्तकें तो डाउनलोड करते है, लेकिन उसे पूरा पढ़नेवाले बहुत कम होते हैं। यह ई-पुस्तकें हमें पढ़ने के लिए कागजी पुस्तकों की तरह प्रेरित नहीं करती, बल्कि बहुत बार बोझिल महसूस होती हैं। कागजी पुस्तकों की भांति ई-पुस्तकों से लगाव या प्रेरणा की कमी लगती हैं, इनसे हम भावनिक रूप से जुड़ नहीं पाते। कागजी पुस्तकें पाठ्य संस्कृति को बढ़ावा देने में मुख्य सहायक है।



मार्केट में उपलब्ध हैं। ई-पुस्तकें बहुत आसानी से उपलब्ध हैं, लेकिन वे कागजी पुस्तकों का स्थान नहीं ले सकतें। बहुत से लोग ऑनलाइन पुस्तकें तो डाउनलोड करते है, लेकिन उसे पूरा पढ़नेवाले बहुत कम होते हैं। यह ई-पुस्तकें हमें पढ़ने के लिए कागजी पुस्तकों की तरह प्रेरित नहीं करती, बल्कि बहुत बार बोझिल महसूस होती हैं। कागजी पुस्तकों की भांति ई-पुस्तकों से लगाव या प्रेरणा की कमी लगती हैं, इनसे हम भावनिक रूप से जुड़ नहीं पाते। कागजी पुस्तकें पाठ्य संस्कृति को बढ़ावा देने में मुख्य सहायक है। ई-पुस्तकों में हम अधिकतर सिर्फ सीमित सूचनाओं को पढ़कर फिर भूल जाते हैं, जबकि कागजी पुस्तकों में पढ़ते वक्त विषय की गहराई में जाकर समस्या का हल ढूंढते हैं, पूरी किताब पढ़ते हैं, जिससे पुस्तक का पूरा ज्ञान हमें हमेशा याद रहता हैं और यही पुस्तक का उद्देश्य होता है कि उसके ज्ञान का पूरा फायदा पाठकों तक पहुचें। जबकि अधिकतर पाठकों द्वारा ई-पुस्तकों में केवल काम निकालने लायक ही जानकारी खोजी जाती हैं। कागजी पुस्तकें पेड़ कटवाते हैं, लेकिन ई-पुस्तकें भी बिजली खर्च करवाकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते है, तकनीकी खराबी भी एक समस्या है, और ऊपर से मोबाइल, कंप्यूटर, लैपटॉप का ई-कचरा पर्यावरण के लिए पहले से ही घातक स्तर पर पहुंच चूका हैं।

जिसे पढ़ना आता हैं, चाहे वह निर्धन ही क्यों न हो, वह कही पर भी पुस्तकें पढ़ सकता है, सार्वजनिक पुस्तकालयों में जा सकता हैं, वहां की पुस्तकें पढ़ सकता है। परन्तु ई-पुस्तकें पढ़ने के लिए विशेष यांत्रिक संसाधन और कौशल की आवश्यकता होती है, जिसके लिए आर्थिक खर्च और कुछ प्रशिक्षण की जरुरत होती हैं, जैसे - कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल, बिजली, इंटरनेट और तकनिकी कौशल। जबकि कागजी पुस्तकों में यह चीजें आवश्यक नहीं। कक्षाओं में विद्यार्थियों को कागजी पुस्तकों से पढ़ाना आसान होता हैं जबकि ई-पुस्तक से पढ़ाने के लिए प्रोजेक्टर का खर्च वहन करना पढता हैं।

पुस्तकों का ज्ञान आत्मसात करने के लिए पढ़ते वक्त ध्यान और नजर पुस्तक पर एकाग्र करनी होती हैं, परन्तु इलेक्ट्रॉनिक साधनों की स्क्रीन पर लगातार ध्यान केंद्रित करना कुछ समय पश्चात तनाव, सिरदर्द, दृष्टिदोष का कारण हो सकता हैं, क्योंकि कंप्यूटर की स्क्रीन आँखों की रोशनी को प्रभावित करती हैं। ई-पुस्तक की आसानी से उपलब्धता, समय की बचत, आसान संग्रहण होने के बावजूद पुस्तक का मुख्य उद्देश्य पुस्तकों में मौजूद पूरा ज्ञान पाठकों द्वारा आत्मसात करना यह कागजी पुस्तकों के मुकाबले ई-पुस्तक में पूर्णता नजर नहीं आता। संकटमय काल में या थोड़े समय के लिए ऑनलाइन अध्ययन वरदान हैं, लेकिन दीर्घ काल में यह शारीरिक और मानसिक समस्या निर्माण कर सकता हैं। यांत्रिक साधनों के लगातार बढ़ते उपयोग से हम उन संसाधनों पर आश्रित होने लगे हैं, अब तो हमें अपनों के मोबाइल नंबर तक याद नहीं रहते। इससे हमारी सोचने-समझने की शक्ति-याददाश्त कमजोर हो रही है, यह आधुनिकता का बहुत बड़ा दोष है। आज तक किसी भी शोध या सर्वेक्षण में मुद्रित किताबें पढ़ने से होने वाली कोई समस्या या नुकसान सामने नहीं आया है, लेकिन कोरोना के समय में ऑनलाइन अध्ययन द्वारा कई शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याएं सामने आई हैं।

ई-पुस्तकें और मुद्रित पुस्तकों के बीच चयन आखिर हमारा व्यक्तिगत निर्णय है। लेकिन जब हम वैश्विक तौर पर पाठकों की पसंद देखते हैं तब पता चलता है कि, मुद्रित पुस्तकें दुनिया भर के शौकीन पाठकों के दिलों में एक बहुत ही विशेष स्थान रखती हैं। जबकि ई-पुस्तकों का अलग लाभ हैं, अब पाठकों को इन दोनों के संभावित खूबियों/कमियों के प्रति जागरूक रहकर अपनी मांग अनुसार, एक संतुलन बनाना चाहिए जो उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं और पढ़ने की प्राथमिकताओं के लिए सबसे उत्तम हो।

# सुशासन और विकास अब उत्तर प्रदेश की पहचान बनी : केशव मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सीतापुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि इस बार चुनाव में गर्मी है लेकिन विपक्ष इस भीषण गर्मी में ठंडा पड़ गया है। यह सबको पता है कि 2014 के पहले प्रदेश कैसा था, अब प्रदेश कैसा है सुशासन और विकास आज उत्तर प्रदेश की पहचान है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 10 साल का शासन तो केवल ट्रेलर मात्र है पिक्चर अभी बाक़ी है। यह चार जून को चार बजे जब 400 पार होगा तो रिलीज होगी। 2014 के लोकसभा में ईवीएम का बटन दबा तो कमल खिला और 2017 में जब ईवीएम का बटन दबा तो उत्तर प्रदेश की बदहाली खुशहाली में बदल गई। 2019 में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश का परिदृश्य बदल दिया।

श्री मौर्य ने कहा कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से निकले हैं, प्रदेश के लाखों लोगों को पक्की छत मिली है। रोजगार के साधन बने हैं, देश के 52 करोड़ लोगों के बैंक के खाते खुले हैं। यही नहीं विभिन्न योजनाओं में 34 लाख करोड़ रूपये सीधे लोगों के खाते में पहुँचे हैं। यदि सरकार भ्रष्टाचारियों और बलवाइयों की होती तो ये सब मिलकर 29 लाख करोड़ रूपये खा गये होते। मोदी जी ने एक-एक पाई गरीब की भलाई में लगाई है। जिन घरों में आजादी के बाद भी बिजली नहीं पहुँची थी मोदी जी ने वहाँ रोशनी पहुँचाई। जिन घरों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पास रहा था आज वहाँ नल से जल पहुँच रहा है और यह सब बिना भेदभाव के हो रहा है।

■ बोले, 2017 के पहले सपाइयों का नारा था हर ख़ाली प्लॉट हमारा

उन्होंने कहा कि 2017 के पहले सपाइयों का नारा था हर ख़ाली प्लॉट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा उसमें बैठा बड़ा सा गुंडा। उत्तर प्रदेश के लोगों ने सपा के शासन की दुश्वारियां झेली हैं। मोदी जी ने इनको समाप्त करने का काम किया है। इस बार लोकसभा चुनाव में ईवीएम को कमल से लबालब कर देना है। कमल खिलेगा तो प्रदेश और देश के विकास की गाड़ी तेजी से आगे बढ़ेगी।

## वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 87 एफआईआर दर्ज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारीनवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,13,32,851 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 68,90,862 तथा निजी स्थानों से 44,41,989 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,49,378, पोस्टर के 32,04,555, बैनर के 19,47,169 एवं अन्य 9,89,760 मामलों में कार्यवाही की गयी।

# 'मुझपर हमला करने वाले समाजवादी गुंडे थे- ये भी साफ हो जाएंगे'




अवधनामा संवाददाता

**संत कबीर नगर।** कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने अपने ऊपर हुए हमले के बाद पत्रकार वार्ता में मारपीट की इस घटना के लिए समाजवादी पार्टी के समर्थकों को जिम्मेदार ठहराया है। डॉ संजय ने इस घटना को लेकर एक वीडियो भी जारी किया। इस वीडियो में कुछ लोग मंत्री डॉ संजय निषाद से हाथापाई करते नजर आ रहे हैं।

डॉ. संजय निषाद ने बताया कि शादी समारोह में कुछ अराजक तत्व उनके बेटे सांसद प्रवीण निषाद और उनके बारे में कुछ अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे। मैंने उनको समझाने के लिए बुलाया, लेकिन मौजूद लोग भड़क गए और मेरे ऊपर हमला कर दिया। इस हमले में मेरा चश्मा भी टूट गया।

मुझे चोट भी आई है। कहा, यह समाजवादी गुंडे हैं। हमारी सरकार ने बहुत से गुंडों का सफाया किया है। कुछ रह गया है। वह भी साफ हो जाएंगे। यह समाजवादी के समाप्तवादी गुंडे हैं। इनमें से पहले भी एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज है। कहा कि हमने लिखित तौर पर पुलिस को सूचना दिया है। पुलिस अपने हिसाब से कार्रवाई कर रही है। कहा कि भाजपा सरकार में जंगल राज का पूरा सफ़ाया किया गया है।

# इंटर में अलशिफ़ा, हाईस्कूल में सदफ, मो अहमद व मो. हुज़ैफ़ा ने बढ़ाया मान

अवधनामा संवाददाता




**करनैलगंज,गोंडा।** नगर के मोहल्ला गाड़ी बाज़ार की सदफ ने हाईस्कूल परीक्षा में 92.5 फसीदी, मो0 अहमद ने 89 फसीदी व मोहम्मद हुज़ैफ़ा ने 87 फीसदी नंबर व कैलाशबाग निवासी अलशिफ़ा नाज़ ने इंटरमीडिएट में 93त्न अर्जित कर मान बढ़ाया है, मो0 अहमद के अनुसार उनकी सफलता के आदर्श उनके बड़े भाई अबूज़ैद रहे हैं जिन्होंने विगत 2022 के हाईस्कूल परीक्षा में ज़िले में 9वां स्थान प्राप्त कर परिवार एवं नगर का मान बढ़ाया था, मो0 अहमद, सदफ, मोहम्मद हुज़ैफ़ा ने अपनी इस सफलता के श्रेय अपने परिवारजनों एवं गुरुजनों को दिया है तीनो के अनुसार गुरुजनों एवं परिवारजनों की कड़ी मेहनत और बेहतरीन मार्गदर्शन से ही उन्हें ये सफलता मिली है, वहीं दूसरी तरफ इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे नंबर से सफल हुई अलशिफ़ा नाज़ ने बताया की उनकी इस कामयाबी के पीछे उनके पिता नसीर अहमद की बड़ी जद्दोजहद शामिल रही है उनके पिता ने सिलाई कर अपने बेटी को इस मक़ाम तक पहुंचाया है, अलशिफा का सपना प्रशासनिक सेवाओं में जाकर समाज की सेवा करना है, अलशिफ़ा की इस कामयाबी पर उनके परिजन माता गुड़िया, मो0 उस्मान इदरीशी (एल0 टी0 सामु0 स्वा0 केंद्र करनैलगंज), मो0 साहिल आदि में खुशी की लहर है।

# आज भारत जो कहता उसे दुनिया सुनती है : पाठक

## सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह (मथुरा), कांग्रेस के नेता व आजमगढ़ से पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व0 कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी (वाराणसी), सपा से पूर्व विधायक श्री पहलवान सिंह (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व पूर्व विधायक कुं. कुशलपाल सिंह (मथुरा), बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरिता सिंह (अयोध्या), स्टेट बैंक अधिकारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह (अयोध्या), बसपा से लखनऊ जोन को-आर्डिनेटर, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा बसपा के वरिष्ठ नेता रामजी गौतम के छोटे भाई प्रमोद चौधरी (लखीमपुर), बसपा के मंडल कोर्डिनेटर व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे करूणाकर पाण्डेय (अयोध्या), नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा (उन्नाव), सपा से नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी (गोण्डा), नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी (बहराइच), ब्लॉक प्रमुख प्रेम चन्देल (उन्नाव), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष बेलदार (संतकबीरनगर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी तथा सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुंवर चन्द्र वकील (आगरा), सर्व विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल राठौर (फिरोजाबाद), आम आदमी पार्टी से प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता (जौनपुर), अखिल विश्व भोजपुरी समाज विकास मंच के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कुमार पाण्डेय (वाराणसी), सपा से युवजन सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश कुमार यादव (देवरिया), क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री कमलेश मिश्रा उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे ने किया।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने के लिए भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सपा, बसपा व कांग्रेस सहित विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के नेताओं का स्वागत है। उन्होंने कहा 2014 से 2024 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीब, किसान, महिला व नौजवान की बेहतरी के लिए सरकार की प्रत्येक योजना समर्पित रही। आज विश्व पटल पर भारत ने मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। आज भारत जो कहता उसे दुनिया सुनती भी है और मानती भी है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव के बाद यह स्पष्ट हो चुका है कि देश में भाजपा की लहर चल रही है। वहीं इंडी गठबंधन पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ है।

# मुसब्बिहा पुत्री हाफ़िज़ मुहम्मद अजमल हसन की इंटर में उत्कृष्ट सफलता

अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** बोर्ड परीक्षा का पहला कठिन स्तर हाईस्कूल और दूसरा कठिन स्तर इंटरमीडिएट है। इन दिनों सीतापुर कि रहने वाली मुसब्बिहा पुत्री हाफिज मुहम्मद अजमल हसन ने साबित कर दिया कि लगन और मेहनत बेकार नहीं जाती।

ज्ञात हो कि हाईस्कूल में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने के बाद मुसब्बिहा ने इंटरमीडिएट में इस स्थान को बरकरार रखने के लिए बाबू सिंह इंटर कॉलेज पिसावां में प्रवेश लिया और पूरे उत्साह और अथक मेहनत के साथ पढ़ाई की। जिससे उन्हें यह उल्लेखनीय सफलता मिली. इस बड़ी सफलता पर माता-पिता, प्रियजनों और रिश्तेदारों ने खुशी व्यक्त की और लड़की के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की और आगे की शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास करने की इच्छा व्यक्त की।

■ इस सफलता पर माता-पिता, प्रियजनों व रिश्तेदारों ने खुशी व्यक्त की



बाबू सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बधाई संदेश प्रस्तुत किया और प्रसन्नता व्यक्त कि जिस तरह से बाबू सिंह इंटर कॉलेज के छात्र लगातार परीक्षाओं में अपना स्थान बना रहे हैं, उन्होंने अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है और कॉलेज का भी एक विशेष स्थान है। जिले को मुकाम हासिल हुआ है।

# तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव उड़ान 5.0 में डीजे रिहया ने बांधा समां



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जी.सी.आर.जी. ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में चल रहे 3 दिवसीय वार्षिकोत्सव में प्रथम दिन सांस्कृतिक और खेल-कूद आयोजन हुए जिसमें 20 से ज्यादा कॉलेज के छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने विभिन्न खेलं प्रतियोगिताओं का आनंद लिया और उच्च क्षमता वाली टीमों ने ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र जीते प्रथम दिवस में मशहूर थियेटर आर्टिस्ट, फिल्म अभिनेता, रंगमंच के क्षेत्र में संगीत नाटक अकादमी पुरुस्कार,कालिदास सम्मान,यश भारती सम्मान से सम्मानित डॉ अनिल रस्तोगी ने अपनी उपस्थिति दर्ज की जिन्हे दीप प्रज्वलन के उपरांत पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिक उत्सव के द्वितीय दिन कॉलेज में डीजे नाइट का आयोजन हुआ जिसमें प्रसिद्ध डीजे रिया ने सभी छात्रों के बीच समा बांध दिया, बच्चों ने नाच गाने और खाने पीने का खूब लुफ्त उठाया। इससे पहले दोपहर में उड़ान 5.0 में फैशन शो का आयोजन किया गया जिसमें फैकेल्टी मेंबर और छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस फैशन शो का भी छात्रों ने खूब लुफ्त उठाया। संस्थान के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर फार्मेसी के छात्र आकाश का कहना था कि इस तरह के प्रोग्राम से हम लोगों को लोगों से मिलने जुलने और बातचीत की कला आती है। वही बी टेक कंप्यूटर साइंस के छात्र अभिषेक अवस्थी ने बताया कि हम लोग पिछले कई महीनों से इस प्रोग्राम की तैयारी में लगे थे जिसमें हमारी आज कई महीनों की मेहनत को फलीभूत होता देख बहुत अच्छा लग रहा है। संस्था के महानिदेशक प्रो. ए एन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हम यह कोशिश करते हैं कि जी. सी. आर. जी. में बच्चों को ऐसा माहौल मिल सके जिसमें वह अपनी शिक्षा के साथ साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट रहने की कला नी शिक्षा के साथ स सीख सकें।

# अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 21 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा

■ 4299 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये

अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4299 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,94,133 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,88,832 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7397 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7471 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 398 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2965 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 145 केन्द्रों को सीज किया गया। 21 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया।

# 42 लाख छात्रों को किताबों के लिए महीने भर करना होगा इंतजार




**लखनऊ।** परिषदीय स्कूलों के कक्षा एक व कक्षा दो के 42 लाख विद्यार्थियों को अभी तक निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें नहीं मिली सकी हैं। एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 शुरू हो चुका है। फिलहाल, अब चुनाव आयोग ने किताबें छापने के लिए हरी झंडी दे दी है। ऐसे में एक महीने का समय किताबों की छपाई में लगेगा। फिर पुस्तकें विद्यालयों में भेज दी जाएंगी। ऐसे में इन दोनों कक्षाओं के विद्यार्थियों के बस्ते अभी खाली ही रहेंगे।

परिषदीय स्कूलों में इस शैक्षिक सत्र से कक्षा एक व कक्षा दो के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबें पढ़ाई जानी हैं। एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू करने से संबंधित औपचारिकताएं पूरी करने में बेसिक शिक्षा विभाग को समय लग गया।

वहीं, लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई। ऐसे में पुस्तकें छापने के लिए बिड की प्रक्रिया के लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेना जरूरी हो गया। फिलहाल, अब अनुमति मिल गई है और जल्द पुस्तकों की छपाई का कार्य शुरू करने की तैयारी है।


■ कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों को नहीं मिल सकी पुस्तकें

राज्य पाठ्य-पुस्तक अधिकारी माधव तिवारी ने बताया कि पूरी कोशिश की जा रही है कि महीने भर में जिलों तक पुस्तकें पहुंचा दी जाएं। सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पहले से ही निर्देश दिए जा रहे हैं कि वह स्कूलों तक जल्द से जल्द पुस्तकें पहुंचाने का प्रबंध करें। किताबों की छपाई का कार्य तेजी के साथ किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# नहीं रहे अहिंसा और भूदान सिद्धान्तों के कर्मयोगी धीरूभाई मेहता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 88 साल की उम्र में गांधी विचारक, चार्टर्ड अकाउंटेंट और सामाजिक जगत में सात दशकों से सक्रिय श्री धीरू भाई मेहता का देहांत हो गया। गांधी-विनोबा विचार के संस्थानों के संरक्षक रहे श्री धीरू भाई मेहता ने सोमवार सुबह मुम्बई के नामदेव अस्पताल में अंतिम सांस ली। श्री मेहता की कल तबीयत बिगड़ने से उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां डाक्टरों के अथक परिश्रम के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। श्री धीरूभाई मेहता को विनोबा भावे, जयप्रकाश नारायण और श्रीमती सुशीला नय्यर जैसे महात्मा गांधी के उत्साही अनुयायियों के निकट संपर्क में रहने का सौभाग्य मिला। धीरूभाई मेहता पत्रकारिता के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे, उनके 200 से अधिक आलेख पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए, जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल- द स्टीलमैन



ऑफ इंडिया पर एक पुस्तक भी शामिल है। श्री धीरूभाई किसी भी राजनीतिक दल के प्रति पूर्वाग्रह के बिना सरकार और उसकी नीतियों के साथ-साथ विपक्ष के भी कट्टर आलोचक रहे, लेकिन दृढ़ता से इस बात की वकालत करते रहे कि गांधीवादी दर्शन भारत के विकास के लिए आदर्श मार्ग है। वे गुजराती समाचार पत्र जन्मभूमि समूह से भी जुडे रहे। धीरूभाई एस मेहता पेशेवर रूप से वित्त, निवेश, कराधान और कॉर्पोरेट प्रबंधन में विशेषज्ञता के साथ एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में अपनी सेवाएं दीं। निदेशक और सलाहकार के रूप में कॉर्पोरेट जगत के साथ उनका लंबा जुड़ाव रहा। उम्र के पचास वर्ष के पडाव तक पहुंचते पहुंचते उन्होंने अपने जीवन की दिशा बदल ली।

# यूपीएससी के टॉपर आदित्य पहुंचे होमटाउन

## मेरी सफलता में सी.एम.एस. का बहुत बड़ा योगदान है : आई.ए.एस. टॉपर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** 'मेरी सफ्लता में सी.एम.एस. का बहुत बड़ा योगदान है, आज मैं जो कुछ भी हूँ उसमें मेरे माता-पिता के आशीर्वाद व सी.एम.एस. के मेरे शिक्षकों की अहम भूमिका है', यह कहना है कि आई.ए.एस. टॉपर व सिटी मोन्टेसरी स्कूल के छात्र आदित्य श्रीवास्तव का, जो आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में अपनी अभूतपूर्व सफ्लता पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। आगे बोलते हुए आदित्य ने कहा कि स्कूल के शुरूआती दिनों में ही सी.एम.एस. ने मेरे भावी जीवन की नींव रख दी थी। सी.एम.एस. शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण, उच्च विचार एवं व्यक्तित्व विकास के प्रयास वास्तव में अतुलनीय हैं। स्वं. डा. जगदीश गाँधी जी के प्रेरक विचारों ने मुझमें आत्मविश्वास जगाने के साथ ही ईश्वरत्व की अनुभूति भी कराई। आदित्य ने बताया कि यदि भविष्य में उन्हें देश की नीति-निर्धारण का अवसर मिला तो वे स्वास्थ्य एवं बच्चों के लिए कार्य करना चाहेंगे। इससे पहले, आज लखनऊ पधारने पर सी.एम.एस. के छात्रों व शिक्षकों ने आदित्य श्रीवास्तव का अमौसी एअरपोर्ट पर भव्य स्वागत करते हुए उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और उनकी अभूतपूर्व सफ्लता पर हार्दिक बधाईया दी। सी.एम.एस. छात्रों व शिक्षकों ने आदित्य को फूल-मालाओं से सजी खुली जीप में विक्ट्री परेड के रूप में सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम तक ससम्मान लेकर आये। इस दौरान कई जगहों पर लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भी आदित्य का स्वागत किया गया। इस अभूतपूर्व स्वागत से आदित्य गद्गद् नजर आये।

विदित हो कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्र आदित्य श्रीवास्तव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) में ऑल इण्डिया प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। आदित्य की सम्पूर्ण प्राथमिक शिक्षा सी.एम.एस. अलीगंज कैम्पस से हुई है एवं इसी कैम्पस से आई.एस.सी. की परीक्षा 97 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण करने के उपरान्त आईआईटी कानपुर से बीटेक किया। आदित्य के पिताजी अजय श्रीवास्तव सेंट्रल आडिट डिपार्टमेंट में एओ के पद पर कार्यरत हैं एवं माताजी श्रीमती आभा श्रीवास्तव गृहणी हैं। विगत वर्ष भी आदित्य ने 236वीं रैंक के साथ आई.ए.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण की थी परन्तु सर्वोच्चता के शिखर पर पहुंचने की अभिलाषा में उन्होंने फ्रि से परीक्षा दी और देश में प्रथम रैंक अर्जित कर अपने सपनों को साकार किया है। प्रेस कान्फ्रेन्स में उपस्थित आदित्य के माता-पिता श्रीमती आभा श्रीवास्तव व श्री अजय कुमार श्रीवास्तव ने एक स्वर से कहा कि आदित्य की इस सफ्लता के लिए मैं सी.एम.एस. का आभारी हूँ।

# व्यासजी के तहखाने की छत पर मुस्लिमों के इकट्ठा होने पर रोक की मांग



**वाराणसी।** वाराणसी के जिला एवं सत्र न्यायालय में सोमवार को ज्ञानवापी से जुड़े एक प्रकरण में आज सुनवाई होगी। ज्ञानवापी परिसर स्थित गुंबद को हटाने की मांग को लेकर सुनवाई होनी है। आवेदन में कहा गया है कि व्यासजी के तहखाने की छत पर मुस्लिमों को इकट्ठा होने से रोका जाए।

प्रकरण के अनुसार, नंदीजी महाराज विराजमान व लखनऊ के जन उद्घोष सेवा संस्था के सदस्य कानपुर निवासिनी आकांक्षा तिवारी, लखनऊ निवासी दीपक प्रकाश शुक्ला, अमित कुमार, सुविद प्रवीण ने अपने अधिवक्ता राजेंद्र मोहन तिवारी, सुभाष चंद्र शर्मा के माध्यम से कोर्ट में वाद दाखिल किया है। वाद में कहा गया हैं कि मुस्लिम आक्रांताओं द्वारा मंदिर के स्वरूप को तोड़कर मस्जिद का गुंबद बनाया गया है। उसे हटाया जाए और विश्वनाथ मंदिर को इसे सौंपते हुए मंदिर का रूप दिया जाए। नंदीजी महाराज अपने स्वामी भगवान के इंतजार में प्रतीक्षारत हैं, उनको मिलवाया जाए। साथ ही उक्त विवादित परिसर में नमाज करने से रोका जाए और परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश पर भी रोक लगाई जाए।

# सड़क हादसे में नर्स की मौत, पति ने दी जान

अवधनामा संवाददाता

■ हरदोई में घटना के 2 घंटे बाद लगाई फांसी; हाथ पर लिखा- सॉरी... साथ जिएंगे-मरेंगे



**हरदोई।** लखनऊ-हरदोई हाईवे पर स्कूटी से ड्यूटी पर जा रही नर्स को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के 2 घंटे बाद ही पति ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

**पति ने अपने हाथ पर लिखा- सॉरी..** साथ जिएंगे साथ मरेंगे÷। पति-पत्नी अपने अपने माता पिता की इकलौती संतानें थी। घटना से दोनों के ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**3 महीने पहले हुई थी शादी:** सुरसा थाने के दाऊदपुर के रहने वाले योगेश कुमार (25) पुत्र पुत्तू लाल की शादी करीब 3 महीने पहले ही कोतवाली शहर के धन्नुपुरवा की मणिकर्णिका गौतम के साथ हुई थी। योगेश पिहानी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय टीकमपुर में सहायक अध्यापक था। उसकी पत्नी मणिकर्णिका टड़ियावा सीएचसी में स्टाफ नर्स थी।स्कूटी में अज्ञात गाड़ी ने पीछे से मारी थी टक्कर सोमवार की सुबह 8 बजे दाऊदपुर से पहले योगेश स्कूल के लिए बाइक से रवाना हुआ था। उसके कुछ ही देर बाद मणिकर्णिका स्कूटी से सीएचसी के लिए निकली थी। जैसे ही वह निर्माणाधीन लखनऊ-हरदोई हाईवे पर पहुंची अज्ञात वाहन ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। इससे वह गिर पड़ीं। शव को रौंदते हुए गाड़ी निकल गई। ग्रामीणों की सूचना पर सिरसा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

**पति ने बिजली के तार से लगाई फांसी:** कुछ लोगों ने हादसे का वीडियो लोकल व्हॉट्सऐप ग्रुप पर डाल दिया। स्कूल में योगेश ने व्हॉट्सऐप ग्रुप पर पत्नी की फोटो देखी, शव पूरी तरह से क्षत-विक्षत पड़ा था। यह देख योगेश बदहवास हो गया। 9.45 बजे के करीब स्कूल से किसी को कुछ बताए बगैर बाइक से वापस घर लौट गया।

इधर, पुलिस ने मणिकर्णिका की मौत की जानकारी घर वालों को दे दी थी। घर पर मोहल्ले वालों की भीड़ लगी थी। योगेश भी घर पहुंचा, किसी से कुछ नहीं बोला। सीधे कमरे में गया और अपने आप को बंद कर लिया।

**हाथ पर लिखा था- सॉरी:** परिजनों ने दरवाजा खुलवाया। दरवाजा नहीं खुलने पर घर वालों को शक हुआ। इसके बाद पुलिस को सुचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो योगेश का शव पंख से बिजली के तार से लटका था। योगेश के हाथ पर लिखा था- सॉरी... साथ जिएंगे, साथ मरेंगे।

**69000 भर्ती में हासिल की थी नौकरी:** इसे देखकर परिवार में कोहराम मच गया। योगेश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। मृतका नर्स मणिकर्णिका भी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। योगेश 69000 शिक्षक भर्ती में सिलेक्शन हुआ था। पिहानी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय टीकमपुर में सहायक अध्यापक पर तैनाती मिली थी। मणिकर्णिका और योगेश की मौत के बाद घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। योगेश की मां बार-बार बेहोश हो जा रही है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक नृपेंद्र कुमार ने बताया कि दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इसमें विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मुस्लिम युवाओं ने फूल बरसा कर पद संचलन का किया स्वागत

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पद संचलन अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत जीआईसी मैदान से होता हुआ शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरा जहां जगह-जगह उनका फूल माला से स्वागत किया गया।

उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि स्वागत कार्यक्रम के माध्यम से मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने एकता का संदेश देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पद संचलन पर पुष्प वर्षा कर जगह उनका स्वागत किया। तहसील चौराहे पर सदर विधायक सरिता भदोरिया के नेतृत्व में राजगंज चौराहे पर उर्मिला भदौरिया के नेतृत्व में जिसमें उषा वर्मा सत्संग प्रमुख सह प्रमुख पुष्पा पाराशर सहसंयोजका आरती शर्मा आदि ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला उपाध्यक्ष हैदर कुरैशी के नेतृत्व में साबित गंज चौराहे पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर कल्लू पहलवान जुनैद कुरैशी इमरान कुरेशी समीम खान कलीम अब्बासी रहीम खान राजा वारसी उर्फ कमल अफसर कुरैशी नईम साइकिल वाले कबीर कुरैशी सुमित कुमार जिला संगठन मंत्री अखिलेश शर्मा युवा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता नगर उपाध्यक्ष सुमित गर्ग ललित जैन राजीव पाल अखिलेश कौशिक नगर महामंत्री रमेश यादव विवेक गुप्ता इनवर्टर बैटरी संगठन के अध्यक्ष सरदार मोहन सिंह युवा नगर उपाध्यक्ष गोपाल पांडे आदि ने स्वागत किया।

# डीएम ने की नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में चुनाव से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाओं को ससमय पूरा किया जाये। साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाये। 1 मई से शुरू होने वाली मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान 12 या 12 ए (जो भी सम्बंधित हो) एकत्रित किये जाएं। कार्मिकों के लिए पोस्टल बैलट मतदान की उचित व्यवस्था ससमय करा ली जाये। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु तैनात मास्टर ट्रेनरों का एमडीएस ऐप का प्रशिक्षण कराया जाये। मतदान पार्टी रवानगी स्थल की सभी व्यवस्थाएं समय से करा ली जाएं। पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कर ली जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड अर्थ डे: नारायन कालेज के बच्चों ने किया जागरूक

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायन कालेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स में वर्ल्ड अर्थ डे के अवसर पर सोमवार को कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से यू.के.जी.के बच्चों ने क्ले माडलिगं में भाग लिया तथा अपनी नन्हीं कल्पनाओं को विभिन्न आकृतियों के माध्यम से उजागर किया तथा माटी से प्रेम दर्शाया। डा.धर्मेन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 1 से कक्षा 5 के बच्चों ने ड्राइंग कम्पटीशन में भाग लिया तथा प्रकृति और प्र्यावरण से सम्बन्धित विभिन्न चित्र बनाये। कक्षा 6 से कक्षा 12 के बच्चों ने÷प्लेनेट वर्सिस प्लास्टिक'' विषय पर पोस्टर बनाये। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया तथा प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाली हानि के बारे में नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। श्री शर्मा ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें प्लास्टिक की चीजों का प्रयोग न करके मिट्टी, कागज़, जूट आदि से बनी चीज़ों को प्रयोग करना चाहिये, जिससे पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। पृथ्वी के संरक्षण के लिये ये ज़रूरी है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाये जायें व उनका संरक्षण किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ डे मनाया जाता है। इस दिन के माध्यम से हम पृथ्वी से जुड़ी पर्यावरण की चुनौतियों जैसे कि क्लाइमेट चैंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण आदि के बारे में जागरूक हो कर इनका निदान कर सकते हैं। इस दिन को मनाने का मकसद यही है कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझें और पर्यावरण को बेहतर बनाये रखने के प्रति जागरूक हों। साथ ही सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने शपथ ली कि कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगायेंगे, वृक्षों को नष्ट नहीं होने देंगे तथा प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका डा.श्रेता तिवारी ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस ग्लोबल स्तर पर 190 से भी अधिक देशां द्वारा मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन हम लोगों को जलवायु परिवर्तन के कारणों तथा उससे निदान पाने के सम्बन्ध में जागरूक करते हैं। साथ ही उन्होने कहा कि प्लास्टिक जैसे हानिकारक पदार्थ का प्रयोग हमें रोक देना चाहिये तथा वृक्षारोपण के द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करके पृथ्वी को बचाने का संकल्प लेना चाहिये।

# यश इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया पृथ्वी दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** छोटे-छोटे कार्य, जब लाखों से गुणा हो जाएं, तो भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण अंतर ला सकते हैं। इसी दिवस की महत्वता समझाने के लिए सोमवार को यश इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया। शब्दों को क्रियान्वित करते हुए छात्रों ने असेंबली में÷पृथ्वी दिवस÷पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया, जो उन्हें हरित भविष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने बच्चों को प्रेरित करते हुए बताया कि पृथ्वी को संजो के रखने की कितनी आवश्यकता है क्योंकि ये केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि हमारे आने वाले भविष्य के लिए भी उतनी ही जरूरी है। इसी क्रम में विद्यालय के बच्चों में पोस्टर एवं स्लोगन मेकिंग प्रतियोगिता हुई जिसमे सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ के प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा दिखाई। आइए हम पृथ्वी के प्रबंधक बनने का संकल्प लें और हर दिन को पृथ्वी दिवस बनाएं।

# बच्चों ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मनाया अर्थ डे



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** क्रिएटिव किंगडम स्कूल के बच्चों ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारीयों के साथ मिलकर सोमवार को अर्थ डे उत्साह और संकल्प के साथ मनाया। विद्यार्थियों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार को पौधा संरक्षण के लिए दिया और धरती के संरक्षण के लिए नयी और अच्छी बातें भी सीखी और इस दिशा में उन्होंने बच्चो को सिखाया की किस प्रकार से बच्चें अपने प्लेनेट पृथ्वी को सुरक्षित रख सकते है। वहां उपस्थित जिला समन्वयक स्पेशल एजुकेशन अधिकारी अर्चना सिन्हा ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और बताया की विभिन प्रकार की एक्टिविटीज के माध्यम से हम बच्चो को जागरूक कर सकते है सभी बच्चो ने विभाग के सभी कर्मचारियों को नन्हे पौधे विद्यालय की ओर से दिये। विद्यालय की डायरेक्टर डॉ श्रेता तिवारी ने बच्चों से कहा कि प्लास्टिक की चीजों का प्रयोग न करके मिट्टी कागज आदि से बनी चीजों का प्रयोग करना चाहिए जिससे पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ डे मनाया जाता है। इस दिन के माध्यम से हम पृथ्वी से जुड़ी पर्यावरण की चुनौतियां जैसे कि क्लाइमेट चेंज, ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण आदि के बारे में जागरूक होकर इनका निदान कर सकते हैं। इस दिन को मनाने का मकसद यही है कि लोग पृथ्वी के महत्व को समझें और पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के प्रति जागरुक हो। विभाग के सभी गणमान्य लव सौरभ ज्ञानेन्द्र सिंह कुलदीप सिंह कुलदीप यादव आदि सभी ने अर्थ डे मनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य साक्षी सिंह मेघा, वन्दनीय गुप्ता, खुशबू, प्रीति केसरवानी आदि का विशेष योगदान रहा।

## पृथ्वी को बचाना है तो पालीथिन को हटाना है

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** पृथ्वी को बचाना है तो पालीथिन को हटाना है। यह आहवान विश्व पृथ्वी दिवस पर नेचर कंजर्वेशन एंड ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पृथ्वी बनाम प्लास्टिक विषय पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआरटओ बृजेश कुमार ने कहा कि पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण की सर्वाधिक हिस्सेदारी एशियाई देशों की है हमारे देश में जलवायु अच्छी होने के कारण हमें पर्यावरण के साथ तालमेल बैठा कर जीवन जीने की कला सीखनी चाहिए। प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग होने से हमारा गृह प्रदूषण की चपेट में है। हमें इसके उपयोग से बचना चाहिए। जिला समन्वयक विज्ञान क्लब डॉ मुकेश यादव ने कहा कि पॉलिथीन का चलन आम हो गया है पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े जूट या केले से बने थैलों का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होने कहा कि पृथ्वी को बचाना है तो प्लास्टिक को हटाना है। डॉ कैलाश चंद्र यादव प्रधानाचार्य ने कहा विद्यार्थी देश के निर्माण में अपना योगदान देते हैं अपने गृह को स्वच्छ प्रदूषण और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए शपथ लें तो आने वाले समय में प्लास्टिक कचरे को काम किया जा सकता है। सामाजसेवी संजय सक्सैना ने कहा कि कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता बस करने का संकल्प होना चाहिए कोई भी चीज एक दिन में परिवर्तित नहीं होती परिवर्तन के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए संस्था सचिव जल संरक्षक निर्मल सिंह ने कहा की पॉलिथीन या प्लास्टिक का 10 प्रतिशात ही री-साइकिल किया जा पा रहा है यदि हम पॉलिथीन पर अपने निर्भरता को कम करें तो अपने प्रथ्वी को प्रदूषण से बचा सकते है। इस मौके पर पौधारोपण भी किया गया। भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी पाने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# इंटेलिजेंस कोचिंग सेंटर के बच्चों ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इंटेलिजेंस कोचिंग सेंटर के संचालक अफरोज खान ने बताया कि सेंटर के बच्चों ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में परचम लहराया जिसमे कक्षा 10 की छात्रा सदफ ने गणित में 96 तमजीद ने 92 विशाल यादव ने 91अंकित यादव ने 88 इकरा और रुखसार ने 87 और झलक ने 85 अंक प्राप्त किए साथ ही इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा सदफ ने कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया और छात्रा अलीशा ने कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। श्री अफरोज ने सभी छात्र-छात्राओं को मेडल और माला पहनाकर सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। श्री अफरोज़ ने कहा कि भविष्य में यूं ही सफलताएं प्राप्त करते रहे और अपना-अपने माता-पिता और गुरुओं का नाम रोशन करते रहे।

## हल्के में ले रहा सरकारी तंत्र जिले में 34,522 बुजुर्ग मतदाता

**मथुरा।** जिले में 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं ने पहली बार घर बैठे वोट डालने में खास रुचि नहीं दिखाई। हालांकि बीएलओ भी बुजुर्ग मतदाताओं तक पहुंच बनाने में सफल नहीं हो पाए। जिले में 80 वर्ष से ऊपर के 34,522 मतदाता हैं, लेकिन केवल 116 बुजुर्गों ने ही घर बैठे वोट डाले हैं।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में 80 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर बैठे मतदान की सुविधा दी गई है। इस प्रकार की नई मतदान प्रक्रिया 19 और 20 अप्रैल को पूरी की गई। इस नई मतदान प्रक्रिया के लिए मतदान पार्टियों ने बुजुर्ग मतदाताओं से संपर्क किया और अपने साथ लेकर गए बैलेट बॉक्स में बुजर्गों के वोट डलवाए। जिले में कुल आठ मतदान पार्टियों को नई मतदान प्रक्रिया कराने के लिए भेजा गया था।

## मतदाता जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**मथुरा।** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं स्वीप नोडल अधिकारी / मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मतदाता जागरूकता रैली जिलाधिकारी कार्यालय से प्रारंभ हुई जिसमें फार्मेसी पाठ्यक्रम में अध्यनरत विभिन्न संस्थाओं के साथ साथ छात्राओं ने भाग लिया। रैली रजिस्ट्री कार्यालय से होती हुई तहसील प्रांगण पहुंची जिसको राजकीय महाविद्यालय मांट मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा लीड किया गया।

# मतदाता जागरुकता पर कार्यक्रम आयोजित




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में मुख्यायुक्त मनोज कुमार व जिला सचिव रविंद्र सिंह यादव के निर्देशानुसार सनातन धर्म इंटर कॉलेज में मतदाता जागरुकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे स्काउट/गाइड बच्चों के द्वारा कला व भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया साथ ही स्लोगन के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमे आम जनमानस को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही मतदाताओं को जागरूक रहने और 13 मई को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित किया, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में वंचित न रह जाए। हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। हमें वोट डालने का अधिकार है, इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया व कॉलेज के द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेट कर कार्यक्रम का समापन किया गया । इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त स्काउट डॉ.सुनील कुमार, स्वीटी मथुरिया जिला संगठन कमिश्नर गाइड, डॉ विपिन कुमार, अरविंद कुमार वरिष्ठ प्रवक्ता, स्मिता यादव प्रवक्ता, अवधेश यादव, अखिलेश शुक्ला, यूनिट लीडर कृष्ण कुमार, नंदनी यूनिट लीडर गाइड, मनोज कुमार, राजेश चौधरी, फूलसिंह, कंचन राठौर उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप कुमार प्रवक्ता के द्वारा किया गया।

# स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी ने किया लाडो का कन्यादान

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी जो कि लगातार जरूरतमंदो की सेवा का कार्य कर रही है हर बहन-बेटी को सशक्त, मजबूत बनाने के लिए एस.एफ सोसाइटी हर संभव प्रयास करती है। किसी गरीब की मदद करनी हो या किसी बेटी की शादी करानी हो, सदैव ही इस नेक कार्यो के लिए आगे रहती है। सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य पियूष बंसल ने बताया एस.एफ सोसाइटी द्वारा चल रहे प्रोजेक्ट लाडो के तहत आज निवासी अम्बेडकर कॉलोनी, सोंख रोड, मथुरा में रहनें वाली दो बहनो के घर जाकर उनका कन्यादान किया गया। और बताया की सामाजिक परिवेश में एक-दूसरे की मदद करना हमारी परंपरा में शामिल है। जब इसकी जानकारी मिली तो सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य राजन गुप्ता ने संस्था के सदस्यों के साथ उन बहनों के घर पहुँचकर शुभ विवाह हेतु योगदान में उनके उपयोगी सभी महत्वपूर्ण वस्तुओं में जैसे दावत के लिए राशन का सामान, पायल, बिछिये, मिक्सी, कुकर, सिलाई मशीन, पंखा, बर्तन,स्टील की टंकी , गैस स्टोव, प्रैस, श्रृंगार का सामान, 7 साड़ियां, 2 जोड़ी लड़के के कपड़े, 2 बेडशीट, और कुछ गिफ्ट और जरूरत का सामान एवं योगदान के रूप में कुछ रुपये नगद भेंट कर उनकी सहायता की एवं हर संभव मदद करने का आश्वाशन भी दिया।

# प्रत्याशी को नहीं जरूर पदाधिकारियों और बसपा नेताओं की

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सामान्य लोकसभा चुनाव पहले चरण का मतदान हो चुका है दूसरे चरण का मतदान होने में अभी कुछ ही दिन शेष रह गए हैं सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशी अपनी पूरी ताकत चुनाव प्रचार और मतदाताओं को रिझाने में लगाए हुए हैं। मथुरा में दूसरे चरण में मतदान होना है इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी की दो बार की सांसद हेमा मालिनी को तीसरी बार टिकट देकर हैट्रिक बनाने का मौका दिया गया है भाजपा प्रत्याशी पक्ष में मतदान करने के लिए जिले के पांच विधायक 2 एमएलसी जिला पंचायत अध्यक्ष राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के अलावा राज्यसभा सांसद और तीन से चार दर्जा प्राप्त मंत्री भी भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत लगाए हुए हैं दूसरी तरफ बहुजन समाज पार्टी ने इसबार कट्टर हिंदूवादी चेहरा को अपना प्रत्याशी बनाया है पूर्व अधिकारी होने के साथ ही एक आवासीय विद्यालय के संचालक भी हैं अपने क्षेत्र में अपनी बिरादरी में अच्छी पकड़ रखते हैं वह अपनी जाति के वोटो के दम पर अपनी जीत दर्ज करने का दावा कर रहे हैं वहीं उन्होंने पार्टी संगठन के पदाधिकारी नेताओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया हुआ है जिसकी वजह से बहुजन समाज पार्टी के मूल केडर वोट बैंक में अपने प्रत्याशी की उदासीनता को लेकर निराशा का भाव देखा जा रहा है वहीं बसपा के मतदाताओं में यह भी चर्चा है बसपा प्रमुख ने प्रत्याशी बनाए गए व्यक्ति से टिकट का पैसा लिया है या हमारी वोटो के बदले यह चर्चा का विषय बना हुआ है! बहुजन समाज पार्टी ने पहले ब्राह्मण समाज के युवा चेहरा पत्रकार पंडित कमलकांत उपमन्यु को अपना उम्मीदवार बनाया था उनका टिकट काटकर चौधरी सुरेश सिंह को बहुजन समाज पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है जिस व्यक्ति को बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी घोषित किया है वह पूरे जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। उनके द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में भी संघ की गतिविधियों का संचालन होता है , भले ही पार्टी ने जिले की सबसे अधिक वोट वाली बिरादरी जाट जाति से प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है उनकी पूर्व छवि को बहुजन समाज पार्टी का मूल वोट बैंक और पढ़ा लिखा तबका हजम नहीं कर पा रहा है। वही मुस्लिम समाज बीएसपी के प्रत्याशी की छवि को लेकर संशय की स्थिति में है इस सीट पर मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी की हेमा मालिनी और बहुजन समाज पार्टी के चौधरी सुरेश सिंह के मध्य है। जिले की जाट बिरादरी जो अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंतित दिखाई दे रही है वहीं राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन करने से भाजपा से दूरी बनाने बैठ जाट बिरादरी के लोगों के मध्य आग में घी का काम किया है।

# नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से मांगा वोट

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** इंडिया गठबंधन से कांग्रेस से प्रत्याशी मुकेश धनगर के पक्ष में इंडिया गठबंधन के घटक दल आम आदमी पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं सपा के नेता नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से प्रचार करने में जोर-जोर से उतरे। तीन दिन लगातार नुक्कड़ सभाओं की योजनाएं तैयार कर ली गई है तथा प्रशासन से अनुमति भी ले ली गई है। डीग गेट तेली पाड़ा नई बस्ती कच्ची सड़क पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने कहा कि देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के कुशासन को अच्छी तरह पहचान लिया है ।चाल ,चरित्र और चेहरे के नाम पर सत्ता में आई भाजपा की चाल में चलाकी, चरित्र में हीनता और चेहरे से चोरी जनता की पकड़ में आ गई है। जो वायदे 2014 में किए थे उन्हें भाजपा 2019 में भूल गई और 2019 के बायदों को 2024 में भूलकर जनता को गुमराह करने का कुप्रयास कर रही है। गृहमंत्री अमित शाह की सभा में भाजपाइयों के पूरा प्रयास करने के बावजूद भाड़े की भीड़ भी नहीं आई। भीड़ के निर्धारित लक्ष्य का 10 प्रतिशत हिस्सा भी, भारी खर्च करने के बावजूद पूरा नहीं हुआ। इससे बौखलाए गृहमंत्री अमित शाह ने जनता के हित में एक भी शब्द नहीं बोला वह इधर-उधर की बात करते रहे उनकी बातों में किसान मजदूर नौजवान छात्र महिला आदि के हितों के लिए कुछ नहीं था। इस अवसर पर कामरेड शिवदत्त चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता के बीच में नफरत की खाई पैदा की है लोकतंत्र को खतरा पैदा हुआ है। सीपीआई नेता वरिष्ठ नेता कामरेड गफ्फार अब्बास ने कहा कि देश का संविधान और धर्मनिरपेक्षता खतरे में है जिसे बचाने के लिए इंडिया गठबंधन बना है छात्र नेता रवि शर्मा ने सभी से बड़े पैमाने पर एकजुट होकर भाजपा विरोध में मतदान की अपील की वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमाशंकर शर्मा ने अपने संबोधन में कांग्रेस की विगत की उपलब्धियां और वर्तमान के घोषणा पत्र पर प्रकाश डाला। आपके वरिष्ठ नेता सुरेश कुमार सैनी ने कहा कि बीजेपी इंडिया गठबंधन से डर गई है और मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकना चाहती है।

## नियमों का उल्लंघन करने पर विराट कोहली को मिली सजा, लगा मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना



आईपीएल में रविवार को हुए केकेआर और आरसीबी मैच के दौरान विराट कोहली का विकेट चर्चा में रहा, इसके बाद क्रिकेट जगत के लोग भी दो भागों में बंटे हुए नजर आए। कोई इस विकेट को सही बता रहा है तो कई पूर्व क्रिकेटर इसे गलत बताते हुए अंपायरिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विकेट के बाद विराट कोहली ने गुस्से में अंपायर से बात की और डगआउट में जाकर बैट को पटका और इसके बाद डस्टबिन पर भी जोर से मारा।

इन सबके बाद बीसीसीआई ने विराट कोहली को सजा सुनाई है। दरअसल, मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए विराट कोहली पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया है।

बता दें कि, विराट कोहली को एख वेस्ट हाईट वाली गेंद पर कैच आउट दे दिया गया था। गेंद का जब इम्पैक्ट बल्ले के साथ था तो गेंद वेस्ट हाईट से ऊपर थी। हालांकि, क्रीज को देखें तो गेंद उनकी वेस्ट हाईट से नीचे जा रही थी। यहां तक कि इस साल वेस्ट हाईट नो बॉल को चेक करने के लिए खिलाड़ियों की वेस्ट हाईट को भी नापा गया है। इस तरह हर्षित राणा की गेंद वेस्ट हाईट से नीचे थी और नियमों के मुताबिक विराट कोहली आउट थे, लेकिन विराट को ये स्वीकार नहीं था और वे अंपायर से भिड़ गए थे कि उनका इम्पैक्ट जब हुआ तो गेंद काफी ऊपर थी। इस पर मैदानी अंपायरों कुछ नहीं कहा था और उन्हें मैदान से बाहर जाने के लिए बोला था।

## बेखौफ होकर टीम के लिये खेलना ही मूलमंत्र : साई किशोर

साई किशोर ने चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट लिये। प्लेयर आफ द मैच साई किशोर ने कहा मैं टीम के लिये 120 प्रतिशत देने की कोशिश कर रहा था। बेखौफ होकर टीम के लिये खेलना चाहता था, नतीजा चाहे जो हो। पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट लेकर गुजरात टाइटंस की जीत के सूत्रधार बने स्पिनर आर साई किशोर ने कहा कि वह बस निर्भीक होकर टीम के लिये खेल रहे थे। पंजाब को 142 रन पर आउट करने के बाद गुजरात टाइटंस ने पांच गेंद बाकी रहते तीन विकेट से जीत दर्ज की। साई किशोर ने चार ओवर में 33 रन देकर चार विकेट लिये। प्लेयर आफ द मैच साई किशोर ने कहा मैं टीम के लिये 120 प्रतिशत देने की कोशिश कर रहा था। बेखौफ होकर टीम के लिये खेलना चाहता था, नतीजा चाहे जो हो। उन्होंने कहा इस विकेट पर रफ्तार में बदलाव अहम था। राशिदऔर नूर अहमद ने भी उम्दा गेंदबाजी की। वहीं गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने कहा हमें जल्दी मैच खत्म करना चाहिये था लेकिन दो अंक लेने की खुशी है। कप्तानी के दबाव के बारे में उन्होंने कहा मैं बल्लेबाजी के समय सिर्फ एक बल्लेबाज के तौर पर खेलता हूं, कप्तानी के बारे में नहीं सोचता।

## स्टार्क सुपरस्टार है, उनके बारे में निवेश के नजरिए से नहीं सोचना चाहिये : केकेआर सीईओ मैसूर



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना कर रहे सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क का सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वेंकी मैसूर ने समर्थन करते हुए कहा कि वह इस अनुभवी खिलाड़ी को 'निवेश के दष्टिकोण' से नहीं देखते हैं। केकेआर ने आईपीएल नीलामी स्टार्क को रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपये की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। इसे हालांकि जोखिम भरा फैसला माना जा रहा था कि क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के पास सबसे छोटे प्रारूप में सीमित अनुभव था और वह नौ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे। मैसूर ने यहां केकेआर से जुड़े एक गोल्फ कार्यक्रम के इतर कहा, ''वह सुपरस्टार है और बेहतरीन खिलाड़ी है। उन्होंने कहा, हम इसे निवेश के दृष्टिकोण से नहीं सोचते हैं, क्योंकि आप नीलामी में जाते हैं और नीलामी में ऐसी चीजें होती हैं, जो न तो खिलाड़ी के हाथ में होती हैं और न ही किसी और के हाथ में होती हैं।''

उन्होंने कहा, हमें बस यही लगा कि मिचेल स्टार्क जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल करने से काफी महत्व बढ़ेगा। मेरा मतलब है कि टीम में उसकी मौजूदगी से मजबूती मिलती है। उनके पास उस तरह की विशिष्ट कौशल है जिसकी हमारे सहयोगी स्टाफ को तलाश थी। स्टार्क ने अपने शुरुआती दो मैचों बिना किसी सफलता के 100 रन से ज्यादा लुटाये थे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के नौवें क्रम के बल्लेबाज कर्ण शर्मा ने रविवार को उनके खिलाफ आखिरी ओवर में तीन छक्के जड़ दिये। उन्होंने हालांकि ओवर की पांचवीं गेंद पर उनका कैच पकड़ कर वापसी की जिससे टी एक रन से जीत दर्ज करने में सफल रही।

## अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स



गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं।


चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है। चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा।

चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर जडेजा को गेंदबाजी में बेहतर करना होगा। लखनऊ के लिये बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे। तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके। मैट हेनरी को लखनऊ के लिये पदार्पण पर विकेट नहीं मिल सके और वे खुद को साबित करना चाहते होंगे। स्पिन गेंदबाजी में कृणाल पंड्या के दो विकेट बीच के ओवरों में काफी अहम रहे। एक बार फिर उन पर और युवा रवि बिश्नोई पर बीच के ओवरों में चेन्नई पर दबाव बनाने का दारोमदार होगा।

***लखनऊ सुपर जाइंट्स:*** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

***चेन्नई सुपरकिंग्स:*** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

## सैम कुरेन पर आईपीएल ने लगाया मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना



पंजाब किंग्स के कार्यवाहक कप्तान सैम करन को डबल झटका लगा है। पहले उनकी टीम को आईपीएल के 37वें मैच में गुजरात टाइटंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा और फिर बीसीसीआई ने तगड़ा जुर्माना ठोका दिया। उनपर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगा है। दरअसल, करन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया है। उन्होंने गुजरात के खिलाफ मुकाबले के दौरान एक गलती की थी। उन्होंने अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाई थी।

करन ने लेवल एक का अपराध किया। बीसीसीआई द्वार सोमवार को जारी की गई प्रेस रिलीज की मुताबित, सैम कुरन पर गुजरात के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने अपराध और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

मैच की बात करें तो पंजाब को मुल्लांपुर के स्टेडियम में 3 विकेट से करीबी हार मिली। पीबीकेएल ने 14 3 रन का लक्ष्य रखा, जिसे गुजरात की टीम ने पांच गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। इंग्लिश ऑलराउंडर सैम करने बतौर ओपनर उतरे। उन्होंने 19 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 20 रन की पारी खेली। उन्होंने दो ओवर डाले और 18 रन खर्च किए। करन ने एक विकेट चटकाया। उन्होंने 19 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 20 रन की पारी खेली। उन्होंने दो ओवर डाले और 18 रन खर्च किए। करन ने एक विकेट चटकाया। पंजाब की ओर से सर्वाधिक रन प्रभसिमरन सिंह (35) ने बनाए। गुजरात के लिए राहुल तेवतिया (नाबाद 36), कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन (31) ने अहम पारी खेली।

## भाई सलमान खान की सलामती के लिए दिल्ली की निज़ामुद्दीन दरगाह पहुंची बहन अर्पिता, खुदा से मांगी दुआ



मुंबई में बॉलीवुड सुपरस्टार के पॉश आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के कुछ दिनों बाद, उनकी बहन अर्पिता खान ने दिल्ली में प्रतिष्ठित निज़ामुद्दीन दरगाह का दौरा किया और अपने भाई की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। रविवार को अर्पिता अकेले ही दरगाह गईं और भारी भीड़ के बीच प्रार्थना करती देखी गईं।

उनकी यात्रा का एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया है जिसमें वह कड़ी सुरक्षा के बीच दरगाह में प्रवेश करते समय फूलों की पोशाक पहने हुए अपना सिर ढंकते हुए देखी जा सकती हैं। कथित तौर पर उसने दरगाह पर अपने भाई और अपने परिवार के अन्य सदस्यों की भलाई के लिए प्रार्थना की। जो लोग नहीं जानते, उनके लिए यह दरगाह प्रसिद्ध है क्योंकि लोगों का मानना है कि इस दरगाह पर जो भी भक्त सच्चे दिल से प्रार्थना करता है वह निश्चित रूप से पूरी होती है। 14 अप्रैल को, मुंबई के बांद्रा स्थित सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर तड़के पांच राउंड फायरिंग की गई, जिससे परिवार के साथ-साथ सुपरस्टार के प्रशंसक भी सदमे में आ गए।

बाद में, गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि यह सिर्फ एक ट्रेलर था। अब सलमान के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है, साथ ही अभिनेता को सुरक्षा भी दी गई है जो महाराष्ट्र पुलिस द्वारा पहले ही प्रदान की गई है। हमले के कुछ दिनों बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी व्यक्तिगत रूप से अभिनेता के आवास पर जाते देखा गया और उन्होंने खान-दान को सुनिश्चित किया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, सलमान इस हमले से बेफिक्र दिख रहे हैं क्योंकि उन्हें हाल ही में दुबई के लिए उड़ान भरते और एक मेगा इवेंट के बाद वहां से लौटते देखा गया था। उनके पिता, अनुभवी पटकथा लेखक सलीम खान ने भी कहा कि हमला प्रचार पाने के लिए किया गया था।

## दुबई में पाकिस्तानी एक्टर हनिया आमिर के साथ घूम रहे बादशाह, डेटिंग की अफवाहें तेज हो गईं



रैपर-गायक बादशाह ने हाल ही में दुबई में पाकिस्तानी अभिनेता हनिया आमिर के साथ समय बिताया। उनकी मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो हनिया ने सोशल मीडिया पर साझा किए, जिससे उनकी डेटिंग की अफवाहों को बल मिला। बादशाह और हानिया की डेटिंग की अफवाहें पिछले साल दिसंबर में शुरू हुई जब बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भारतीय रैपर के साथ अपनी तस्वीरें साझा कीं।

19 अप्रैल को हानिया ने इंस्टाग्राम पर भावनात्मक रूप से अच्छा महसूस न करने के बारे में लिखा। 21 अप्रैल को, उन्होंने बादशाह के साथ अपनी कई तस्वीरें और वीडियो साझा कीं और कैप्शन दिया, बचाव चंडीगढ़ से आया। तस्वीरों में, बेज टॉप और नीली जींस पहने हनिया, बादशाह के साथ पोज़ देती हुई नजर आ रही हैं, जो अपने पूरे काले रंग के आउटफिट में स्मार्ट लग रहे थे। हनिया ने बादशाह के कथन वाला एक वीडियो भी साझा किया। वीडियो में, जैसे ही कैमरा हनिया की ओर बढ़ता है, बादशाह हंसने से पहले कहते हैं, सीन ऐसा शुरू होगा, खुला आसमान दुबई का।

हनिया आमिर कौन है?

हनिया आमिर मुख्य रूप से उर्दू भाषा के टीवी शो और फिल्मों में दिखाई देती हैं। उन्होंने 2016 की कॉमेडी फिल्म जनान से अभिनय की शुरुआत की।

## वायरल डीपफेक वीडियो के बाद रणवीर सिंह ने दर्ज कराई शिकायत, एफआईआर दर्ज



डीपफेक वीडियो का ताजा शिकार बने रणवीर सिंह ने मुंबई पुलिस की साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई है। अभिनेता के वायरल एआई-जनरेटेड वीडियो में उन्हें एक पार्टी का समर्थन करते हुए अपने राजनीतिक विचार व्यक्त करते हुए दिखाया गया है। रणवीर सिंह का वायरल वीडियो उनके हालिया वाराणसी दौरे का है। क्लिप में ऑडियो सक्षम था। मामले में नवीनतम घटनाक्रम के अनुसार, रणवीर सिंह के आधिकारिक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि अभिनेता ने पुलिस शिकायत दर्ज की है और साइबर अपराध सेल द्वारा आगे की जांच के लिए एफआईआर दर्ज की गई है।

बयान जारी करते हुए, प्रवक्ता ने कहा, हां, हमने पुलिस शिकायत दर्ज की है और उस हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है जो श्री रणवीर सिंह के एआई-जनरेटेड डीपफेक वीडियो को बढ़ावा दे रहा था।

इससे पहले, रणवीर ने दर्शकों को एक्स पर डीपफेक वीडियो के बारे में भी संबोधित किया था और चेतावनी दी थी और लिखा था, डीपफेक से बचो दोस्तों। इससे पहले, आमिर खान भी डीपफेक का शिकार हुए थे, जहां उनका कथित तौर पर एक राजनीतिक पार्टी का प्रचार करने वाला वीडियो वायरल हुआ था।

वीडियो को फर्जी बताते हुए 59 वर्षीय अभिनेता ने मुंबई पुलिस के साइबर क्राइम सेल में शिकायत भी दर्ज कराई थी। यह बताया गया है कि यह अभिनेता का एआई-जनरेटेड वीडियो सत्यमेव जयते के समय का था, यह शो उन्होंने लगभग एक दशक पहले होस्ट किया था।

## बहुत अच्छे दर्शन पाकर धन्य हुए, रितेश देशमुख-जेनेलिया ने बेटों के साथ किए अयोध्या के राम मंदिर के दर्शन



जनवरी में पूरे देश ने अयोध्या में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखा। तब से बॉलीवुड हस्तियां और अन्य गणमान्य व्यक्ति अक्सर इस पवित्र स्थान पर आते रहे हैं। अमिताभ बच्चन उन मशहूर हस्तियों में से एक थे जो आशीर्वाद लेने के लिए एक बार फिर मंदिर गए। अब रितेश देशमुख भी अपनी पत्नी और बेटों के साथ अयोध्या दौरे पर नजर आए।

रितेश देशमुख ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मंत्रों से बढ़के तेरा नाम...जय श्री राम!!! रामलला के भव्य दर्शन पाकर धन्य हो गया!! ¤राममंदिरयोध्या। इस तस्वीर में परिवार को बड़ी श्रद्धा से राम लला की पूजा करते देखा जा सकता है। दूसरी तस्वीर में मंदिर की मूर्ति की झलक दिख रही है।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी सात साल के लंबे अंतराल के बाद बहुप्रतीक्षित फिल्म मस्ती 4 के लिए फिर से साथ आएंगे। मस्ती 4 नामक फिल्म इस गर्मी में फ्लोर पर जाएगी और वापस आएगी। इसकी जड़ें, जैसा कि निर्देशक मिलाप जावेरी ने साझा किया है, जो निर्देशक के रूप में बागडोर संभालने के लिए तैयार हैं। ऐसा माना जाता है कि फिल्म में मुख्य किरदारों के शरारती आकर्षण के साथ हास्य की समान मात्रा का मिश्रण है। मस्ती, जो 2004 में रिलीज़ हुई थी, ने बड़ी व्यावसायिक सफलता दर्ज की और पहले दो सीक्वल, ग्रैंड मस्ती और ग्रेट ग्रैंड मस्ती के लिए रीबूट किया गया। मस्ती 4 का निर्माण इंद्र कुमार, ए झुनझुनवाला, अशोक ठकेरिया और एस के अहलूवालिया ने किया है।

रितेश देशमुख ने 2022 में वेद के साथ निर्देशक के रूप में अपनी पहचान बनाई, जो एक ब्लॉकबस्टर साबित हुई। अब। अभिनेता अपनी अगली निर्देशित फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज के अलावा, वह अगली बार अजय देवगन स्टारर रेड 2 में दिखाई देंगे। वह प्रतिपक्षी की भूमिका निभाएंगे। राजकुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित। रेड 2 इसी साल 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों पर राजकुमार राव ने तोड़ी चुप्पी, बोले- मैंने फिलर वर्क करावाया है



अपनी अपकमिंग फिल्म श्रीकांत आ रहा है सबकी आंखें खोलने को लेकर ट्रेंड में हैं। उनके लुक और डेडिकेशन को लेकर काफी तारीफ हो रही है। हालांकि इस फिल्म के अलावा वह अपने लुक्स लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। एक्टर को लेकर अफवाहें उड़ रही है कि क्या उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है? इस पर राजकुमार ने चुप्पी तोड़ी है।

***राजकुमार ने तोड़ी चुप्पी***

राजकुमार राव ने आखिरकार उन अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है जिनमें दावा किया गया था कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी कराई है। हाल ही में एक्टर की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी जिसमें उनकी ठुड्डी लंबी नजर आ रही थी। फोटो ने नेटिज़न्स को आश्चर्यचकित कर दिया था कि क्या राजकुमार ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई थी। हालांकि, अभिनेता ने अब स्पष्ट किया है कि ऐसा नहीं है। उन्होंने वायरल फोटो को फर्जी बताया और कहा कि इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। इंडिया टुडे को दिए हालिया इंटरव्यू में राजकुमार राव ने कहा, अगर आपने वह तस्वीर देखी है तो वह मेरी तरह बिल्कुल भी नहीं लग रही है। यह सचमुच मज़ेदार था क्योंकि इसमें मैं भी नहीं हूं। मुझे लगता है किसी ने शरारत की है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह एक मार्मिक छवि थी।

39 वर्षीय अभिनेता ने आगे बताया कि कैसे प्लास्टिक सर्जरी की खबरें सुर्खियां बनते ही सोशल मीडिया यूजर्स ने उनकी पुरानी तस्वीरें खंगालनी शुरू कर दीं। उन्होंने कहा, लोग प्लास्टिक सर्जरी जैसे बड़े शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे, लेकिन मैं कभी भी आलोचना के घेरे में नहीं आया। लेकिन, राजकुमार ने उन्होंने कहा, लगभग नौ साल पहले फिलर्स लेने की बात भी स्वीकार की थी। जब मैंने शुरुआत की, तो लोग मेरे लुक पर टिप्पणी करते थे। तो हां, लगभग आठ-नौ साल पहले, मुझे फिलर्स मिले थे। मैंने बेहतर महसूस करने और बेहतर दिखने के लिए ऐसा किया, ताकि मेरा चेहरा संतुलित दिखे। यह मेरे त्वचा विशेषज्ञ द्वारा निर्धारित किया गया था। और मैं सचमुच सोचता हूं कि यदि कोई आत्मविश्वास हासिल करने के लिए ऐसा करना चाहता है, तो क्यों नहीं? इसमें कोई नुकसान नहीं है।

इस बीच, काम के मोर्चे पर हैं, राजकुमार राव की झोली में कई प्रोजेक्ट हैं। वह जल्द ही श्रीकांत में नजर आएंगे, जो 10 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जान्हवी कपूर के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही में नजर आएगे।

## इस्कॉन और एनएसडीसी मिलकर देंगे आदिवासी और वंचित युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) साझेदारी में देश के आदिवासी और वंचित युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देंगे। आज (सोमवार) इस संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। एनएसडीसी और इस्कॉन के पदाधिकारियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि एक रणनीतिक साझेदारी के तहत उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के लिए प्रशिक्षण की योजना बनाई है। प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को विदेश में भी नौकरी करने का मौका भी मिलेगा।

एनएसडीसी और इस्कॉन के साझेदारी के तहत संयुक्त रूप से संचालित किए जाने वाले शार्ट-टर्म कोर्स के माध्यम से प्रतिभागियों को स्किल इंडिया डिजिटल हब प्लेटफॉर्म के माध्यम से मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात ग्लोबल मोबिलिटी और प्लेसमेंट व्यवस्था में विशेषज्ञता रखने वाली एनएसडीसी की सहायक कंपनी एनएसडीसी इंटरनेशनल द्वारा विदेशों में भी नौकरी दी जाएगी।

इस साझेदारी के तहत इस्कॉन महाराष्ट्र के पालघर और गढ़चिरौली जैसे क्षेत्रों के साथ-साथ गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे पड़ोसी राज्यों के आदिवासी युवाओं को सशक्त बनाने के लिए एक पाकशाला संबंधी स्कूल की स्थापना करेगा। विशेष रूप से प्रशिक्षित व्यक्तियों को 2025 में प्रयागराज में आगामी महाकुंभ के दौरान रसोईघर में काम करने का मौका देगा।

इस साझेदारी का प्राथमिक उद्देश्य इको विलेज और ट्रेनिंग सेंटरों की स्थापना के माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत करना है। इसके तहत पहले प्रोजेक्ट का लक्ष्य नंदुरबार (महाराष्ट्र), जयपुर ग्रामीण (राजस्थान) और मंडला और बालाघाट (मध्य प्रदेश) जिसमें कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के आसपास के क्षेत्र भी शामिल हैं, जैसे क्षेत्रों में समान आत्मनिर्भर और टिकाऊ प्रतिष्ठान स्थापित करके महाराष्ट्र के पालघर के गोवर्धन इको विलेज (जीईवी) जैसी सफलता को दोहराना है।

# गर्मी और लू का प्रभाव नहीं लेकिन तैयारी में चुनाव आयोग, 26 अप्रैल के मतदान पर बैठक

**नई दिल्ली (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने आज देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और लू चलने की रिपोर्टों के मद्देनजर बदलते मौसम की स्थिति को समझने और सामान्य अवधि के दौरान गर्म मौसम की स्थिति के कारण किसी भी जोखिम को कम करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक की।

**चिंता**

**मौसम विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक ने आज चुनाव आयोग को सूचित किया कि दूसरे चरण के लिए इस महीने की 26 तारीख को होने वाले मतदान में लू चलने से संबंधित कोई बड़ी चिंता नहीं है।**



मौसम विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक ने आज चुनाव आयोग को सूचित किया कि दूसरे चरण के लिए इस महीने की 26 तारीख को होने वाले मतदान में लू चलने से संबंधित कोई बड़ी चिंता नहीं है। दूसरे चरण में मतदान वाले 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के लिए मौसम का पूर्वानुमान सामान्य है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के अतिरिक्त सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के विभाग प्रमुख और मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) डीजी मौसम विज्ञान ने भाग लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोग, आईएमडी, एनडीएमए और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों की एक टास्क फोर्स आवश्यकता पड़ने पर मतदान से पांच दिन पहले गर्मी की लहर और आर्द्रता के प्रभाव की समीक्षा करेगी।

आयोग ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को राज्यों में स्वास्थ्य अधिकारियों को चुनाव संचालन को प्रभावित करने वाली लू की स्थिति के लिए तैयारी करने और सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा है।

आयोग 16 मार्च के अपने परामर्श के अनुसार मतदान केंद्रों पर शामियाना, पीने के पानी, पंखे और अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं आदि सहित पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सीईओ के साथ अलग से समीक्षा करेगा।

मतदान केंद्र क्षेत्रों में गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए एहतियाती उपायों (क्या करें और क्या न करें) के लिए जनता के बीच आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियां की जाएंगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर कांग्रेस की तीखी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बांसवाड़ा रैली में दिए गए एक बयान पर कांग्रेस और विपक्ष की कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि हमारे घोषणा पत्र की हमारी 25 गारंटियां सबके लिए हैं। वहीं कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र की कॉपी प्रधानमंत्री कार्यालय भी भेजी जाएगी।

रविवार को प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा रैली के दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर सवाल खड़े किए थे। प्रधानमंत्री कहा था कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आती है तो वह लोगों की संपत्ति लेकर मुसलमानों को बांट देगी। पीएम मोदी ने यह बात पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के एक बयान से जोड़कर कही जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर 'पहला हक' अल्पसंख्यक समुदाय का है।

प्रधानमंत्री के रविवार के इस बयान पर सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, , ÷...क्या हर महिला को सालाना 1 लाख रुपये देना मुस्लिम लीग का कार्यक्रम है? युवाओं को नौकरी देना, उन्हें प्रशिक्षण देना और प्रशिक्षण के लिए 1 लाख रुपये देना। क्या यह मुस्लिम लीग का कार्यक्रम है?...हमने सबके लिए 25 गारंटी दी है, गरीबों के लिए है, महिलाओं के लिए है, युवाओं के लिए है, दलितों के लिए है, हमने सबके लिए गारंटी दी है।''

कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनाव सामंजस्यपूर्ण मानसिकता के साथ लड़ा जाना चाहिए। हमारे घोषणा पत्र में ऐसा कुछ भी नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। हम अपना घोषणा पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय भेजेंगे ताकि वे ठीक से पढ़ सकें।

# भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी ट्रांसओशनिक अभियान के बाद गोवा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय नौसेना नौकायन पोत (आईएनएसवी) तारिणी लगभग दो महीने के ऐतिहासिक ट्रांसओशनिक अभियान के बाद गोवा में अपने बेस पोर्ट पर विजयी होकर लौट आया है। यह अभियान भारतीय नौसेना की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा अधिकारी ने डबल-हैंडेड मोड में चलाया। महिला अधिकारियों की यह असाधारण यात्रा मील का पत्थर है, क्योंकि ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत पहला देश बन गया है। यह अभियान 28 फरवरी को गोवा से हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया था। हिंद महासागर के माध्यम से 22 दिनों की यात्रा के बाद आईएनएसवी तारिणी 21 मार्च को पोर्ट लुइस, मॉरीशस पहुंची। इस ऐतिहासिक क्षण को कई कार्यक्रमों के साथ मनाया गया, जहां अधिकारियों को मॉरीशस तटरक्षक और भारतीय उच्चायोग के सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत करने का मौका मिला। जहाज के नौसेना कर्मियों ने मॉरीशस तटरक्षक बल के कर्मियों के साथ एक प्रशिक्षण उड़ान भी भरी, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ दोनों समुद्री देशों के बीच सद्भावना को बढ़ावा मिला।




अपने अभियान के दौरान आने वाली चुनौतियों से घबराए बिना अधिकारियों ने साहस की भावना को मूर्त रूप देते हुए असाधारण समुद्री कौशल का प्रदर्शन किया। पोर्ट लुइस में कार्यक्रम के बाद लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा अधिकारी 30 मार्च को गोवा की वापसी यात्रा पर निकलीं। प्रस्थान करते समय महिला अधिकारियों को तेज हवा, प्रतिकूल समुद्री स्थितियों और समुद्र से उत्पन्न लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद अदम्य भावना और दृढ़ संकल्प ने उन्हें आगे बढ़ाया और 21 अप्रैल को आईएनएसवी तारिणी को सुरक्षित रूप से गोवा वापस पहुंचाया।

उत्तरी गोवा के नौसेना स्टेशन कमांडर और आईएनएस मंडोवी के कमांडिंग ऑफिसर ने लौटने पर आईएनएसवी तारिणी का स्वागत किया।

# अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं लोग, हमने परिवार को नहीं बढ़ाया: नीतिश कुमार

**भागलपुर (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को भागलपुर के गोराडीह प्रखंड स्थित मुक्तापुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार का नाम लिए बिना कहा कि हमारी मूर्खता से वह आ गया था। उसमें हमारा भी सहयोग था। फिर वह गड़बड़ करने लगा। हमें भी लगा कि गड़बड़ करता है ।लालू यादव को जब सात साल के बाद पद छोड़ना पड़ा तो अपने पत्नी को भी मुख्यमंत्री बना दिया।

सीएम नीतीश ने कहा कि पति-पत्नी दोनों बन गए। उसके बाद बेटा, बेटी, बाल बच्चा यही सबके फेरा में लगा रहता है। जदयू ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं। अपने परिवार के लिए कुछ नहीं करते हैं। मैं इतने दिनों से पार्टी में हूं। अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया। अपने परिवार के लिए नहीं कुछ किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की तरक्की की बात करते हुए कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे। तो महिलाओं की उत्थान के लिए कमेटी बनाया गया था। उसे राष्ट्रीय नियम में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण की बात हुई थी। हम उसमें सदस्य थे। नीतीश कुमार ने कहा कि जब पहली बार 2005 में हमारी सरकार बनी तो मुखिया के चुनाव में हमने महिलाओं को आरक्षण दिया। फिर नगर निकाय में भी आरक्षण दिया। अब नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण है। हमने बेटियों के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना चलाई। बेटियां अब स्कूल जाने लगी है। स्कूल बनवा दिए हर तरफ महिलाएं आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलन में हम जेल गए थे। हमारे समय में इंजीनियरिंग में नौकरी नहीं मिलती थी। इसलिए हमने इंजीनियरिंग के छात्रों को साथ लेकर आंदोलन किया और हम जेल गए थे। तब हम भागलपुर जेल में बंद थे। जब मुख्यमंत्री बन गए तो भागलपुर आते जाते रहे। जन्मभूमि से और भागलपुर से हमारा गहरा रिश्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। क्या हालत थी आप लोग जानते हैं। बिहार की अब हर तरफ तरक्की है। पहले हिंदू मुस्लिम का कितना झगड़ा होता था। अब किसी प्रकार का झगड़ा नहीं होता है। हमने 8 हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी है और एक हजार कब्रिस्तान को चिन्हित किया गया है। उसकी भी घेराबंदी जल्दी ही कर दी जाएगी। पहले स्वयं सहायता समूह नहीं था। हमने स्वयं सहायता समूह बनाकर जीविका बनाई। अब बिहार में 10 लाख से ऊपर जीविका कार्य कर रही हैं। यह जीविका देश भर में आजीविका कहलाएगी।



मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भागलपुर से जदयू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार अजय मंडल को भारी मत देकर जिताने के लिए लोगों से वोट मांगे। इस मौके पर राजीव कांत मिश्रा, राज्यसभा सांसद संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मंत्री विजय चौधरी, कहकशां परवीन, शाह फकरे आलम हसन ने सभा को संबोधित किया।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता साइकिल रैली में शामिल हुए डॉ. मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** आज विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर पोरबंदर से भाजपा उम्मीदवार और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने जागरूकता साइकिल रैली में भाग लिया।

सोमवार को डॉ. मनसुख मांडविया ने सोशल मीडिया एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस पर चुनावी व्यस्तता के बीच पोरबंदर साइकिलिंग क्लब के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता हेतु साइकिल रैली की।

उन्होंने कहा कि सभी का दायित्व है कि हम आने वाली पीढ़ी के लिए पृथ्वी को बचायें, इसे स्वच्छ और सुरक्षित रखे। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को हर साल विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हर साल इस दिवस को एक थीम के तहत मनाया जाता है।

# पश्चिम बंगाल में थी 26/ 11 जैसे हमले की योजना, एसटीएफ ने आतंकी को पकड़ा

**कोलकाता (हि.स.)।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस ने उसे मुंबई के माहिम इलाके से गिरफ्तार किया है। शख्स की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है।

कोलकाता पुलिस ने दावा किया है कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। इतना ही नहीं एसटीएफ का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था।



कोलकाता पुलिस के एडिशनल सीपी 1 मुरलीधर शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कोलकाता पुलिस ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी के मामले में मुंबई से राजाराम रेगे को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि राजाराम ने साल 2011 के मुंबई हमले से पहले डेविड हेडली से मुलाकात की थी।

पुलिस का कहना है कि आतंकी हेडली ने शिकागो की एक कोर्ट में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मुकदमे में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में अपने बयान में कहा था कि वह मध्य मुंबई के दादर में शिवसेना भवन गया था और राजाराम रेगे से मिला था।

एडिशनल सीपी ने बताया कि राजाराम को कोलकाता में देखा गया था। उसने साउथ कोलकाता के होटल रुका था। उसके पास अभिषेक बनर्जी और उसके पीए का नंबर भी था। कोलकाता पुलिस का कहना है कि 26/11 जैसे हमले का प्लान किया जा रहा था। आरोपित ने अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी करने की भी कोशिश की थी। शुरुआती जांच में पता चला है कि राजाराम ने कोलकाता में कुछ और लोगों से मुलाकात की थी। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

# ईरान के राष्ट्रपति इस्लामाबाद पहुंचे, यात्रा पर अमेरिका की नजर

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को राजधानी इस्लामाबाद पहुंचे। इस दौरे के मद्देनजर राजधानी में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। यह जानकारी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी का विमान से उतरते हुए फोटो जारी किया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा ने एक बयान में कहा कि ईरान के राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और विदेश मंत्री तथा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि इस यात्रा का समापन बुधवार होगा। इस दौरान दोनों मुस्लिम पड़ोसी इस साल अभूतपूर्व सैन्य हमलों के बाद संबंधों को सुधारने की कोशिश करेंगे।

बयान में कहा गया है कि रायसी पूर्वी शहर लाहौर और दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची का दौरा करेंगे और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। रायसी के आगमन के दौरान सुरक्षा उपायों के तहत इस्लामाबाद में प्रमुख राजमार्गों को सामान्य यातायात के लिए बंद कर दिया गया। सरकार ने कराची में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है। रायसी की यात्रा को इस्लामाबाद के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

रायसी की पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, सीनेट के अध्यक्ष सैयद यूसुफ रजा गिलानी, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक और सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से भी मुलाकात होनी है।

पाकिस्तान में आठ फरवरी के चुनाव के बाद किसी विदेशी नेता की यह पहली यात्रा है। पाकिस्तान के रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान-इजराइल तनाव के बीच रायसी की इस यात्रा पर संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नजर है।

**बयान**

**पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मुमताज जहरा ने एक बयान में कहा कि ईरान के राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और विदेश मंत्री तथा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा है।**



## इजराइल सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा का इस्तीफा

**तेल अवीव (हि.स.)।** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के सात अक्टूबर के हमले के सिलसिले में अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा हमले की विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं।

इजराइल के सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा के पद से इस्तीफा देने की सूचना आईडीएफ ने एक्स हैंडल पर साझा की है। हलीवा ने अक्टूबर में कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं।

## गाजा के दक्षिणी शहर रफह में इजराइल के हमलों में 22 लोगों की मौत

**गाजा पट्टी (हि.स.)।** गाजा के दक्षिणी शहर रफह में रातभर इजराइली हमलों में 18 बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने रफह पर लगातार हवाई हमले किए हैं। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने कहीं और रहने के लिए शरण मांगी है। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने शनिवार को 26 अरब अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी दे दी थी जिसमें गाजा के लिए लगभग नौ अरब अमेरिकी डॉलर की मानवीय सहायता शामिल है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, ''आगामी दिनों में हम हमास पर राजनीतिक और सैन्य दबाव बढ़ाएंगे क्योंकि अपने बंधकों को वापस लाने और जीत हासिल करने का यही एकमात्र तरीका है।

### नेपाल : निवेश सम्मेलन के मद्देनजर सरकार एक साथ 9 अध्यादेश लाई

**नेपाल (हि.स.)।** इस महीने के अंत में होने वाले निवेश सम्मेलन के मद्देनजर सरकार एक ही बार में 9 अध्यादेश लेकर आई है। बताया गया है कि विदेशी निवेशकर्ताओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकार ये अध्यादेश लेकर आई है।

प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में निवेश सम्मेलन को प्रभावित कर सकने वाले विभिन्न 9 कानूनों में परिवर्तन करने के लिए सरकार ने अध्यादेश जारी करने का फैसला किया है। कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए वित्त मंत्री वर्षमान पुन ने बताया कि निवेशकर्ताओं की सहूलियत के लिए ये अध्यादेश लाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन अध्यादेशों के जरिए नेपाल में विदेशी निवेशकों को कानूनी अड़चनें नहीं आएंगी और निवेशक बेझिझक यहां निवेश कर पाएंगे।

# अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हैं लोग, हमने परिवार को नहीं बढ़ाया: नीतिश कुमार

**भागलपुर (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को भागलपुर के गोराडीह प्रखंड स्थित मुक्तापुर उच्च विद्यालय के प्रांगण में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए लालू परिवार का नाम लिए बिना कहा कि हमारी मूर्खता से वह आ गया था। उसमें हमारा भी सहयोग था। फिर वह गड़बड़ करने लगा। हमें भी लगा कि गड़बड़ करता है ।लालू यादव को जब सात साल के बाद पद छोड़ना पड़ा तो अपने पत्नी को भी मुख्यमंत्री बना दिया।

सीएम नीतीश ने कहा कि पति-पत्नी दोनों बन गए। उसके बाद बेटा, बेटी, बाल बच्चा यही सबके फेरा में लगा रहता है। जदयू ऐसी पार्टी है इसके लोग इधर-उधर नहीं करते हैं। अपने परिवार के लिए कुछ नहीं करते हैं। मैं इतने दिनों से पार्टी में हूं। अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया। अपने परिवार के लिए नहीं कुछ किया। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की तरक्की की बात करते हुए कहा कि जब हम केंद्र में मंत्री थे। तो महिलाओं की उत्थान के लिए कमेटी बनाया गया था। उसे राष्ट्रीय नियम में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण की बात हुई थी। हम उसमें सदस्य थे। नीतीश कुमार ने कहा कि जब पहली बार 2005 में हमारी सरकार बनी तो मुखिया के चुनाव में हमने महिलाओं को आरक्षण दिया। फिर नगर निकाय में भी आरक्षण दिया। अब नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत तक आरक्षण है। हमने बेटियों के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना चलाई। बेटियां अब स्कूल जाने लगी है। स्कूल बनवा दिए हर तरफ महिलाएं आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेपी आंदोलन में हम जेल गए थे। हमारे समय में इंजीनियरिंग में नौकरी नहीं मिलती थी। इसलिए हमने इंजीनियरिंग के छात्रों को साथ लेकर आंदोलन किया और हम जेल गए थे। तब हम भागलपुर जेल में बंद थे। जब मुख्यमंत्री बन गए तो भागलपुर आते जाते रहे। जन्मभूमि से और भागलपुर से हमारा गहरा रिश्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। क्या हालत थी आप लोग जानते हैं। बिहार की अब हर तरफ तरक्की है। पहले हिंदू मुस्लिम का कितना झगड़ा होता था। अब किसी प्रकार का झगड़ा नहीं होता है। हमने 8 हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी करवा दी है और एक हजार कब्रिस्तान को चिन्हित किया गया है। उसकी भी घेराबंदी जल्दी ही कर दी जाएगी। पहले स्वयं सहायता समूह नहीं था। हमने स्वयं सहायता समूह बनाकर जीविका बनाई। अब बिहार में 10 लाख से ऊपर जीविका कार्य कर रही हैं। यह जीविका देश भर में आजीविका कहलाएगी।

मुख्यमंत्री ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भागलपुर से जदयू राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार अजय मंडल को भारी मत देकर जिताने के लिए लोगों से वोट मांगे। इस मौके पर राजीव कांत मिश्रा, राज्यसभा सांसद संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मंत्री विजय चौधरी, कहकशां परवीन, शाह फकरे आलम हसन ने सभा को संबोधित किया।



# मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की पार्टी को संसदीय चुनाव में दो तिहाई बहुमत

**माले (हि.स.)।** मालदीव में रविवार को हुए संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने 60 से अधिक सीट पर जीत दर्ज करके दो तिहाई बहुमत हासिल किया है। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। कुल 93 निर्वाचन क्षेत्रों में सांसद चुने जाने के लिए मतदान हुआ है। इस चुनाव को देश के राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिनकी नीतियों पर मालदीव में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे भारत और चीन की नजर रहती है।

निर्वाचन आयोग (ईसी) की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार स्थानीय समयानुसार शाम 5ः00 बजे तक 2,07,693 लोगों ने मतदान किया, इसके अनुसार 72.96 प्रतिशत मतदान हुआ। इसमें 1,04,826 पुरुष और 1,02,867 महिलाएं शामिल हैं। कुल 2,84,663 लोग मतदान के लिए पात्र थे। खबरों के अनुसार, मालदीव के बाहर जिन देशों में मतदान के लिए मतपेटियां रखी गई थीं, उनमें भारत में तिरुवनंतपुरम, श्रीलंका में कोलंबो और मलेशिया में कुआलालंपुर शामिल हैं।



देश के संसदीय चुनाव के लिए छह पार्टियों से 368 उम्मीदवार चुनाव मैदान हैं। इन छह दलों में मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी), मुख्य विपक्षी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और 130 निर्दलीय शामिल हैं।

# आतंकवाद, नक्सलवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार कांग्रेस की देनः भाजपा

**इलाहाबाद लोकसभा शहर दक्षिणी विधानसभा कार्यालय का हुआ उद्घाटन**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी इलाहाबाद लोकसभा शहर दक्षिणी विधानसभा कार्यालय का उद्घाटन साउथ मलाका हीवेट रोड पर किया गया।

इस अवसर कार्यालय उद्घाटन के मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी एवं महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि कार्यालय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए राष्ट्र का मंदिर है जहां राष्ट्र निर्माण की कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के अंदर फैला हुआ आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार एवं परिवारवाद कांग्रेस की देन है जो लोकतंत्र और राष्ट्र को दीमक की तरह खोखला कर रहे हैं। ऐसी ताकतों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा के चुनाव में निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है।

इस अवसर पर इलाहाबाद लोकसभा के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की पत्नी एवं प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री



कविता यादव त्रिपाठी ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ नीरज त्रिपाठी नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के विचार और भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता लड़ रहे है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रभात शंकर पांडे, शहर दक्षिणी विधानसभा चुनाव प्रभारी सुरेश मौर्य, राम जी केसरवानी, मुरारी लाल अग्रवाल, नवरत्न कत्याल ने अपने विचार रखे। बैठक का संचालन दक्षिणी विधानसभा संयोजक ज्ञानेश्वर शुक्ला ने किया समापन पूर्व पार्षद प्रभा शंकर मिश्रा गिरि बाबा ने किया। इस अवसर पार्षद किरन जायसवाल , पार्षद सुनीता चोपड़ा, राजेश केसरवानी, गोपाल जी मालवीय, आनंद वैश्य सुदर्शन, प्रमोद मोदी, गिरजेश मिश्रा, बृजेश मिश्रा, आनंद जायसवाल, राजेश गोंड, जय श्री जायसवाल, अशोक मालवीय, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, सुमित वैश्य ,राघवेंद्र मिश्रा, दिलीप केसरवानी,अजय अग्रहरि, रणविजय सिंह, किशोरी लाल, मनोज मिश्रा, दिनेश विश्वकर्मा, आलोक शुक्ला, क्षमा दुबे, ब्यूटी श्रीवास्तव, शिखा खन्ना, रूपाली अवस्थी, राहुल भारद्वाज, मधुमिता नाथ, आदि कर दक्षिणी विधानसभा के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## पृथ्वी दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजित

**आजमगढ।** अतरौलिया पृथ्वी दिवस पर स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित, पेंटिंग के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प। बता दे की सोमवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर क्षेत्र के आर एस कॉन्वेंट स्कूल अतरौलिया के बच्चोंध् बच्चियों द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल में अर्थ डे के अवसर पर बच्चो, बच्चियों ने रंगोली व पेंटिंग बनाकर खूब वाहवाही लूटी। रंगोली और पेंटिंग के माध्यम से धरती बचाने का संदेश दिया। उन्होंने भाषण व कविताओं के माध्यम से भी धरती को बचाने का आह्वान किया। बच्चो ने वृक्षारोपण, धरती बचाओ, पानी बचाओ आदि विषयों पर चार्ट व पेंटिंग तैयार किये। विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाई कि वह धरती को बचाने का हर संभव प्रयास करेंगे। वहीं धरती को हरा भरा बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करेंगे तो वहीं पर्यावरण संबंधित नैतिक संवेदनाओं को विकसित करने के लिए अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चो ने पर्यावरण से संबंधित कलाकृतियों में रंग भरे। पर्यावरण सुरक्षा एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधित विषयों पर रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता द्वारा लोगो को जागरूक किया।

# मतों का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करेंः डीआईओएस




**श्रम विभाग के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत सुव्यवस्थित मतदाता, शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सोमवार को श्रम विभाग के समन्वय से शिरडी साई इलेक्ट्रिकल लिमिटेड के परिसर में सुव्यवस्थित मतदाता, शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज पी0एन0 सिंह (सहायक नोडल अधिकारी स्वीप) द्वारा मौके पर उपस्थित मतदाताओं को जागरूक करते हुए यह कहा गया कि यह लोकतंत्र का महापर्व है। इस महापर्व में अपने अमूल्य मतों का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत करें। आपका मत देश के राजनीतिक दिशा एवं दशा तय करेगा। श्री सिंह ने उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सहायक श्रमायुक्त, प्रयागराज द्वारा भी उपस्थित मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान करते हुए मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बी0एन0 मौर्य, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज, अनुपम परिहार, स्वीप नगर प्रभारी, प्रयागराज, शेषनाथ सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी बृजनन्दन ओझा, डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह, श्रीमती आराधना शंखधर, श्रीमती अमिता, श्रीमती प्रतिमा मौर्या, निमेष कुमार पाण्डेय एवं अवनीश कुमार त्रिपाठी तथा शिरडी साई इलेक्ट्रिकल के आपरेटिंग मैनेजर विशाल मोगा व एच0आर0 मैनेजर अरूण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वीप नगर प्रभारी अनुपम परिहार ने किया। उक्त मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## विरोधियों को देंगे शिकस्त भाजपा के सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स

**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के द्वारा विरोधियों को शिकस्त देने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने मजबूत तैयारी की है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया को लोकसभा चुनाव के अंतर्गत बड़ा हथियार बनाने की तैयारी में है। इसके लिए भाजपा बड़े स्तर पर वॉलिंटियर का निर्माण कर चुकी है। जिसको लेकर बूथो पर पांच सोशल मीडिया के स्वयंसेवक, शक्ति केंद्र स्तर पर 2 साइबर क्राइम योद्धा, और मंडल स्तर पर 7 सदस्यीय सोशल मीडिया की टीम की नियुक्त किया जा चुके हैं और अब सोशल मीडिया वालंटियर कार्यशाला एवं सम्मेलन के माध्यम से इन्हें ट्रेनिंग देते हुए सक्रिय करने की तैयारी संगठन के द्वारा कर ली गई है। इसी के अंतर्गत 23 अप्रैल को फूलपुर लोकसभा सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय कार्यालय जॉर्ज टाऊन में दोपहर 12:00 बजे किया जा रहा है।

# हर व्यक्ति को सत्य मार्ग को अपनाकर जीवन को सार्थक बनायेः प्रभाकर जी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर(जफराबाद)।** स्थानीय क्षेत्र के अहमदपुर गांव में जनपद के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. राम सिंगार शुक्ल गदेला एवं सम्पादक प्रकाश चन्द्र शुक्ल के घर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे संत प्रभाकर जी ने उपस्थित भक्तों को जीवन जीने के मार्ग और तरीके बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का पान करने से मानव सद्मार्ग पर चलकर ईश्वर को प्राप्त कर लेता है। ठाकुर जी बड़े दयालु हैं। सच्चे मन से उन्हें अपने मन में बसा लेने से मानव के हर कष्ट को दूर कर देते हैं। कथा वाचन के दौरान वाचक ने कहा कि हर व्यक्ति को सत्य मार्ग को अपना कर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। ईश्वर सबको अवसर देता है। यह आप पर निर्भर करता है कि आप उसका सदुपयोग कर अपने जीवन को सफल बना सके एवं राष्ट्र और समाज का हित कर सके। जब तक आप ठाकुर जी के भरोसे रहते हैं, तब तक वह आपकी सहायता और कल्याण करते हैं। जब आपका मन ईश्वर से दूर हो जाता है तब ईश्वर भी आपसे दूर हो जाता है। विभिन्न उदाहरण में देते हुए कथा व्यास ने कहा कि बड़े भाग्य से मनुष्य का तन मिलता है। सत्य मार्ग पर चलकर जीना चाहिए। ईश्वर सभी के कल्याण के लिए हर समय उपलब्ध हैं। बस उनका भजन कर आप उनको अपने हृदय में बसा लीजिए। आपका मन जब ईश्वर में लीन हो जाएगा। आप दैवीय शक्तियों को प्राप्त कर लेंगे। हर जीव में ईश्वर वास करता है। जीव को इसका ज्ञान हो जाए तब जन्म सार्थक हो जाता है, अन्यथा यह मन भटकता रहता है। आज लोग अर्थ के चक्कर में जीवन को व्यर्थ कर रहे हैं। माता-पिता की सेवा से भाग रहे हैं। एक मां-बाप अपने 10 बच्चों का पालन कर लेता है लेकिन 10 बच्चे मिलकर बुढ़ापे में एक मां-बाप का पालन करने से भाग रहे हैं जो हमारी सनातन परंपरा के विरुद्ध है। घर आए अतिथि का स्वागत सनातन परंपरा के अनुसार करने से ईश्वर प्रसन्न होता है और आत्मा को शांति मिलती है। कोठी, बंगला, कार और वैभव की सामग्री आत्म शांति नहीं दे सकती। आत्म शांति तो बस ईश्वर के बतायें। मार्ग पर चलकर सत्कर्मों से मिलती है। आप भाग्यशाली हैं। बहुत पुण्य कार्य करने के बाद मानव योनि मिलती है और सत्कर्म ही मोक्ष का रास्ता है। गाय व गोपाल सेवा करके आप अपनी जीवन यात्रा को पूर्ण कर मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं लेकिन मानव है कि अपने हित के लिए वह सब कुछ कर देता है जो उसे नहीं करना चाहिए। आज भाई-भाई में एक–दूसरे के प्रति नफरत भावना व्याप्त है। यह मानव जाति के लिए बहुत ही अहितकारी है। इस दौरान विभिन्न प्रकार की झांकियां का प्रस्तुतिकरण कर मानव से प्रेम करने का और एक दूसरी का सहयोग करने पर क्या लाभ होता है। श्रीमद् भागवत में वर्णित बातों की प्रभाकर महाराज ने बहुत सुंदर प्रस्तुतिकरण कर उपस्थित भक्तों को समझाया।

## शिब्ली नेशनल इंटर कॉलेज के छात्रों ने हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा में स्कूल का नाम रोशन किया





**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के घोषित परीक्षा फल में शिब्ली नेशनल इंटर कॉलेज हाई स्कूल और इंटर के छात्रों ने अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जैद नुरुल्लाह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा फल में हाई स्कूल के छात्र मोहम्मद अब्दुल्लाह पुत्र सलाउद्दीन ने 96ः अंक पाकर जनपद में छठवा स्थान प्राप्त किया है वही इंटर परीक्षा फल में आदित्य सिंह पुत्र रंजीत सिंह ने 87.8ः अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## पर्वतारोहण में मड़ियाहूं पीजी कॉलेज की कैडेट को मिला अल्फा ग्रेड

**जौनपुर(मड़ियाहूं)।** भारतीय थल सेना द्वारा आयोजित पर्वतारोहण अभियान के स्कीइंग ट्रेनिंग में 98 यूपी बटालियन की कैडेट रुचि गुप्ता को अल्फा ग्रेड प्राप्त हुआ उत्तर प्रदेश से ग्रुप बी से 2 कैडेट एस डब्लू तथा ग्रुप ए से दो एसडी कैडेट ने इस ट्रेनिंग में प्रतिभाग किया। इस प्रकार पूरे उत्तर प्रदेश से कुल 4 कैडेटों ने प्रतिभाग किया जिसमें मडियाहू पीजी कॉलेज की कैडेट रुचि गुप्ता को अल्फा ग्रेड प्राप्त हुआ। 98 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर करनल एन एसनेगी तथा ग्रुप कमांडर ग्रुप कैप्टन डीके मारकर ने कैडेट रुचि गुप्ता को बधाई दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य कैप्टन एसके पाठक, प्रबंधक अपूर्व तिवारी सहित सभी प्राध्यापकों ने कैडेट रुचि गुप्ता को महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिए बधाई दिया।

# कुलपति ने परीक्षा केंद्रों को किया निरीक्षण

**सकुशल परीक्षा कराने के लिए निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं का सोमवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह ने औचक निरीक्षण किया। कुलपति प्रो वंदना सिंह में परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, सिटिंग प्लान, कक्ष निरीक्षकों की संख्या के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के संबंध में जो भी दिशा निर्देश समय-समय पर जारी किए गए हैं उनका कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्रों पर परीक्षा कक्ष में प्रकाश और पंखे की उचित व्यवस्था हो।

सोमवार को कुलपति प्रो वंदना सिंह ने टीम के साथ सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज बदलापुर, नूरुद्दीन पीजी कॉलेज, राज बहादुर डिग्री कॉलेज गुलालपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज बदलापुर के संकलन केंद्र का निरीक्षण किया। वहां कापी के आने का टाइम देखा। निरीक्षण टीम में परीक्षा नियंत्रक अजित प्रताप सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो अजय द्विवेदी, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अन्नू त्यागी शामिल रहें।

# पंच चाकू व लाठी से घायल दुकानदार की मौत दो गंभीर रूप से घायल

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के नत्थूपुर गाँव में शर्ट पर च्विंगम लगने को लेकर मामूली सी बात पर पंच चाकू व लाठी से जमकर हुई मारपीट घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल एक की मौत 2 दिन पूर्व की बात को लेकर पांच,चाकू व लाठी से हमले में दुकानदार की मौत दो की हालत गंभीर तहरीर पर जीयनपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास व हत्या का चार पर दर्ज किया मुकदमा परिवार में मचा कोहराम। जानकारी के अनुसार नत्थूपुर गाँव में 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को गांव में स्थित दुकान पर च्विंगम एक बच्चे के शर्ट में लग गई च्विंगम छुड़ाने को लेकर दुकानदार के भतीजे से कहासुनी व देख लेने की धमकी देकर चला गया दो दिन बाद रविवार की बीती रात मस्जिद से नमाज अदा कर दुकान पर जाते समय आक्रोशित बच्चों ने मिलकर पंच , चाकू व लाठी से हमला कर दिया जिसमें अब्दुल कलाम, अराफात, अफजल गंभीर रूप से बुरी घायल हो गये जिसमें रात्रि 12 बजे जिला अस्पताल पर अब्दुल कलाम उम्र 50 वर्ष की मौत हो गई। वहीं दो अराफात व अफजल का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा।

## असदुद्दीन ओवैसी की वाराणसी में सभा 25 को

**प्रयागराज।** एआईएमआईएम राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी 25 अप्रैल को वाराणसी में सभा को संबोधित करेंगे। डॉ पल्लवी पटेल के नेतृत्व में दिनांक 25 अप्रैल को शाम 5 बजे से बुनकर कॉलोनी के मैदान, नाटी इमली, वाराणसी में पीडीएम की विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है।

जनसभा को मुख्य अतिथि के रूप में ए आई एम आई एम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल, राष्ट्र उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम पाल और प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद बिंद संबोधित करेंगे। उक्त विषय की जानकारी एम आई एम के पूर्व प्रवक्ता अफ़सर महमूद ने देते हुए बताया कि बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी बाबतपुर एयरपोर्ट पर सुबह 9:45 पर आगमन होगा।

## परशुराम जन्मोत्सव को लेकर कार्यालय कैंप पर हुई बैठक

**जौनपुर(महराजगंज)** क्षेत्र के नाथ निकेतन कार्यालय कैंप पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में आने वाली 10 मई 2024 को परशुराम जन्मोत्सव पर जिलाध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार दुबे के नेतृत्व में सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारीयों की सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे परशुराम जन्मोत्सव पर गाजे बाजे के साथ दिव्य शोभायात्रा निकाली जाए जिस पर वृहद चर्चा की गई इस मौके पर स्वामी श्याम जी महराज, अमित पाण्डेय, जगदीश उपाध्याय,श्याम मिश्र, पंकज उपाध्याय, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अमरपाल तिवारी, दीपक मिश्रा, सुभाष मिश्रा, रमाशंकर मिश्र, भैया लाल उपाध्याय, निलेश मिश्रा, रमेश मिश्रा तथा संगठन के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा प्रत्यासी का विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं को विधायक ने पीटा, वीडियो वायरल



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** जौनपुर संसदीय सीट से घोषित सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा को मुंगराबादशाहपुर आगमन पर विरोध का सामना करना पड़ा। कुछ सपा कार्यकर्ता कुशवाहा का विरोध कर रहे थे ।इसी दरमियान विधायक पंकज पटेल ने अपना खो दिया और कार्यकताओं की पिटाई कर दी।पुलिस ने विरोध कर रहे दोनो युवकों को हिरासत लेकर बाद में छोड़ दिया।सपा से जौनपुर लोकसभा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा का नगर के एक पैलेस में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई थी । जिसमें भाग लेने के लिए सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा जैसे ही नगर के गजराजगंज तिराहे से आगे बढ़े पहले से ही मौजूद सपा कार्यकर्ता सड़क पर आकर बाबू सिंह कुशवाहा के विरोध में नारे लगाने लगे।इसी बीच कार्यकर्ता की हरकतों से नाराज़ विधायक पंकज पटेल कार्यकताओं की पिटाई कर दी। मौजूद पुलिस ने तत्काल उक्त कार्यकर्ता को हिरासत में ले लिया। फिलहाल सोमवार को सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा के मुंगराबादशाहपुर प्रथम आगमन पर ही उनके विरोध में उतरे सपा कार्यकर्ताओं एवं विधायक पंकज पटेल के बीच हुई झड़प एवं हाथापाई का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।इस बाबत विधायक पंकज पटेल से घटना से संबंधीत जानकारी के लिए दुरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ–साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :–

**04017/04018 आनन्द विहार टर्मिनल - शहीद कप्तान तुषार महाजन - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04017 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04018 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:00 | -- |
| 12:40 | -- | शहीद कप्तान तुषार महाजन | -- | 15:55 |

**चलने की तिथि : 04017 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक एवं **04018 शहीद कप्तान तुषार महाजन** से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार) तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुज्जफरनगर, सहरानपुर, यमुनानगर जगादरी, अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।

**04094/04093 आनन्द विहार टर्मिनल - पटना जं. - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04094 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04093 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 14:00 | -- |
| 16:45 | -- | पटना जं. | -- | 20:00 |

**चलने की तिथि : 04094 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक एवं **04093 पटना जं.** से दिनांक 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार) तक।
**स्थानः** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहरावः** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**04096/04095 आनन्द विहार ट. - अयोध्या कैंट - आनन्द विहार ट. आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** 38 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04096 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04095 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 22:30 | -- |
| 22:00 | -- | अयोध्या कैंट | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि : 04096 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार एवं सोमवार) तक एवं **04095 अयोध्या कैंट** से दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार एवं मंगलवार) तक।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान
**ठहरावः** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बेरली एवं लखनऊ स्टेशन।

**01083/01084 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01083 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:50 | लोकमान्य तिलक ट. | 00:25 | -- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | -- | गोरखपुर | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01083 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 25.04.2024 एवं 30.04.2024 को एवं **01084 गोरखपुर** से दिनांक 27.04.2024 एवं 02.05.2024 को।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**01085/01086 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01085 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01086 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:50 | लोकमान्य तिलक ट. | 00:25 | -- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | -- | गोरखपुर | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01085 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को एवं **01086 गोरखपुर** से दिनांक 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**08479/08480 पुरी - नई दिल्ली - पुरी ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08479 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08480 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:45 | पुरी | 07:45 | -- |
| 18:30 | -- | नई दिल्ली | -- | 21:30 |

**चलने की तिथि : 08479 पुरी** से दिनांक 30.04, 07.05, 14.05, 21.05, 28.05, 04.06, 11.06, 18.06 एवं 25.06.2024 को एवं **08480 नई दिल्ली** से दिनांक 01.05, 08.05, 15.05, 22.05, 29.05, 05.06, 12.06, 19.06 एवं 26.06.2024 को।
**स्थानः** प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** साक्षीगोपाल, खोरधा रोड़, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल जं., मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, राजाबेड़ा, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, कोडरमा जं., गया, सासाराम जं, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल एवं टुंडला स्टेशन।

**04656/04655 जम्मू तवी - उदयपुर सिटी - जम्मू तवी गरीब रथ एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04656 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04655 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:20 | जम्मू तवी | 15:10 | -- |
| 07:30 | -- | उदयपुर सिटी | -- | 14:05 |

**चलने की तिथि : 04656 जम्मू तवी** से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक एवं **04655 उदयपुर सिटी** से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक
**स्थानः** 3 टियर वाता., वाता. कुर्सीयान
**ठहरावः** पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, हिसार, भिवानी, रिवाड़ी, अलवर, बाँदीकुई, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, मांडल, भीलवाड़ा, चन्देरिया, बेड़च, मावली एवं राणा प्रताप नगर स्टेशन।

**09424 सुल्तानपुर जं. - साबरमती स्पेशल रेलगाड़ी (अनारक्षित)** 01 फेरा

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| साबरमती | 07:00 | -- |
| सुल्तानपुर जं. | -- | 05:00 |

**चलने की तिथि : 09424 सुल्तानपुर** से दिनांक 23.04.2024 (मंगलवार) को
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, टुंडला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई, जयपुर, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिण्डवाड़ा, आबूरोड, पालनपुर, जं., एवं महेसाना जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1204/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सीसीआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर करेगा विस्तृत अध्ययन
# संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने




भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभाव का एक विस्तृत बाजार अध्ययन के लिए संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

सीसीआई ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि कृत्रिम मेधा और प्रतिस्पर्धा पर उसके प्रभाव पर विस्तृत बाजार अध्ययन करने के लिए एक एजेंसी की नियुक्ति करेगा। इसके लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) जारी करके 3 जून तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। व्यापार निगरानी संस्था के मुताबिक तकनीकी प्रस्तुतियों के बाद वित्तीय बोली की अंतिम तिथि 28 जून तय की गई है।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने कहा कि एआई की परिवर्तनकारी क्षमताओं में आपूर्ति व मांग बढ़ाने की क्षमता है। इसके इस्तेमाल से उत्पन्न होने वाले संभावित प्रतिस्पर्धा जोखिम चिंता का विषय हैं। 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं प्रतिस्पर्धा' पर प्रस्तावित बाजार अध्ययन ऐसे समय में किया जा रहा है, जब उद्योगों में एआई के बढ़ते इस्तेमाल ने बाजारों में प्रतिस्पर्धी गतिशीलता के लिए इसके निहितार्थ को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं।

## रुसलान के ट्रेलर ने दर्शकों को किया उत्साहित, उसके खोज का हिस्सा बनने के लिए कर रहे हैं बेसब्री से इंतजार




**लखनऊ।** मच अवेटेड फिल्म रूसलान से सामने आया दमदार डायलॉग, खूबसूरती से ट्रेलर के सार को खुद में लिए हुए हैं। इस शुक्रवार को मुंबई में रिलीज किया गया ट्रेलर में फिल्म की कहानी की झलक देखने मिलती है, जिसमें नायक को हम खुद की खोज करते हुए देखते हैं। लीड रोल, जिसे आयुष शर्मा ने निभाया है, वह अपनी पहचान की खोज के लिए एक अथक यात्रा पर निकलता है, जिससे उसकी दुनिया बिखरने का खतरा पैदा हो जाता है। डायरेक्टर करण एल. बुटानी की विजनरी कहानी के साथ-साथ शानदार विजुअल और थ्रिल करने वाले एक्शन सीन्स भी हैं, जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखते हैं। फिल्म में सुश्री मिश्रा को लीड एक्ट्रेस पेश किया गया है, जहाँ वह एक्शन फॉर्म में नजर आने वाली हैं।

रूसलान में एक्शन और सस्पेंस के अलावा, गहरी बातें, मुद्दे हैं जो पहचान और मकसद पर बात करते हैं। यही वह चीजें हैं जो दर्शकों को फिल्म से जोड़ती हैं। बेहद दमदार कहानी और दिल को छू लेने वाले विजुअल्स के साथ रूसलान का ट्रेलर दर्शकों को अपनी कुर्सी के किनारे बैठने पर मजबूर करता है।

आयुष शर्मा कहते हैं, मेरा दिल बेसब्री से इंतज़ार कर रहा है क्योंकि हमने दुनिया के सामने रूसलान का ट्रेलर पेश कर दिया है। यह फ़िल्म प्यार की मेहनत रही है और अब, एक के बाद एक हर फ्रेम सामने आ रहा है, मैं अपनी यात्रा को दूर-दूर तक के दर्शकों के साथ शेयर करने के लिए अपने उत्साह को रोक नहीं पा रहा हूँ।

# शालीमार कॉर्प और सरोवर होटल्स ने लखनऊ में किया भव्य होमटेल का शुभारंभ

**लखनऊ।** सरोवर होटल्स और शालीमार कॉर्प लिमिटेड ने आज आलमबाग में होमटेल के भव्य शुभारंभ की घोषणा की है। इस होटल के शुभारंभ के साथ ही सरोवर होटल्स ने शहर में अपनी उपस्थिति और भी मजबूत कर ली है। सरोवर होटल्स राजधानी लखनऊ में सरोवर पोर्टिको और गोल्डन ट्यूलिप के नाम से दो लग्जरी होटल्स का संचालन कर रहा है। आलमबाग बस अड्डे और मेट्रो स्टेशन के बिल्कुल बगल में स्थित होमटेल बिज़नेस करने के लिए राजधानी लखनऊ आने वालों और घूमने के मकसद से आने वाले पर्यटकों, दोनों के लिए, शहर के बीचों बीच आरामदायक रहने की जगह प्रदान करता है।




104 खूबसूरत कमरों के साथ, जिनमें डीलक्स, प्रीमियम और एक्ज़ीक्यूटिव सुइट शामिल हैं, यह होटल मेहमानों की विभिन्न ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह के रहने के विकल्प प्रदान करता है। होटल में मेहमान 24 घंटे चलने वाले रेस्टोरेंट ÷फ्लेवर्स÷ में जायकेदार स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का लुत्फ़ उठा सकते हैं। इसके अलावा, होटल में अत्याधुनिक डाइनिंग और कॉन्फ्रेंस सुविधाएं विशाल टोपाज़ और क्रिस्टल बॉलरूम भी उपलब्ध हैं, जो हर तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एकदम उपयुक्त स्थान हैं। लखनऊ में होमटेल ब्रांड लाने के लिए शालीमार कॉर्प लिमिटेड के डायरेक्टर कुणाल सेठ ने खुशी जताई और कहा, सरोवर होटल्स के साथ मिलकर हम लखनऊ में बेहतरीन होमटेल का अनुभव लाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह साझेदारी शहर के बीचों बीच आधुनिक और आरामदायक रहने की सुविधा यात्रियों को देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। होमटेल आलमबाग उन यात्रियों के लिए है, जिन्हें रहने के लिए अच्छा और सुविधा भरा होटल चाहिए। वे चाहे बिज़नेस के लिए आए हों या घूमने, यहां उन्हें बढ़िया सर्विस और ऐसी सहूलियतें मिलेंगी जिससे उनका सफर पूरा आनंददायक और परेशानी मुक्त हो जाएगा। सरोवर होटल्स के प्रबंध निदेशक और लूव होटल्स इंडिया के निदेशक अजय के. बकाया ने इस अवसर पर कहा, हमें होमटेल ब्रांड को उस शहर में लाने की खुशी है, जो यहां आने वालों के दिलों में एक खास जगह रखता है।

# यूपी इंटरमीडिएट परीक्षा रिजल्ट- 60 राज्य व 530 डिस्ट्रिक्ट टॉपर्स देकर विद्याकुल ने दोहराया इतिहास

**लखनऊ।** विद्याकुल, भारत के स्टेट बोर्ड शिक्षा केंद्रित क्वालिटी ऑनलाइन एजुकेशन संस्थान ने उत्तर प्रदेश इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा (12वीं) में अपने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की घोषणा की है। परीक्षा देने वाले 25 लाख छात्रों में से 5 लाख छात्रों ने विद्याकुल ऐप के माध्यम से तैयारी की। विद्याकुल के 600 छात्रों ने राज्य और जिला रैंक हासिल की है। लगातार चार वर्षों से, विद्याकुल ने 92त्न की पासिंग दर से यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कुल मिलाकर, विद्याकुल के 84त्न से अधिक छात्रों ने रिकॉर्ड स्तर पर प्रथम श्रेणी हासिल की।

छात्रों के उल्लेखनीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, विद्याकुल के सह-संस्थापक और सीईओ, तरुण सैनी ने कहा, हमें चौथी बार यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में हमारे छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर बेहद गर्व है। इस वर्ष 60 छात्र राज्य टॉपर और 530 जिला टॉपर के रूप में उभरे। हमें



गर्व है कि 100 से अधिक छात्रों ने 95त्न से अधिक अंक प्राप्त किये। हम इस उपलब्धि के लिए अपने छात्रों, उनके परिवारों और शिक्षकों की हमारी समर्पित टीम को बधाई देते हैं। इस सफलता के साथ, विद्याकुल ने भारत के राज्य बोर्ड के छात्रों को किफ़ायतीऔर सुलभ शिक्षा प्रदान करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। विशेष रूप से, विद्याकुल ने 1.5 लाख छात्राओं को इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने और 92त्न का सामूहिक उत्तीर्ण प्रतिशत प्राप्त करने के लिए भी सशक्त बनाया है। 2019 में स्थापित, विद्याकुल एक ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफॉर्म है जो कक्षा 9 से 12वीं तक के राज्य बोर्ड के छात्रों को किफायती, सुलभ और स्थानीय भाषा में शिक्षा उपलब्ध कराता है। पढ़ाई के सभी संसाधन प्लेटफॉर्म पर सिर्फ 200 रुपये प्रति महीने जितनी किफायती फीस पर उपलब्ध है। कंपनी उत्तर प्रदेश, बिहार और गुजरात में में काम करती है। विद्याकुल इन क्षेत्रों में 2 करोड़ से अधिक राज्य बोर्ड के छात्रों की किस्मत बदल रहा है। विद्याकुल को गर्व है कि प्लेटफॉर्म पर छात्राओं का प्रतिनिधित्व 55 फीसदी है। विद्याकुल पहली ऐसी ऑनलाइन कोचिंग ऐप है जिसने न सिर्फ थ्योरी को पढ़ाया बल्कि 'विद्याकुल वर्चुअल लैब्स' को लॉन्च किया जिससे लाखों छात्रों ने प्रैक्टिकल में भी अच्छे अंक अर्जित किए।ढ्ढ चैट बॉट द्रोणा भी लॉन्च किया है जो रियल-टाइम में डाउट्स का समाधान करता है। उत्तर प्रदेश में शिक्षा को विस्तार देने के लिए कंपनी ने क्रांतिकारी 'भारत पढ़ाओ संकल्प' के द्वारा लाखों छात्रों के जीवन को प्रभावित किया है। हाल ही में 'संकल्प यात्रा 2024' की भी घोषणा की है जिसके तहत् उत्तर प्रदेश के 100 दूरदराज के गांवों में मुफ्त डिजिटल स्टडी रूम स्थापित किए जाएंगे।


## टीटीके प्रेस्टीज ने ट्रिपली इनर लिड प्रेशर कुकर लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** किचनवेयर अप्लायंसेज बनाने वाली प्रमुख कंपनी, टीटीके प्रेस्टीज ने टीटीके प्रेस्टीज ट्रिपली इनरलिड प्रेशर कुकर को लॉन्च किया है। यह कंपनी के प्रेशर कुकर की श्रृंखला में एक नया प्रोडक्ट है। नया प्रेशर कुकर आपकी किचन से जुड़ी जरूरतों को पूरा करेगा, यह एक बेहद सुरक्षित और इस्तेमाल में आसान प्रोडक्ट है। यह प्रोडक्ट लोगों की आदर्श पसंद है, इससे आसानी से स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन बनाए जा सकते हैं। यह खाना बाहर निकलने, सुरक्षा या कॉम्पैटिबिलिटी के दूसरे मुद्दों का समाधान कर मानसिक सुकून देता है। यह खाना पकाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, जिससे खाना पकाने में खूब मजा आता है। टीटीके प्रेस्टीज ट्रिपली इनरलिड प्रेशर कुकर अपने तीन परतों के निर्माण के साथ रसोई में खाना पकाने का महत्वपूर्ण उपकरण है। इसकी बाहरी परत बेहद वर्सेटाइल है, जिससे कुकर को गैस और इंडक्शन कुकटॉप, दोनों पर रखा जा सकता है। यह प्रेशर कुकर यूजर्स की अलग-अलग जरूरतों को बेहतरीन ढंग से पूरा करता है। मोटी अल्यूमिनियम परतों वाले ठोस गेज के साथ यह समान आंच पर तेजी से खाना बनाना सुनिश्चित करता है। इसके




अलावा इसकी 304 फूड ग्रेड लेयर की मदद से तेल का कम से कम इस्तेमाल होता है और यह सेहतमंद तरीके से खाना पकाने को बढ़ावा देता है। इस प्रेशर कुकर का नया स्वच्छ ढक्कन आसानी से खाना पकाने और इसे सुविधाजनक ढंग से साफ करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। इसके बेहद समझदारी से बनाए गए ढक्कन से खाना बनते समय कुकर के बीच में प्रेशर बनता है और खाना बन जाने के बाद यह बीच से भाप छोड़ता है जिससे यह खाना बाहर छलकने से प्रभावी ढंग से रोकता है।

## जीतेगा तो जिएगा! 26 अप्रैल से केवल Disney+ Hotstar पर स्ट्रीम करना शुरू होगा



**मुंबई।** एक जिंदगी, एक आदमी और एक मंत्र जीतेगा तो जिएगा! भारत की पहली अत्यधिक खेल एक्शन कहानी, सुपरस्टार जिसे भारत में एक्शन के साथ सम्बोधित किया जाता है; विद्युत जम्मवाल के साथ Crakk जीतेगा तो जिएगा को देखने के लिए तैयार हो जाओ, जब वह दुनिया के सबसे खतरनाक खेल क्षेत्र में जीतने के लिए निकलता है। जैसे ही यह यात्रा एक नई धमाका हर मोड़ पर खोलती है, क्या प्रतिस्पर्धा और जीतने का उद्देश्य प्रतिशोध की इच्छा में बदल जाएगा? सबसे अद्भुत एक्शन हीरो विद्युत जम्मवाल के साथ अभिनय कर रहे हैं, बी-टाउन का रफ़्तार से गुज़रा हुआ प्रतीक अर्जुन रामपाल, और प्रतिभाशाली डिवा - नोरा फतेही और ऐमी जैक्सन, जो इसे एक सभी में एंटरटेनर बनाते हैं जो आपको अपनी सीटों के किनारे पर बाँधे रखेगा। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित और एक्शन हीरो फिल्म्स द्वारा उत्पादित, यह उच्च दाँव वाली एक्शन फिल्म; छ्रह्ड्डद्म - जीतेगा तो जिएगा सिर्फ 26 अप्रैल, 2024 से Disney+ Hotstar पर स्ट्रीम करने के लिए तैयार है। फिल्म में सिद्धार्थ दीक्षित की भूमिका निभाने वाले विद्युत जम्मवाल ने कहा, "Crakk - जीतेगा तो जिएगा एक फिल्म है जिसे पूरे देश के लोग देखने का आनंद लेंगे। यह बिल्कुल ही अत्यधिक खेल फिल्म है। मुझे अपने स्टंट्स करने का अच्छा लगता है और मैं उन्हें करने के लिए उत्सुक हूँ, लेकिन पहली बार, मुझे अपने स्टंट्स करने से पहले तनाव की चिंता हुई क्योंकि इन एक्शन दृश्यों की तेजी से भरपूर गतिविधियों के लिए। इसने मेरी सीमाओं को बढ़ाया खासकर उड़ान और बाइक स्टंट्स के साथ, और ये कुछ ऐसा था जिसे मैंने पहले कभी नहीं देखा था! अर्जुन रामपाल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना कुछ था जिसे मैं बहुत समय से इंतजार कर रहा था और हमने बाहर स्क्रीन पर एक बढ़िया यारी का अनुभव किया। Crakk जीतेगा तो जिएगा वह सभी के लिए एक शानदार एक्शन फिल्म का समाधान है, सिर्फ Disney+ Hotstar पर ट्यून-इन करें और एड्रेनालिन रश को बढ़ाएं! 26 अप्रैल को स्ट्रीम करने के लिए एक्शन पैक्ड एंटरटेनर का देखें अनुभव, केवल Disney+ Hotstar पर!

## नेचुरल डायमंड उद्योग ने कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए उठायें कई अहम कदम

**नई दिल्ली।** बेहतर भविष्य के लिए नेचुरल डायमंड काउंसिल पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतिबद्ध है। इसके लिए उद्योग ऐसे



कदम उठा रहा है, जिनसे सीधा एवं सकारात्मक प्रभाव पड़े। अर्थ डे पर अग्रणी हीरा निर्माताओं और नेचुरल डायमंड काउंसिल (एनडीसी) के इंडस्ट्री पार्टनर्स रोजी ब्लू, शिवम ज्वेल्स, ज्वेलेक्स, डाएंको और डायरफ ने अपने प्रयासों से प्रकृति पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को सामने रखा।रोजी ब्लू ने 'रोजी ब्लू गोइंग ग्रीन' के नाम से बेहतरीन रणनीति तैयार की है, जिसमें ऊर्जा के प्रबंधन पर और कार्बन फुटप्रिंट कम करने पर फोकस किया जाता है। कंपनी 2030 तक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोकने के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने की दिशा में काम कर रही है। शिवम ज्वेल्स ने कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन को 1,100 टन कम किया है, जो 12,876 पेड़ों को बचाने के बराबर है। यह प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाता है। ज्वेलेक्स की आभूषण इकाई 2021 से ही कार्बन न्यूट्रल है और 2024-25 तक पूरे ग्रुप को कार्बन न्यूट्रल बनाने का लक्ष्य है। इस तरह की सक्रिय पहल के माध्यम से नेचुरल डायमंड काउंसिल पर्यावरण के अनुकूल एवं जिम्मेदार भविष्य बनाने के लिए आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है, जिससे पृथ्वी और इस पर बसे सभी लोगों को लाभ हो।

## टाटा मोटर्स ने मैजिक के खुशहाल ग्राहकों की संख्या 4 लाख पहुंचने की उपलब्धि हासिल की
# सेगमेंट में पहले मैजिक बाई-फ्यूल को लॉन्च किया

**■ नए वैरिएंट को सीएनजी और पेट्रोल के दोहरे लाभ के साथ अंतिम गंतव्य तक परिवहन को स्मार्ट बनाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है**




**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े कॉमर्शियल वाहनों के निर्माता, टाटा मोटर्स ने भारत की सबसे पसंदीदा टाटा मैजिक वैन के खुशहाल ग्राहकों की संख्या 4 लाख पहुंचने की उपलब्धि हासिल की है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं की सहूलियत को और बढ़ाने के लिए नया वैरिएंट मैजिक बाई-फ्यूल भी लॉन्च किया।अंतिम गंतव्य तक परिवहन की सुविधा प्रदान करने में विश्वसनीय, दक्ष और किफायती होने के लिए मशहूर, 10 सीटर टाटा मैटिक यात्रियों और ऑपरेटर्स के लिए एकदम उपयुक्त पसंद है।टाटा मैजिक की स्लीक डिजाइन, सुरक्षा और यात्रियों का आराम पिछले इतने सालों से जारी इसकी निरंतर सफलता के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

टाटा मैजिक कई उपयोगी फीचर्स के साथ आती है, जिसमें इको स्विच, गियरशिफ्ट एडवाइजर और बेहतरीन ड्राइवर एर्गोनॉमिक्स जैसे कई बेहतरीन फीचर्स शामिल हैं और इन सबका लक्ष्य स्वामित्व की कुल लागत को कम करना है। मैजिक छात्रों और कंपनियों के स्टाफ को उनकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए बिल्कुल परफेक्ट हैं। मैजिक बाई-फ्यूल 694 सीसी इंजन से लैस है और यह 60 लीटर के सीएनजी टैंक के साथ पांच लीटर के पेट्रोल टैंक में आता है। एक बार पूरी टंकी फुल होने पर यह 380 किलोमीटर तक चल सकती है । बेमिसाल परफॉर्मेंस और रख-रखाव की कम लागत के साथ मिलने वाली, मैजिक पर 2 साल या 72 हजार किमी की असाधारण वारंटी दी गई है।

टाटा मोटर्स कॉमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड श्री आनंद एस. ने इस उपलब्धिके बारे में कहा, हम बहुउपयोगी मैजिक ब्रांड के लिए 4 लाख खुशहाल ग्राहकों की उपलब्धि हासिल करने बहुत खुश हैं। मैजिक भरोसे, दक्षता और कम्फर्ट की 4 लाख यात्राओं का जश्न मना रहा है और यह भारत में सार्वजनिक परिवहन का सबसे पसंदीदा प्रोडक्ट बना हुआ है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, हमने अपने सेग्मेंट में पहली बार मैजिक बाई-फ्यूल लॉन्च किया है, जिसमें पेट्रोल की विस्तारित रेंज के साथ सीएनजी के फायदे भी हैं। इस नए वैरिएंट को सार्वजनिक परिवहन की उभरती जरूरतों को पूरा करने के साथ हमारे उपभोक्ताओं की मुनाफा कमाने की क्षमता और सुविधा को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। हम अपने उपभोक्ताओं के सहयोग और निष्ठा के लिए आभारी हैं और उपभोक्ताओं को लगातार यातायात के बेहतरीन साधन प्रदान करने के लिए समर्पित बने हुए हैं।''

## नैनो यूरिया प्लस का उत्पादन इस हफ्ते शुरू करेगी इफको, एक मई से वाणिज्यिक बिक्री

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश की प्रमुख सहकारी संस्था इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) इस हफ्ते नैनो यूरिया प्लस उर्वरक का उत्पादन की शुरुआत करेगी। इसकी वाणिज्यिक बिक्री एक मई से शुरु होने वाली है। नैनो यूरिया प्लस नैनो यूरिया का एक नया संस्करण है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने पिछले हफ्ते इसे तीन साल के लिए अधिसूचित किया था।

इफको के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. यूएस अवस्थी ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर नैनो यूरिया प्लस बोतल का पहला लुक जारी किया। इस अवसर पर अवस्थी ने कहा कि इफको नैनो यूरिया प्लस बोतल का पहला लुक जारी करते हुए खुशी हो रही है। अवस्थी ने नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) की जानकारी देते हुए कहा कि यह 20 फीसदी नाइट्रोजन 2/1 उच्च सांद्रता के बराबर 16 फीसदी नाइट्रोजन 2/2 के साथ नैनो यूरिया का एक उन्नत फॉर्मूलेशन है।

उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण के अनुकूल है और महत्वपूर्ण विकास चरणों में फसल की नाइट्रोजन आवश्यकता को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाता है। अवस्थी ने बताया कि बेहतर मृदा स्वास्थ्य और किसानों की लाभप्रदता के लिए पारंपरिक यूरिया और अन्य नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों के स्थान पर इसका उपयोग किया जाता है। यह सूक्ष्म पोषक तत्वों की दक्षता और उपलब्धता को बढ़ाता है। गौरतलब है कि नैनो यूरिया प्लस की कीमत में कोई इजाफा नहीं किया गया है। यह किसानों को 225 रुपये में 500 मिली. की बोतल में उपलब्ध होगा।

# एयरटेल ने पेश किया दुनिया घूमने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती इंटरनेशनल रोमिंग पैक

**■ पैक मात्र 133 प्रतिदिन से शुरू, विदेश में उपलब्ध लोकल सिम से भी सस्ता**

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफ़ायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ 133 प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफी किफ़ायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन पैक्स के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24×7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है।

इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल अपने यात्रा की अवधि चुननी होगी और एक ही पैक के माध्यम से वे दुनिया में कहीं भी बिना किसी रुकावट के कनेक्टिविटी का आनंद ले सकते हैं। अमित त्रिपाठी - डायरेक्टर - कस्टमर एक्सपीरियंस एंड मार्केटिंग, भारती एयरटेल ने बताया, ÷एयरटेल में, हमारा मिशन ग्राहकों की समस्याओं को हल करना और अधिक सुविधा प्रदान करना है। हमें किफ़ायती और सरल इंटरनेशनल रोमिंग पैक लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है जो दुनिया में कहीं भी यात्रा करने वाले ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के रोमिंग सुविधा प्रदान करेंगे। ये पैक बेहतर लाभों के साथ अधिक मूल्य प्रदान करते हैं और कई देशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में काफी किफ़ायती हैं। नया पैक क्रांतिकारी है और ग्राहकों को डेटा और वॉयस का असीमित उपयोग किफायती दामों पर प्रदान करके हमारे किफायती ऑफर को नए तरीके से पेश करता है।

**नए इंटरनेशनल रोमिंग पैक की प्रमुख विशेषताएं**

133 प्रतिदिन से शुरू होने वाले किफ़ायती पैक, जो उन्हें अधिकतर देशों में मिलने वाले लोकल सिम से भी अधिक किफ़ायती बनाते हैं

दुनिया में कहीं भी यात्रा करने के लिए सिर्फ एक प्लान, जो एक ही पैक के साथ दुनिया भर में कनेक्टिविटी को आसान बनाता है

**नई सुविधाएँ** बार-बार यात्रा करने वालों के लिए एक ऑटो रिन्यूअल सुविधा, जो पैक को कई बार खरीदने की आवश्यकता को दूर करती है और थैंक्स ऐप के माध्यम से परेशानी मुक्त यात्रा की सुविधा देती है।

## सोनाटा ने पोज़ के साथ किया अपने वाइब्रेन्ट स्प्रिंग एण्ड समर 2024 कलेक्शन का अनावरण

आधुनिक फैशन की सदाबहार घड़ियों के लिए विख्यात सोनाटा के सब-ब्राण्ड पोज़ ने स्प्रिंग एवं समर 2024 के लिए अपने नए कलेक्शन का लॉन्च किया है। इस सीज़न पोज़ बाय सोनाटा लेकर आए हैं कलर्स और स्टाइल्स की आकर्षक रेंज, जो बसंत के सदाबहार मौसम और गर्मियों में डूबते सूरज की सुनहरी चमक से प्रेरित हैं। इन्हें आधुनिक रंगों जैसे सीरियस ब्लैक, चॉकलेट ब्राउन, मिलेनियल पिंक और बोल्ड मैटेलिक्स में प्लेटिंग और फॉर्म्स के साथ नए फैशन ट्रैंड्ज़ को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। सटीकता और देखभाल के साथ डिज़ाइन किया गया यह नया कलेक्शन हर लिंग के फैशन प्रेमियों को लुभाता है, इस कलेक्शन में हर किसी के स्टाइल को ध्यान में रखते हुए घड़ियों की वैरायटी पेश की गई है। कलेक्शन का हर पीस गुणवत्ता एवं कारीगरी के लिए पोज़ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही आज के दौर के उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर भी खरा उतरता है। आज की पीढ़ी की जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए पोज़ बाय सोनाटा सुनिश्चित करते हैं कि फैशन प्रेमी युवा अपने हर पल को यादगार बना लें। यह कलेक्शन अपनी शानदार घड़ियां के साथ उनके हर पल को फैशन स्टेटमेन्ट बना देता है। 'गुणवत्ता, सुलभता और आधुनिक डिज़ाइनों पर फोकस करते हुए हम ऐसी घड़ियां लेकर आते हैं, जो न सिर्फ एक्सेसरीज़ हैं बल्कि उपभोक्ताओं के रोज़मर्रा के जीवन और उनके व्यक्तिगत स्टाइल की अभिव्यक्ति का अभिन्न हिस्सा हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारे उपभोक्ताओं की जीवनशैली के अनुरूप हम स्प्रिंग-समर 2024 कलेक्शन लेकर आए हैं।' प्रतीक गुप्ता, हैड ऑफ ब्राण्ड- सोनाटा ने कहा। ज्नरेशन ज़ी और मिलेनियल्स की सोच को ध्यान में रखते हुए यह कैंपेन आज के युवाओं के लिए सुलभ कीमतों पर ग्लोबल फैशन ट्रैंड लेकर आया है और फोटोग्राफिक परफेक्शन के प्रति उनक नज़रिए को नया आयाम देता है। यह हर पल का जश्न मनाता है, फिर चाहे वह कितना ही अपूर्ण हो।

# गुजरात साइंस सिटी में एक दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला नो योर रोबोट्स का आयोजन किया

**गाजियाबाद।** गुजरात साइंस सिटी की रोबोटिक्स गैलरी में एक दिवसीय नो योर रोबोट्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की आकर्षक दुनिया कि जानकारी देना और इस विषय पर संशोधन करके रोबोटिक्स क्षेत्र में विकास करके भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना था, ताकि वे इसमें आगे बढ़ सकें। भविष्य में इस क्षेत्र में आगे बढकर देश को तकनीकी क्षेत्र में आगे ला सके।

इस कार्यशाला में कुल 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिन्हें रोबोटिक्स गैलरी के पांच तकनीकी ट्यूटर्स द्वारा व्यक्तिगत रूप से निर्देशित किया गया था। रोबोटिक्स कार्यशाला में, छात्रों ने ड्रोन, हेक्सापॉड, DIY और सेंसर-आधारित रोबोट सहित विभिन्न



रोबोटों की आंतरिक कार्य प्रणाली का पता लगाया और उनके तंत्र और अनुप्रयोगों की गहरी समझ हासिल की। सिद्धांत सत्र में छात्रों को इमेज प्रोसेसिंग और सेंसर आधारित अनुप्रयोगों की मूल बातों से परिचित कराया गया। फिर छात्रों ने बुनियादी रोबोट बनाने के लिए DIY रोबोटिक्स किट के साथ प्रयोग किया। कार्यशाला के बाद भाग लेने वाले छात्रों को तकनीकी विशेषज्ञों के नेतृत्व में रोबोटिक्स गैलरी का भ्रमण भी कराया गया। इस दौरे में मेडिकल रोबोट, खोज और बचाव रोबोट, बैडमिंटन रोबोट इत्यादि जैसी 50 से अधिक अद्वितीय श्रेणियों के रोबोटों का प्रदर्शन किया गया और उनकी अनूठी विशेषताएं, क्षमताएं और वास्तविक दुनिया कि जानकारी दी गई।

ऐसी कार्यशालाओं के साथ, गुजरात साइंस सिटी की रोबोटिक्स गैलरी कॉलेज स्तर के छात्रों और रोबोटिक्स के क्षेत्र में रुचि रखने वालों के लिए पायथन, पिक्सहॉक, सी-लैंग्वेज और अरुडिनो प्रोग्रामिंग, एआई, रोबोटिक्स ऑपरेशन सिस्टम और सीएडी पर बुनियादी और उन्नत स्तर के पाठ्यक्रम भी संचालित करती है।

# इंटर में जिला टॉपर बने फैजान को विद्यालय ने 51 हजार रूपए दिया पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कप्तानगंज स्थित जेपी इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र फैजान अली अंसारी द्वारा यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट के परीक्षा में 97त्न अंक लाकर उत्तर प्रदेश में पांचवा और कुशीनगर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें 51000 रुपए की भारी भरकम धनराशि पुरस्कार स्वरूप दिया है। साथ ही उत्साहवर्धन के लिए फैजान अली अंसारी के कक्षा 12वीं के सभी प्रकार के शुल्क विद्यालय द्वारा रिफंड कर दिए गए हैं।

सोमवार को आयोजित विद्यालय के प्रार्थना सभा में सभी बच्चों और शिक्षकों की उपस्थिति में उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गौड भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि फैजान अली अंसारी ने अपने परिश्रम और लगन का परिचय देते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीराम प्रसाद ने कहा कि फैजान अली अंसारी का प्रदर्शन निश्चित रूप से उत्कृष्ट है जिससे सीख लेकर अन्य विद्यार्थी भी इन्हीं की तरह का बेमिसाल प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय द्वारा दिया गया यह 51000 की धनराशि फैजान अली अंसारी के अग्रिम पढ़ाई में मददगार साबित होगा। इस अवसर पर विद्यालय की सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं के साथ विशंभर प्रसाद, अलियार अंसारी, इमदाद, जयराज सिंह, अजय खेतान, चंदन कुमार गौंड अनूप सिंह, सगीर अहमद, रणजीत सिंह, अखिलेश सिंह, महताब आलम, राम दरस शर्मा, प्रेम नारायण पांडेय, मुकेश कुमार, शैलेश, अमन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



- जेपी इंटर कालेज कप्तानगंज का होनहार छात्र है फैजान
- 12वीं के सभी प्रकार की शुल्क भी विद्यालय प्रबंधन ने किया रिफंड

## दुबई से युवक का पार्थिव शरीर घर वापसी की मांग

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पडरौना क्षेत्र के इंद्रसेनवा निवासी मुकेश प्रसाद उम्र 42 वर्ष 18 माह पूर्व दुबई कमाने गए थे। 15 अप्रैल को कंपनी से फोन आया कि मुकेश प्रसाद की किसी कारणवश मृत्यु हो गई है।

मुकेश की पत्नी सीमा निषाद ग्राम इंद्रसेनवा पोस्ट बतरौली बाजार थाना कुबेरस्थान जनपद कुशीनगर का निवासी का कहना है कि मेरे पति 18 माह पूर्व दुबई कमाने गए थे जिनका पासपोर्ट नंबर एम 476491 8 है। 8-4-24 को भारतीय समय अनुसार दोपहर 12:20 पर मेरे पति से फोन पर बात हुई, कुछ घंटे बाद फोन की तो उनका फोन नही उठा मैं घबड़ा कर लगातार फोन करती रही लेकिन फोन नहीं उठा दूसरे दिन फोन स्विच ऑफ बताने लगा।

कंपनी से 15.4.24 को फोन आया कि मुकेश प्रसाद की किसी कारणवश मृत्यु हो गई है सीमा निषाद ने विदेश मंत्रालय भारत सरकार से लिखित रूप में मांग की है कि मेरे पति का पार्थिव शरीर स्वदेश लाया जाए।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित मतदान कार्मिक का वेतन रोकने के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मनीष महिला महाविद्यालय गौरीगंज में सोमवार को दूसरे दिन मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक सूरज पटेल की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी प्रथम को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। आज दूसरे दिन प्रशिक्षण में 936 मतदान कार्मिकों में से 935 मतदान कार्मिक उपस्थित रहे तथा एक मतदान कार्मिक उमेश प्रताप सिंह अनुपस्थित रहे जिनका माह अप्रैल 2024 का वेतन रोकने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिए गए। प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों को ईवीएम वीवीपैट मशीनों को जोड़ने कंट्रोल यूनिट वैलेट यूनिट और वीवीपैट को जोड़ने माक पोल कराने माकपोल की पर्ची लिफाफे में रखकर शील्ड करने मतदाता रजिस्टर मत पत्र लेखा को तैयार करने पीठासीन की डायरी को भरने आदि महत्वपूर्ण चीजों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया की गंभीरतापूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े जो कुछ शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर ट्रेनर से कर लें। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन संबंधित सभी प्रक्रिया को अच्छी तरह से जान लें।

## तेज धूप को लेकर स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक संगठन द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बढ़ते तापमान एवं लू से परेशान छोटे बच्चों एवं शिक्षकों के लिए समय परिवर्तन की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप मिश्र द्वारा अवगत कराया गया है कि माध्यमिक शिक्षा में शिक्षकों एवं बच्चों के लिए विद्यालय का समय 7:30 से 12:30 है जबकि बेसिक शिक्षा में जहां छोटे-छोटे बच्चे अध्ययन करते हैं उसका समय 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक है। 12 के बाद बच्चे परेशान हो जाते हैं 2 बजे जब तपती धूप में बच्चे घर जाते हैं तो इसके कारण बच्चे बीमार भी हो रहे हैं और बच्चों की उपस्थिति भी प्रभावित हो रही है ऐसे में अन्य जिलों के तरह जनपद अमेठी में भी विद्यालय समय परिवर्तन अति आवश्यक है। संगठन ने मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी इस संबंध में कार्रवाही करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

# डीएम ने सभी अधिकारियों को प्रेरणा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** संचारी रोग नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित दस्तक अभियान के संदर्भ में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के बीच आपसी तालमेल पर जोर दिया गया। डीएम ने सभी अधिकारियों को प्रेरणा के साथ कार्य करने का निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा प्रत्येक घर पर दस्तक देकर बुखार, खांसी, फाइलेरिया, कालाजार, कुष्ठ, क्षय रोग व कुपोषित बच्चों की सूची संकलित कराने के अलावा साफ-सफाई और बीमारियों से बचाव के लिए जनसामान्य को जागरूक किए जाने पर विशेष जोर दें।उन्होंने संचारी रोगों के विषय में जागरूकता को आवश्यक बताया गया। यह कार्यवाही 30 अप्रैल तक नियमित रूप से करने को कहा। गांवों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता कराने के लिए शेष रह गए इंडिया मार्का हैंडपंप की मरम्मत और रिबोर कराया जाए। जहां ओवरहेड टैंक से पानी की आपूर्ति होती हैं, उनकी टंकियों की सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायों, खुले में शौच न करने, मच्छरों की रोकथाम के लिए नागरिकों को जानकारी दी जाए। ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, शौचालय की सफाई तथा घरों से जल निकासी के भी उपाय किए जाएं। यथा संभव सूकर बाड़ों को आबादी से दूर स्थापित करवाया जाए। बैठक में मुख्य विकास प्रत्यूष पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजेश झा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, एसीएमओ डॉ सुरेंद्र चौधरी, डीपीओ कृष्ण कांत राय, डॉ आरपी यादव, डीपीएम पूनम, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डीसीपीएम राजेश गुप्ता के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


## कायाकल्प स्वास्थ्य टीम द्वारा सीएचसी ठर्रापार का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** नगर पंचायत घघसरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार में सोमवार को लखनऊ की स्वास्थ्य टीम कायाकल्प द्वारा निरीक्षण किया गया और कुछ बिंदुओं पर चिकित्सालय को दिशा निर्देश भी दिए गए। जांच टीम सबसे पहले दवा वितरण कक्ष में गयी, जहाँ सब कुछ ठीक पाया गया। इसके बाद प्रसूता कक्ष, मरजेंसी कक्ष, दवा स्टाक रूम,बच्चों के टीकाकरण कक्ष,मरीज भर्ती रूम, एक्सरे रूम देख कर संतोष की सांस ली। चिकित्सालय प्रांगण में पछुआ हवा के झोंके से आए-रद्दी कागज, पन्नी वगैरह गंदगी को देखकर सख्त लहजे में तत्काल सफाई कराने का आदेश दिया। कायाकल्प जांच टीम की अगुआई कर रहे- डाक्टर अरविंद व डाक्टर मुस्तफा खान ने सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सतीश सिंह से हास्पिटल बाउंड्रीवाल लगवाने पर विशेष जोर दिया। उक्त अवसर पर अधीक्षक डाक्टर सतीश सिंह के अलावा वरिष्ठ कंपाउंडर सुशील कुमार शुक्ल, आदित्य प्रताप, हेमंत पाण्डेय, विनय पाण्डेय, जय कृष्ण यादव, चंद्रसेन पाठक, अश्वनी पासवान,स्टफ नर्स-रीनाष गौतम, अंजनी, जखरूल्ला, सत्येंद्र कुमार,पुनीत दुबे, पवन, प्रिया, रवि राज, अमरेन्द्र राज, देवी नंदन भट्ट, निरहू यादव, संगीता, कुसुमलता, प्रियंका, सीमा कुमार, शिल्पी पाण्डेय मौजूद रहे।

# मार्ग ईआरपी लिमिटेड के नये कार्यालय का खलीलाबाद में उद्घाटन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** रिज़वी कंसल्टेंसी से जुड़े तालिब रिज़वी द्वारा मार्ग ईआरपी लिमिटेड के अपने नए कार्यालय का उद्घाटन कराया गया, जो कि खलीलाबाद के विकास को संजोय और उसकी समृद्धि में योगदान करने का संकल्प लिए हुए है। खलीलाबाद में मार्ग ईआरपी लिमिटेड के नए कार्यालय का उद्घाटन समारोह प्रमुख नागरिकों, व्यापारिक समुदाय के सदस्यों, और सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। मार्ग ईआरपी लिमिटेड की स्थापना 30 वर्ष पहले हुई थी, और डिजिटलीकरण का यात्रा ने कई मील के पथ पार किए हैं, जिसमें 27+ व्यापार सेगमेंट्स के 1 मिलियन से अधिक व्यवसायों को 28+ देशों में शामिल किया गया है। मार्ग ईआरपी लिमिटेड ने अपने आप को भारत के प्रमुख इन्वेंटरी और लेखा सॉफ़्टवेयर प्रदाता के रूप में स्थापित किया है, डिजिटल भुगतान और वितरण के साथ। खलीलाबाद के नए कार्यालय का उद्घाटन, मार्ग ईआरपी लिमिटेड के संवाददाता ने कहा, खलीलाबाद में हमारे नए कार्यालय का उद्घाटन करके हम अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रकट कर रहे हैं कि हम विकास और प्रगति में सकारात्मक योगदान करेंगे। खलीलाबाद में हमारा कार्यालय एक नई उत्साह और संतुष्टि का केंद्र होगा, जो हमारे ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के लिए तैयार है। मार्ग ईआरपी लिमिटेड के नए कार्यालय का उद्घाटन खलीलाबाद में व्यवसायिक वातावरण को मजबूत करेगा और स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल तकनीकों के माध्यम से अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

## सड़क पर मेज लगाकर दुकान लगाए व्यवसायी से पुलिस का हुआ विवाद

**गोरखपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अलीनगर में पटरी पर लगी दुकान के कारण लगातार जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। भीषण गर्मी में स्थिति तब ज़्यादा खराब हो जाती है जब अभिभावक स्कूल से अपने बच्चों को वापस लेने के लिए उस रास्ते का प्रयोग करते । गर्म हवाओं और धूप के कारण जाम की स्थिति बच्चों के लिए किसी काल से कम नही रहती। इस बात की लगातार शिकायत के बाद पुलिस पटरी पर दुकान लगाने वालों से रास्ता खाली करने का अनुरोध कई बार किया। इस सम्बंध में व्यवसायियों ने आरोप लगाया कि मेज हटाने की बात पर दरोगा द्वारा मारपीट की गई। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया की सोमवार को जब इस्पेक्टर कोतवाली वीआईपी ड्यूटी पर जा रहे थे तब वहाँ जाम की स्थिति थी। इस बात पर उपनिरीक्षक अरविंद राय ने जब रोड़ पर मेज लगाकर दुकान लगाए हुए आशुतोष गुप्ता से मेज हटाने को कहा तो इसी बात को लेकर वहां के पटरी व्यवसायी एकजुट हो गये और पुलिस से कहा सुनी होने लगी।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित, बीईओ को प्रतिकूल प्रविष्टि

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आज रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के 17 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र उच्च प्राथमिक विद्यालय महाराजगंज में गंभीर खामियां मिली जिस पर डीएम ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी जयराम पाल को खराब पर्यवेक्षण तथा कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया।

देर शाम बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश यादव को निलंबित कर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए न्यूनतम सुनिश्चित सुविधा उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है। लापरवाही और कोताही बरतने वाले अधिकारी एवं कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने आज उच्च प्राथमिक विद्यालय परसा जंगल, प्राथमिक विद्यालय उसरा बाजार, इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल तिवई, उच्च प्राथमिक विद्यालय कोइलगढ़हा, प्राथमिक विद्यालय इमिलिहा, प्राथमिक विद्यालय मेदनापुर जमुनही, प्राथमिक विद्यालय सरहसबह समुदा, उच्च प्राथमिक विद्यालय अकटहिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय महाराजगंज, प्राथमिक विद्यालय सरहसबह, प्राथमिक विद्यालय सतगढ़ही, उच्च प्राथमिक विद्यालय छितही बाजार, उच्च प्राथमिक विद्यालय बर्दगोनिया, प्राथमिक विद्यालय भारी जोगिया, प्राथमिक विद्यालय उसरी खुर्द, उच्च प्राथमिक विद्यालय इंदुपुर नंबर 1 और उच्च प्राथमिक विद्यालय लबकनी का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय उसरा बाजार के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैंप की ऊंचाई को दुरुस्त करने तथा प्राथमिक विद्यालय जंगल इमिलिहा तक मार्ग के इंटरलॉकिंग करने का निर्देश दिया। उच्च प्राथमिक विद्यालय महाराजगंज निरीक्षण के दौरान मतदान कक्ष में प्रकाश व्यवस्था, पंखा एवं रंगाई-पुताई की समुचित व्यवस्था नहीं मिली। फर्श टूटी मिली तथा रैंप भी मानक के अनुकूल नहीं पाया गया। इस पर डीएम ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित करने का निर्देश दिया। निलंबन की अवधि में प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश यादव ब्लॉक संसाधन केंद्र बैतालपुर से संबद्ध रहेंगे। डीएम ने गत 5 वर्ष के दौरान विद्यालय को कंपोजिट ग्रांट के अंतर्गत मिली धनराशि की जांच करने का भी निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं उनके प्रतिनिधियों से संवाद भी किया और उनके माध्यम से प्रवासी मतदाताओं को 1 जून के दिन मतदान के लिए जनपद में बुलाने का अनुरोध किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रुद्रपुर रत्नेश तिवारी, सीओ रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।



- डीएम ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

## केडी इंटर कालेज के होनहारों ने लहराया सफलता का परचम



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के विशुनपुरा स्थित कलमा देवी (केडी) इंटर कालेज के छात्रों ने सफलता का परचम लहराया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल एवं इंटर में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसमें हाईस्कूल में काजल सिंह 91.33 प्रतिशत, संजना शर्मा 91.16 प्रतिशत, खुशबू मौर्य 86.33 प्रतिशत, अंचल गुप्ता 86 प्रतिशत, अर्चना विश्वकर्मा 85 प्रतिशत, अंक अर्जित किया है। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में अनुष्का सिंह 91.40 प्रतिशत, निलेश सिंह 82.60 प्रतिशत, अनामिका तिवारी 80 त्न, खुशबू सिंह 80 प्रतिशत, विशाल यादव 80 प्रतिशत ने अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह, प्रबंधक फुलेना सिंह, आदित्य सिंह, रामसागर उमेश, पिंटू रावत, सरिता जायसवाल आदि ने छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

- इंटर में अनुष्का को 92.04 व हाईस्कूल में काजल ने 91.33 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का बढ़ाया मान

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवां गोरखपुर-थाना क्षेत्र के के मोहद्दीनपुर उर्फ तख्था निवासी विवाहिता को ससुराल के लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है। गोरखपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के माया बाजार दक्षिणी जगरनाथपुर निवासी भरत पांडेय ने अपनी पुत्री पूजा पांडेय की शादी दिसंबर 23 में सहजनवां थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर उर्फ तख्था निवासी अभिषेक मिश्र के साथ किए हैं।

आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल के लोग दहेज की मांग कर रहे है और पुत्री का उत्पीड़न कर रहे है। अब दहेज नहीं मिलने पर घर से निकाल दिए हैं। सीओ गीडा अनुराग सिंह ने बताया कि भरत पांडेय की तहरीर पर पति अभिषेक, सास सुधा, जेठ विवेक, जेठानी विवेक की पत्नी, तथा ननद श्वेता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है।

## कोर्ट के आदेश पर ईओ समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशेष न्यायालय एससी/एसटी कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नगर पंचायत तमकुहीराज के पूर्व ईओ समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जनवरी में ईओ और चेयरमैन के बीच हुई मारपीट के मामले में पहले ईओ ने चेयरमैन समेत 14 लोगों पर केस दर्ज कराया था। उस समय चेयरमैन पक्ष की ओर से भी पुलिस को तहरीर दी गई थी, लेकिन केस दर्ज नहीं हो सका था। चेयरमैन के पक्ष से सफाई कर्मी ने विशेष न्यायालय एससी/एसटी कोर्ट में अपील की थी।

27 जनवरी को तमकुहीराज के तत्कालीन ईओ अमित प्रताप सिंह और चेयरमैन जेपी गुप्ता के बीच आउटसोर्सिंग के टेंडर को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में मारपीट हो गई थी। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए थे। चेयरमैन व उनके समर्थकों की गिरफ्तारी के लिए जिले के ईओ और नगर पंचायत कर्मियों ने धरना दिया था। हालांकि, मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप भी लगाया गया। इस मामले में पुलिस ने ईओ की तहरीर पर चेयरमैन जेपी गुप्ता, ठेकेदार उपेंद्र गुप्ता, सफाईकर्मी राहुल गोंड, रूपेश, अभय, रवि और आठ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। चेयरमैन पक्ष से सफाई कर्मी राहुल गोंड ने भी पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन, इस मामले में केस दर्ज नहीं हो सका था। इसके बाद चेयरमैन पक्ष से राहुल ने विशेष न्यायालय एससी/एसटी में अपील कर कार्रवाई की गुहार लगाई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पूर्व ईओ अमित प्रताप सिंह, उनके चालक और तीन अज्ञात समेत पांच लोगों के खिलाफ एससी-एसटी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# भीषण गर्मी, गर्म हवाएं व लू के प्रकोप से करें बचाव

अवधनामा ब्यूरो

**जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी**

**कुशीनगर।** गर्मी का मौसम अपने चरम पर है और उसपर आग उगलती सूरज की किरणे जन मानस को बेहाल कर दिया है लोग अपने घरों से निकलने में कतरा रहे है बहुत ही जरूरी कार्य के लिए ही निकल रहे हैं ऐसे में लोग वृक्षों के नीचे शरण लेकर थोड़ी राहत महसूस कर रहे हैं।

जिले में लू-प्रकोप से बचाव एवं राहत के लिए विभागीय तैयारी एवं विस्तृत कार्य योजना उपलब्ध कराए जाने, हीट-वेव को मानीटर किए जाने हीट-वेव के समय क्या करे, क्या न करे का प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश सम्बंधित अपर जिलाधिकारी, जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण कुशीनगर द्वारा एक जारी विज्ञप्ति में आम जनमानस से अपील करते हुए लू-प्रकोप से बचने के लिए विस्तृत जानकारियां दी गई है जिसपर विशेष ध्यान देने योग्य बात है।

### क्या करे, क्या न करे

हीट-वेव की स्थिति में जागरूकता एवं बचाव से उसके प्रभाव से बचा जा सकता है। हमारे शरीर का तापमान हमेशा 37 डिग्री सेल्सियस होता है। इस तापमान पर शरीर के सभी अंग सही तरीके से काम कर पाते है। पसीने के रूप मे पानी बाहर निकाल कर शरीर 37 डिग्री सेल्सियस तापमान मेटेन रखता है। लगातार पसीना निकलने वक्त पानी पीना अति आवश्यक है। पानी शरीर मे इसके अलावा भी बहुत कार्य करता है लेकिन जब बाहर का तापमान 45 डिग्री के पास हो जाता है और शरीर की कुलिंग व्यवस्था ठप हो जाती है, रक्त गर्म होने लगता है तो रक्त मे उपस्थित प्रोटिन मे उबाल होता है जो कि हानिकारक होता है इससे सांस लेने मे दिक्कृत होती है और जब स्थिति और तेज हो जाती है तो इंसान का शरीर जवाब दे देता है और उसकी मौत हो जाती है।

### लू-ताप घातक का इनको सबसे अधिक रहता है खतरा

नवजात, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं, गम्भीर बिमारियों से ग्रसित व्यक्ति, धुप मे काम करने वाले व्यक्ति को लू-ताप घातक का सबसे अधिक खतरा रहता है।

### गर्मी मे बिमार होने के मुख्य कारण

गर्मी के दिनो मे खुले शरीर मे चलना और भाग दौड़ करना, तेज गर्मी के घर से खाली पेट यानी भुखा प्यासा बाहन निकलना, धुप से आकर तुरन्त ठंडे पानी या अन्य ठंडे पदार्थ का सेवना करना, तेज धुप से आकर सीधे कुलर या एसी मे बैठना या उठकर धुप मे जाना, गर्मी मे सिंथेटिंक वस्त्रो का पहनना, तेल मसाले वाला खाना, गरीष्ठ भोजन, तेज मसाले, बहुत गर्म खाना न खाये, अधिक चाय व शराब का सेवन कर न करना, बासी व अत्यधिक भारी भोजन करना ये गर्मी मे बिमार होने के मुख्य कारण है इसे परहेज करने की आवश्यकता है।

### लू लगने के लक्षणों को पहचानें

अत्यधिक पसीना एवं बेहोसी आना, यदि कमजोरी लगे, चक्कर आये, सिर दर्द हो, उल्टी महसुस हो रही हो, तेज पसीना और झटका जैसे महसुस हो, शरीर मे एठन, नब्ज का असामान्य होना लू लगने के लक्षणों का पहचान मे है।

**बचने के उपाय**–लू-प्रकोप से बचने के लिए घर से जब भी बाहर निकले कुछ खाकर और पानी पीकर ही निकले, पानी का सेवन कम से कम 4 या 5 लीटर रोजना करे, आम का पना, खस, गुलाब, फालसा, संतरा, का शरबत सत्तु, दही की लस्सी, मठ्ठा, गुलकन्द का सेवन करना चाहिए, सफेद प्याज का सेवन तथा बाहन निकलते समय प्याज रखना चाहिए, आखों को धुप से बचाने के लिए चश्मा पहनकर निकला चाहिए, बीमार और गर्भवती महिलाओं को सावधानी बरतनी चाहिए निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस घोल का प्रयोग करे, संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें।

## विकसित देशों में ई-सिगरेट का बढ़ रहा है प्रचलन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर ई-सिगरेट एवं वैपिंग विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो पी के श्रीवास्तव ने ई सेवाएं लोगों को सुलभता के लिए बनाई गई हैं,जबकि ई-सिगरेट स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ धनन्जय सिंह ने कहा कि टेक्नोलॉजी ने सुविधा तो बढ़ाया है पर पर्यावरण को काफी क्षति भी पहुंचाया है। विकसित देशों में ई-सिगरेट का प्रचलन बढ रहा है। यह सिगरेट की तुलना में अधिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। शिक्षक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ लाजो पांडेय ने कहा ई सिगरेट से कैंसर जैसी बीमारी और अधिक बढ़ने की सम्भावना है। आयोजन सचिव डॉ आदित्य बहादुर सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा ई-सिगरेट बैटरी से संचालित एक उपकरण है। डॉ अनूप कुमार सिंह ने विषय परिवर्तन करते हुए कहा कि अमेरिका में पांच में से एक युवा वेपिंग से पीड़ित है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अरविंद कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पहली ही परीक्षा में हुए फेल

## गठबंधन व सपा नेताओं को भी प्रत्याशी राम भुआल निषाद की शैली से हुआ जोरदार का दर्द

- कांग्रेस, आप, म्युनिस्ट और मोस्ट के दिग्गजों को नही दिया बात रखने का मौका

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मोदी मैजिक कम करने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया गया,जिससे भाजपा की द्रुतगति को रोका जाए 2024 के लोस चुनाव में भाजपा के अभियान को कुंद किया जाए,लेकिन 38 लोकसभा सुल्तानपुर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुछ ज्यादा ही उत्साहित है,उन्हें लगता है की उनकी चुनावी वैतरणी आसानी से पार हो जाएगी,तभी तो जनपद आगमन होते ही प्रेसवार्ता में उन्होनें कुछ ज्यादा ही बोल दिया,जिसे सुनकर गठबंधन के नेताओ ने भी राम भुआल निषाद की अबतक की राजनीतिक सफर की समीक्षा शुरू कर दी है,तो वही श्री निषाद अब गठबंधन के नेताओ की घर दुवरिया शुरू कर दिया है, बीते शुक्रवार को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रहे शकील अहमद के आवास पर कार्यकर्ताओं की मीटिंग में शामिल हुए, सोमवार को मोस्ट के निदेशक श्यामलाल निषाद, गुरूजी,के आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेगें, सपा से एकमात्र विधायक मो.ताहिर खां भी नही दिखाई दिए, गठबंधन के सहयोगियों ने जिस जोश के साथ राम भुआल निषाद की अगवानी की थी,अब उस जोश में कुछ कमी लग रही है,इसकी वजह भी साफ और स्पष्ट है,इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राम भुआल निषाद की जिस तरह 38 लोकसभा सुल्तानपुर में तूफानी इंट्री हुई थी,दो ही दिन में सारी गैस लीक होने लगी है। गठबंधन प्रत्याशी जनपद की स्थित परिस्थित की समीक्षा किए बगैर ही बोलते चले गए, उन्होनें अपने आगे गठबंधन के सहयोगियों को मौका ही नही दिया,जिससे वरिष्ठ और अनुभवी जिले की मूल समस्या पर चर्चा करते,जबकि प्रेसवार्ता में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, राणा,आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष ब्रजेश प्रजापति, सीपीआई के वरि.नेता नरोत्तम शुक्ल एडवोकेट, कांग्रेस कॉर्डिनेटर मुन्ना सिंह, त्रिसुंडी, मोस्ट निदेशक श्यामलाल निषाद, गुरूजी,कांग्रेस से राजेश तिवारी,नगर अध्यक्ष शकील अंसारी,सपा से पूर्व लोकसभा के प्रत्याशी रहे शकील अहमद,सपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक अनूप संडा, भगेलू राम, अरूण वर्मा, सलाहुद्दीन आयोजक विधान सभा अध्यक्ष गुफरान सैफी आदि मौजूद रहे,परंतु गठबंधन प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने किसी को भी अपनी बात रखने का मौका नही दिया, राजनितिक सूत्रों की माने तो इसका खामियाज़ा इंडिया गठबंधन को उठाना पड़ सकता है,बहरहाल पत्रकार वार्ता में स्थित असहज होते ही, पूर्व विधायक/ प्रवक्ता अनूप संडा बचाव में उतरकर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की,लेकिन तबतक मैसेज पास हो चुका था।

### केडीसी में सम्पन्न हुआ माइक्रोआर्ब्ज़र्वर्स का प्रशिक्षण

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिले के क्रिटिकल एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर माइक्रोआर्ब्ज़र्वर्स की तैनाती की जाएगी। मतदान केन्द्रों पर तैनात होने वाले माइक्रोआब्ज़र्वर्स के लिए किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे माइक्रोआब्जर्वर्स से ईडीसी सहित विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि आम लोग भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अध्ययन अपने उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/सीडीओ रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा, अधि.अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पाण्डुक शिला पर श्रद्धालुओं ने किया श्रीजी का अभिषेक

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** भगवान महावीर के 2623 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अभिनंदनोदय तीर्थ से श्री जी की भव्य शोभायात्रा वर्णी जैन कॉलेज की भूमि पाण्डुक शिला पर पहुची जहां श्रद्धालुओं ने श्री जी का अभिषेक कर धर्म लाभ लिया। सुबह अभिनंदनोदय तीर्थ से विमान जी में विराजित श्रीजी की शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निर्धारित मार्ग से होते हुए श्री वर्णी जैन कालेज की भूमि स्थित पाण्डुक शिला पर पहुंची। जहां प्रतिष्ठाचार्य संतोष अमृत के मार्गदर्शन में अभिषेक आदि की मांगलिक क्रियाए हुई। श्रीजी के अभिषेक के उपरान्त आरती प्रतिभास्थली महिला मंडल ललितपुर ने भक्तिपूर्वक की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पंचायत समिति के पदाधिकारियों ने आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण कर के दीप प्रज्वलित किया। जैन पंचायत से डा.अक्षय टडैया ने वर्णी कालेज की भूमि पर भव्य शिक्षा के आलय स्थापना का संकल्प दोहराया। पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन ने वर्णी कॉलेज भूमि की विवादित स्थिति से अवगत कराते हुए कहा शीघ्र ही जैन समाज इस भूमि पर जनहित में कल्याणकारी योजनाएं शिक्षा का केंद्र बनाकर सर्व समाज के हित में कार्य करेगी। इस दौरान शील चंद जैन, राजेंद्र जैन, अखिलेश जैन, संजीव जैन, अक्षय अलया, मोदी पंकज जैन, अशोक जैन, प्रतीक जैन, राकेश जैन, सतीश नजा, सनत जैन, सीए सौरभ जैन, विजय जैन, प्रफुल्ल जैन, संजीव जैन, अमित जैन, सजल जैन, राजकुमार, धन्यकुमार जैन, सन्मति जैन, धन्यकुमार जैन, पवन जैन, मनोज जैन, अजय जैन, आनंद जैन, शुभेन्दु मोदी आदि मौजूद रहे।

# रानीपुरा की आदिवासी बस्ती नहीं पहुंची बिजली

- गांव की महिलाओं ने लामबंद होकर डीएम को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** ब्लाक जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानीपुरा में विद्युत व्यवस्था सुचारू कराये जाने की मांग को लेकर गांव की महिलाओं ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि रानीपुरा के बाईपास स्थित आदिवासी मोहल्ला/सहरिया बस्ती में स्वतंत्रता के बाद से आदिवासी समाज जीवन जीने की मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बताया कि विगत दो वर्ष पहले जब उन्होंने विद्युत के खम्भे व घरों पर मीटर लगाये गये थे। बावजूद इसके आज तक वहां विद्युत व्यवस्था सुचारू नहीं हो सकी है। बताया कि विद्युत जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित आदिवासी समाज अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश है। उन्होंने बताया कि विद्युत न होने के कारण बुजुर्ग, बच्चे व महिलाओं को रात में शौचक्रिया जाने में भी खतरा बना रहता है। बताया कि दो माह पहले एक बच्चे को सांप ने काट लिया था, लेकिन अंधेरा होने के कारण सांप नजर नहीं आया। इस प्रकार की कई घटनायें पूर्व में भी घटित हो चुकी हैं। उन्होंने भारत के संविधान में निहित अधिकारों का हवाला देते हुये बताया कि आदिवासी समाज देश का सबसे पिछड़ा समाज है, जिसकी शासन व प्रशासन द्वारा लगातार अंदेखी की जा ही है। महिलाओं ने जिला प्रशासन से गांव में जल्द ही विद्युत व्यवस्था सुचारू कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय कुसुम, सुशीला, कला, कृष्णा, राजकुमारी, संपत, जमना आदि मौजूद रहीं।

### पॉवर परिवर्तक बदलने के कारण बाधित रहेगी विद्युत

**बहराइच।** विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय बहराइच के उपखण्ड अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि 23 अप्रैल 2024 को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र-सिविल लाइन पर क्षमता वृद्धि हेतु पॉवर परिवर्तक (5 एमवीए से 10 एमवीए) बदलने का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण 33/11 के.वी. सिविल लाइन उपकेन्द्र के समस्त फीडर प्रातः 07.00 बजे से रात्रि 11.00 बजे तक बन्द रहेंगे। इस दौरान पंचवटी, माधवरेती, वीआईपी, फायर स्टेशन, नवोदय, दिवानी कचेहरी एवं टेलीफोन फीडर से सम्बन्धित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति से प्रभावित रहेगी। श्री कुमार विद्युत उपभोक्ताओं से अपेक्षा की है कि तद्नुसार पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूर्व से ही कर लें।

# एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर,कुड़वार।** जिले के विकासखंड कुड़वार के अंतर्गत कामायनी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट अजीयाऊर देवी ऊंच गांव सुल्तानपुर मे सोमवार को एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कामायनी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट और पंडित गजराज शुक्ला महाविद्यालय चंदेलेपुर धम्मौर सुल्तानपुर के बालक और बालिकाओं के मध्य 100 मी दौड़ क्रिकेट और कबड्डी का आयोजन किया गया।जिसमें से 100 मीटर की दौड़ और क्रिकेट में विजयी टीम पंडित गजराज शुक्ला महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं रही। वहीं पर कबड्डी में कामायनी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्र होने बाजी मारी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक डॉ संदीप शुक्ला ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विजयी टीम को मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा खेल जीवन का एक अंग है। पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेल भी खेलना चाहिए,जिससे स्वास्थ्य के साथ-साथ मन भी स्वस्थ रहता है। श्री शुक्ला जी ने दोनों विद्यालयों के शिक्षकों को भी धन्यवाद देते हुए उनकी सराहना की। इस मौके पर कामायनी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के प्रबंधक व निर्देशक डॉ संदीप कुमार शुक्ला, विनोद चंद्र पांडे ,शिव शंकर पांडे, रामकुमार यादव,नरेंद्र यादव, राजकुमार यादव, अभिनव मिश्रा, बृजभूषण पांडे,साधना द्विवेदी, सुमन, संगीता सिंह, संतोष कश्यप आदि शिक्षक गण एवं कर्मचारी तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

### संविधान के चेहरे को किया जा रहा है विक्रत

**टूंडला।** समाजवादी पार्टी की एक चुनावी जनसभा गांव निर्भयगढ़ी में आयोजित की गयी जिसमें पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो0 रामगोपाल यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि संविधान की आत्मा को आहत कर उसके चेहरे को विक्रत करने का काम भाजपा कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस संविधान ने लोगों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया उसको ही बदलने का प्रयास किया जा रहा है। संविधान बदलने की बात भाजपा के लोग खुले मंचों से कह रहे हैं। आरक्षण को समाप्त किया जा रहा है। जब भी कोई भर्ती होती है तो उसका पर्चा लीक करा दिया जाता है जबकि अब भर्तियां केवल आउट ऑफसोर्स व संविदा पर ही की जायेगीं जिसमें आरक्षण की कोई महत्ता नहीं रहेगी।

# सिर्फ नाम के ही नहीं, काम के भी है विजय बाबू

- क्षयरोगियों को हर माह देते है पौष्टिक आहार किट

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में पिछले तीन वर्षो से तैनात वरिष्ठ सहायक विजय राय सिर्फ सरकारी कर्मी ही नही एक अच्छे समाजसेवी भी है। जन सहयोग या फिर समाजसेवा का मौका मिले तो विजय बाबू छोड़ते नहीं। जिले में बड़े-बड़े व्यवसायी खुद को अच्छा समाजसेवी साबित करने की होड़ में काफी कुछ करते रहते है,परंतु जब सही समाज सेवा की बारी आती है,तो जरूरतमंद नजरअंदाज कर दिए जाते है। लेकिन इसी समाज के बीच से एक सरकारी मुलाजिम ने समाज में ऐसे लोगों की तलाश करता रहता है,जिसे वाकई में मदद की जरूरत है। हम बात कर रहे है मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में वरि.सहायक विजय राय की। राय बाबू को अक्सर देखा जाता है किसी को भोजन करवाते तो किसी अंजान को गंतव्य तक का किराया देते,और अपने आफिस में भी आने वालो व सहकर्मियों के भी सहयोग में हमेशा तत्पर रहते है। विजय राय ने पिछले तीन माह पहले एक क्षयरोग से ग्रसित अति गरीब बच्ची को गोद लिया था। तबसे लगातार उस बच्ची को हर माह श्री राय बाबू के द्वारा पौष्टिक आहार किट निरंतर दिया जा रहा है। श्री राय ने बताया की मैने तीन माह पहले उस बच्ची को टीबी अस्पताल में देखा था। मैने उसी दिन फैसला किया की बच्ची के खान-पान की व्यवस्था अच्छे से हो तो उसे स्वास्थ्य लाभ शीघ्र मिल सकता है। उसी दिन मैने उस बच्ची को गोद ले लिया,और जो मुझसे थोड़ा-बहुत सहयोग हो सकता है,मै करता हूं। उसी क्रम में बच्ची टीबी हास्पिटल दवा लेने आई थी,वही उन्होंने उसे आहार किट दिया,द्य। आहार किट देते समय अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डां.जेसी सरोज, वरि.उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, वरि.टीबी लैब पर्यवेक्षक केके तिवारी सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

### जनपद से 7 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**फीरोजाबाद।** 20-फीरोजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की सूची जारी की गयी। जिसमें सम्मिलित नाम हैं मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राजकीय राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी अक्षय यादव पुत्र प्रो0 रामगोपाल यादव निवासी 103 ग्राम व पोस्ट सैफई जिला इटावा, समाजवादी पार्टी। चौधरी बषीर पुत्र चौधरी हनीफनिवासी 22/191 डोलीखार मण्टोला आगरा, बहुजन समाज पार्टी। विष्वदीप सिंह पुत्र स्व0 ब्रजराज सिंह निवासी मथुरा नगर जिला फीरोजाबाद, भारतीय जनता पार्टी। राष्ट्रीयकृत राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों से भिन्न अभ्यर्थी उपेन्द्र सिंह पुत्र भीष्म सिंह निवासी नगला दखल कोटला रोड जिला फीरोजाबाद, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़े का हुआ आग़ाज़

- सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें

अवधनामा संवाददाता



**फीरोजाबाद।** 22 अप्रैल से 4 मई 2024 तक जनपद में चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जागरूक कार्यक्रम का आयोजन जनपद के सिविल लाइन सहायक संभागिक कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से विद्यार्थियों, वॉलियन्टर्स आदि को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दीं। सहायक संभागिक कार्यालय सिविल लाइन से सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया जो की 22 अप्रैल से प्रारंभ होकर 4 मई तक जनपद भर में चलाया जाएगा जिसके तहत कॉलेज के विद्यार्थियों व सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आरटीओ सुरेश चंद्र यादव ने कहा कि वर्तमान में चल रही लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा इस सीजन में चल रहे वैवाहिक व धार्मिक आयोजनों के कारण सड़कों पर ज्यादा आवागमन होने की प्रबल संभावनाओं की दृष्टिगत समस्त स्टेक होल्डर विभागों के सहयोग से सड़क सुरक्षा पकवाड़ा 22 अप्रैल से 4 मई तक जनपद भर में चलाया जाएगा, इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराकर लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना अधिकारी दयाशंकर आर आई अखिलेश यादव व पुलिस निरीक्षक यातायात ने भी सड़क सुरक्षा नियमों को विस्तार बताते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित सिविल डिफेंस के वॉलिंटियर्स व कॉलेज के विद्यार्थियों को जागरूक किया।

# सटोरियों के खिलाफ इकबाल बुलंद कर रही पुलिस

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू नगर चौकी पुलिस ने एसओजी, सर्विलांस और नई बस्ती चौकी पुलिस की मदद से दविश देकर सट्टा के एक बड़े फड़ पर दविश देकर सात सटोरियों को पकडने् में सफलता हांसिल की है, जबकि चार सटोरिए भागने में कामयाब भी रहे हैं। पुलिस की इस कार्यवाही से जहां एक ओर सट्टाघर संचालकों व सटोरियों में हड़कम्प मचा हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर पुलिस के इस कार्य की सराहना भी हो रही है। हालांकि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक की कसी हुयी कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की भी लोग मुक्त कंठ से सराहना कर रहे हैं। जबकि ऐसी कार्यवाहियों में एएसपी अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय की खासी भूमिका को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है।

चौकी इंचार्ज नेहरू नगर उप निरीक्षक देवराज मौर्या ने बताया कि वह अपने हमराह का.करन प्रताप के साथ बच्चा जेल के पास गश्त कर रहे थे। इसी बीच उन्हें नई बस्ती चौकी प्रभारी उप निरीक्षक विनीत कुमार सिंह, कां.जीतेन्द्र कुमार भी आ गये और लोकसभा चुनाव को लेकर वांछित अपराधियों को लेकर चर्चा कर रहे थे। मौके पर एसओजी व सर्विलांस टीम भी मौके पर आ गयी। वांछित अपराधियों को लेकर चल रही चर्चा के बीच मुखबिर ने सूचना दी कि नेहरू नगर में सोहेल खान के घर अंदर कमरे में कुछ लोग आईपीएल क्रिकेट मैच को लेकर सट्टाबाजी कर रहे हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना दक्षिण का किया निरीक्षण

**लोकसभा चुनाव**

- सम्बन्धित अधिकारियों को दिए कड़े दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**फीरोजाबाद।** लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 के मददेनज़र जनपद पुलिस द्वारा की जा रही चुनावी तैयारियों का पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने जायज़ा लिया। इसी दौरान नगर के थाना दक्षिण में भी औचक निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने डांट-फटकार लगाते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को चुनाव सम्बन्धी व्यवस्थाओं को लेकर आवष्यक दिषा-निर्देष दिए।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित थाना दक्षिण पहुंचे जहां उन्होंने चुनाव सम्बन्धी रजिस्टर को चैक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही समस्त बूथों का भौतिक निरीक्षण कर उनमें पायी गयी कमियों को समयबद्ध दूर करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी दक्षिण को निरोधात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। अवैध शस्त्र/शराब के विरूद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की गयी जिसमें अवैध शस्त्र एवं अवैध शराब के तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने के भी निर्देष दिए गए। अवैध मादक तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में भी तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। आदतन अपराधियों के विरूद्ध हिस्ट्रशीट ओपन करते हुए उन पर कडी निगरानी रखी जाए। जिलाबदर एवं इनामियाँ अपराधियों पर निगरानी रखी जाए। निकाय चुनाव के दृष्टिगत लाइसेंस धारकों के असलहों को समयबद्ध जमा कराया जाए। निकाय चुनाव में गडबड़ी करने वालों को चिह्नित किया जाए एवं उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। जनपद में संदिग्ध आने जाने वाले वाहन/व्यक्तियों को चैक किया जाए। आचार संहित का पूर्णतः पालन कराया जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब, कू आदि) पर किसी भी प्रकार की अफ्वाह फैलाने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाए। बीट सूचना को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बीट आरक्षी द्वारा अपनी-2 बीट बीट क्षेत्रान्तर्गत पडने वाले ग्रामों में छोटी से छोटी घटना में बीट अंकित करायी जाए। त्यौहार रजिस्टर को चैक करते हुए निकलने वाली शोभायात्राओं को सकुशल सम्पन्न कराया जाए। जनपद पुलिस जनपद में निष्पक्ष एवं सकुशल चुनाव कराने के लिए कटिबद्ध है।

# वृद्धा आश्रम में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम नगरौर स्थित वृद्धा आश्रम में आयोजित मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम का नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा ने वृद्ध संवासियों एवं वृद्ध आश्रम के स्टाफ को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं भयमुख्त होकर मतदान करने की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अन्तर्गत वृद्ध संवासियों के मध्य आयोजित म्यूजिकल चेयर कार्यक्रम की विजेता कामिनी देवी, कुन्ती देवी व सत्यनारायण को मुख्य विकास अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी सदर द्वारा द्वारा अंगवस्त्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। वृद्धा आश्रम में मेरा वोट मेरा अधिकार की थीम पर आयोजित दीप मालाओं की श्रृंखला आर्कषण का केन्द्र रही।

# आयोजित हुआ जनजागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रशासक, ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी/परियोजना, लखनऊ डॉ. हीरालाल आईएएस के मार्गदर्शन में जनजागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत-हेमरिया स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय टिकोरा मोड़ में कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, बहराइच के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक व स्कूल के बच्चों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पृथ्वी दिवस की महत्ता, पृथ्वी बचाओं-जीवन बचाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी आकांक्षा यादव द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को भूमि संरक्षण अधिकारी राम चन्द्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उदय शंकर त्रिपाठी, श्री हीरालाल यादव अवर अभियन्ता एवं श्री ओम प्रकाश पाण्डेय लेखाकार के द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। उक्त आयोजन में आमंत्रित पर्यावरणविद् श्री रमेश चन्द्रा एवं उनके साथ सहयोगी श्रीमती पुष्पा ने भी भाग लियां एवं उनके द्वारा भी पर्यावरण को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के बारे में महत्वपूर्ण प्रकाश डालते हुए स्कूल के बच्चों को प्रेरित किया गया। इसके उपरान्त पृथ्वी दिवस की महत्ता, पृथ्वी बचाओं-जीवन बचाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी महोदया आकांक्षा यादव द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त उक्त विषय पर भूमि संरक्षण अधिकारी राम चन्द्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय शंकर त्रिपाठी, अवर अभियन्ता हीरालाल यादव एवं लेखाकार ओम प्रकाश पाण्डेय द्वारा पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे पर्यावरणविद् रमेश चन्द्रा एवं सहयोगी श्रीमती पुष्पा द्वारा भी पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक पौध रोपित करने तथा स्वच्छता के प्रति छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया।

# मिलावट खोरों के खिलाफ लामबंद हुई ग्राहक पंचायत

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में दूध व दूध से बनी वस्तुओं में मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने एवं जन-जागरूकता को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ललितपुर शाखा के जिलाध्यक्ष माधव सिंह के कुशल नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा गया है। इस ज्ञापन में ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह संगठन ग्राहक हित एवं अधिकारों के लिए संघर्षरत राष्ट्रीय संगठन है। संगठन ने जिला प्रशासन के समक्ष आठ सूत्रीय मांगों का हवाला देते हुये इन्हें पूरा किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में मांगों को लेकर बताया कि प्रत्येक जनपद में फूड टेस्टिंग मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए, जिससे आसानी से जांच हो सके। दूध व खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए फ्लाईग स्कॉड का गठन हो और इसमें ग्राहक हित में कार्य करने वाले प्रतिनिधि अवश्य शामिल किये जायें। जिले में पर्याप्त फूड इंस्पेक्टर नियुक्त किये जावे, जिससे त्वरित कार्यवाही की जा सके, विशेष रूप से दूध के सेम्पल की टेस्टिंग के लिए प्रत्येक तहसील केन्द्र पर जिला प्रशासन की ओर से निश्शुल्क ओपन टेस्टिंग सेण्टर बनाया जाये।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं. | 1128–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ–द्वितीय कॉल दिनांक 22.04.2024 | | |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत LC गेटों पर AT सप्लाई और अन्य इलेक्ट्रिक कार्यो के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,02,75,050.20 (एक करोड़ दो लाख पिचहत्तर हजार पचास रुपये एवं बीस पैसे मात्र) | | |
| ई–निविदा की कीमत | शून्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| बयाना राशि | ₹2,01,400/- (रु० दो लाख एक हजार चार सौ मात्र) | | |
| ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 17.05.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। | | |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है | | |

सूचना सं.: 1128–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ–द्वितीय कॉल दिनांक 22.04.2024

1203/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बार एसोसिएशन ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत राहुल पांडे जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी हमीरपुर के निर्देशानुसार जनपद में चलाया जा रहे हैं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बार एसोसिएशन प्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं की गोष्ठी बार एसोसिएशन सभागार में बोलते हुए मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ता समाज के महत्वपूर्ण व अग्रज व्यक्ति है जिनकी बात इकाई स्तर तक जाती है प्रशासन की अपेक्षा है कि आप 20 मई को अधिक से अधिक वोट कराने में सहयोग करें। बैठक की अध्यक्षता फूल सिंह कुशवाहा अध्यक्ष बार एसोसिएशन व राजेंद्र वीर सिंह अध्यक्ष प्रोग्रेसिव बार एसोसिएशन ने की। वक्ताओं प्रकाश चन्द्र ओमर,विजय प्रताप सिंह डीजीसी सिविल, राजेश शुक्ला डीजीसी क्रिमनल भूपेंद्र पाण्डेय अभियोजन अधिकारी, राजीव कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, रामदत्त पाठक, अश्विनी प्रजापति, सुरेश साहू, भगवान दास दीक्षित, हिमांशु श्रीवास्तव इत्यादि ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने किया।

# छिमौली में मायके आयी महिला की नदी में डूबकर मौत

अवधानामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव छिमौली में पिता के साथ खेती-बाड़ी के काम में हाथ बंटाने मायके आई महिला की चंद्रावल नदी में डूबकर मौत हो गई है।इस घटना से महिला के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव छिमौली निवासी रामकिशोर वर्मा की पुत्री पिंकी 35 पत्नी अशोक की ससुराल कानपुर के थाना सजेती स्थित गांव फेरा (निबिया खेड़ा) है।वह फ़सल की कटाई मड़ाई में पिता का हाथ बंटाने मायके आयी थी। सुबह लगभग आठ बजे वह गांव की चंद्रावल नदी में नहाने गई थी। नदी में नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गई। शव को नदी से बाहर निकालकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वह दो पुत्रों व दो पुत्रियों , परिजनों को रोते बिलखते छोड़ गई है।

# पच्चीस जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

अवधानामा संवाददाता



**सुमेरपुर हमीरपुर।** लोक कल्याण उत्थान संस्थान के तत्वाधान में सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 25 हिंदू जोड़े ने एक दूसरे का दामन थामा अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा प्रत्याशी अर्जेंद्र कुमार लोधी ने 25 जोड़ों के दंपति को प्रमाण पत्र देते हुए बताया कि हमारी पार्टी हमेशा से ही गरीब एवं मजदूर किसान भाइयों को ध्यान में रखकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास करती है जिसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन भी करवाना एक महत्वपूर्ण पहल है।

दरअसल ये कार्यक्रम हमीरपुर जिले के छानी बुजुर्ग में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें संस्था सर्वजातीय विवाह कराकर दहेज प्रथा की मंशा को मजबूत करने का प्रयास कर रही है इस दौरान 25 जोड़ों के दंपतियों ने अग्नि को साक्षी मान कर अपने विवाहित जीवन की शुरुआत की इस दौरान कार्यक्रम संरक्षक दीपक साहू ,एवं महेंद्र कुशवाहा, श्री कृष्णा राज इंटर कॉलेज के प्रबंधक श्री विलास सिवहरे,जिला पंचायत सदस्य हरगोविंद प्रजापति,जिला पंचायत सदस्य दुष्यंत सिंह परिहार, ग्राम प्रधान छानी खुर्द अरुण कुमार वर्मा,लखन साहू समाजसेवी ,बुंदेलखंडी मैयादीन साहू और (एमडी) साहू,मोनू साहू ,आलोक साहू ,राहुल कुशवाहा,राहुल साहू, विद्यालय परिवार का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ‘प्लास्टिक मुक्त धरा’ के संकल्प के साथ मना विश्व पृथ्वी दिवस



अवधानामा संवाददाता

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** हर वर्ष दिनांक 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला ‘विश्व पृथ्वी दिवस’, हिण्डाल्को, रेणुकूट में धरा को प्लास्टिक मुक्त करने के संकल्प के साथ पूरे जोश से मनाया गया। हिण्डाल्को इन्वायरमेंट सेल द्वारा हिण्डाल्को प्रशासनिक भवन लॉन में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के मुखिया एन. नागेश, क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह, अल्युमिना प्लांट हेड नित्यानंद राय, रिडक्शन प्लांट हेड जे.पी. नायक सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने भाग लिया। इस वर्ष की पृथ्वी दिवस की थीम ‘‘प्लानेट वर्सेज़ प्लास्टिक’’ के अनुरूप सभी ने पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त रखने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर इन्वारमेंट सेल के अनिल सिंह ने हिण्डाल्को के प्रबंध निदेशक सतीश पाई का संदेश पढ़ कर बताया कि ‘‘इस वर्ष की थीम हमारे ग्रह को प्लास्टिक मुक्त ग्रह बनाने के विचारों के इर्द-गिर्द घूमती है। हिण्डाल्को में सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्त भविष्य की ओर हमारी यात्रा हमारे मूल मूल्यों और स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आज हमारी 15 इकाईयां और एक खदान को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र के रूप में प्रमाणित किया जा चुका है और हमारे सभी प्रशासनिक और कैन्टीन सुविधायें प्लास्टिक मुक्त है। साथ ही हम अपने संचालन से प्लास्टिक को पूरी तरह खत्म करने के लिए विभिन्न संस्थानों और स्टार्ट-अप के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जिसके अंतर्गत पैकेजिंग सामग्री को पर्यावरण अनुकूल बायो प्लास्टिक से बदलने जैसी पहल शामिल है। इसके अतिरिक्त हम लाल मिट्टी और प्लास्टिक कचरे का उपयोग करके पॉलिमर कम्पोज़िट विकसित कर रहे हैं और ये सभी प्रयास स्वच्छ और स्वस्थ ग्रह के लिए हिण्डाल्को के सार्थक योगदान में हमारे दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं।’’

इस अवसर पर श्री नागेश ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस पर ही नहीं बल्कि हर दिन हम सभी को सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित करना होगा तभी हम इस धरा को प्लास्टिक से मुक्त रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने रोजमर्रा के जीवन में छोटी-छोटी बातों का अनुसरण करें तो वह दिन दूर नहीं जब हमारी पृथ्वी पूरी तरह प्लास्टि मुक्त हो सकेगी। इस अवसर पर श्री जसबीर सिंह ने कहा कि हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम न केवल अपने प्लांट को बल्कि अपने घर और आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों में जागरुकता फैलाकर और अपनी आदतों में सुधार कर अपने आने वाली पीढ़ी के लिए पृथ्वी को प्लास्टिक मुक्त करने में अपना सहयोग सुनिश्चित करेंगे।

इस अवसर पर उपस्थित समस्त वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों को पपीते का पौधा वितरित किया गया और सभी से पौध लगाकर धरती को हरा-भरा व स्वच्छ रखने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में एस.डी.एम. दुद्धी सुरेश राय सहित हिण्डाल्को के वरिष्ठ अधिकारी वनिता वासनिक, विवेक कुमार, कर्नल दसे.नि.ड्ट रोहित शर्मा, राजीव झुनझुनवाला, संजीव गुप्ता, यशवंत कुमार, तपन पॉल, तापस चौधरी, राजेश कपूर आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन लीगल विभाग की अंजली सिन्हा ने किया।

# पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो प्लास्टिक उपयोग छोड़ना पड़ेगा: आर पी सिंह

**हिण्डालको रेनूसागर में विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव का आयोजन**

अवधानामा संवाददाता




**सोनभद्र/अनपरा।** हिण्डालको रेनूसागर पावर डिवीज़न प्लांट के मुख्य द्वार पर विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया , कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रेनूसागर पावर डिवीजन के यूनिट हेड आर पी सिंह ने उपस्थित सभी को विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव की शुभकामनाये देते हुए कहा कि पृथ्वी सिर्फ मनुष्यों का ही नहीं, बल्कि करोड़ों जीव जंतुओं और वनस्पतियों का भी घर है,पेड़ पौधे पर्यावरण संतुलन के सबसे बड़े श्रोत हैं। वे ही जलवायु व मौसम को ठीक रखते हैं, वन्य जीवन को संरक्षण देते हैं, बाढ़ व भू आपदा को नियंत्रित करते हैं, भूकंप आने से रोकते हैं, हमें ऑक्सीजन, औषधि और भी बहुत कुछ देते हैं। यदि पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो प्लास्टिक का उपयोग हमें पूर्णतया छोड़ना ही होगा तथा ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर पृथ्वी को हरा भरा बनाना होगा तभी हमारी पृथ्वी सुरक्षित रहेगी। इसी क्रम में एच आर हेड शैलेश विक्रम ने विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस का उद्देश्य क्लाइमेट चेंज,ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और जैवविविधता संरछण के प्रति लोगो का धयान आकर्षित करना है हमें किसी भी कीमत पर हमें सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कि खपत शून्य करने हेतु सभी को जागरूक करना होगा। ततपश्चात अधिकारियो, कर्मचारियों व विद्यालय के छात्र /छात्राएं सहित शिक्षक,प्राचार्य द्वारा बढ़ चढ़ कर सैकड़ो की संख्या में विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव जागरूकताअभियान रैली निकली गई जो प्लांट मैन गेट से चलकर डी टाइप, राकेट पार्क,यूनियन ऑफिस होते हुए पूरे कॉलोनी का चक्रमण करते हुए वापस स्कूल प्रांगण में समाप्त हो गई। इसी क्रम में रेणुपावर प्राथमिक पाठशाला में प्रधानाध्यापिका डॉक्टर पूनम वार्ष्णेय के नेतृत्व में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महिला दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदू सिंह एवं सचिव कविता श्रीमाली तथा संयुक्त सचिव तूलिका श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत गान से हुई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम प्लैनेट बनाम प्लास्टिक पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना है तो प्लास्टिक का उपयोग हमें छोड़ना होगा इससे हमारी पृथ्वी सुरक्षित रहेगी।

# रक्तदान से बढकर कोई मानव सेवा नहीं: आर पी सिंह

**रेणुसागर में रीप्रिज़्म 2024 के तहत ब्लड डोनेशन कार्यक्रम संपन्न**

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** हिंडाल्को रेणुसागर पावर डिवीज़न चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर रीप्रिज़्म 2024 के तहत ब्लड डोनेशन कार्यक्रम आयोजित आयोजित किया गया, जिसमें कुल 85 महिला पुरुष रक्तदान दाताओं ने भीषण गर्मी में रक्तदान किया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारम्भ फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि रेनुसागर पावर डिवीज़न रेणुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्तदान से बड़ा मानव सेवा कोई नहीं है । रक्तदान देकर जरूरत मन्दो की जान बचाई जा सकती है,उन्होंने कहा कि युवाओं में सेवा भाव की भावना से ही समाज और राष्ट का कल्याण हो सकता है। रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए निःस्वार्थ भाव से जनकल्याण को समर्पित उनके बहुमूल्य योगदान हेतु भूरी भूरी प्रशंसा किया,यूनिट हेड आर पी सिंह ने स्वयं ब्लड डोनेट कर संस्थान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का हौसला आफजाई किया। इसी क्रम में रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के डायरेक्टर डॉ. आर डी द्विवेदी ने कहा कि मानवता के कल्याण के लिए रक्तदान करना बड़े पुण्य का कार्य है । युवाओं को स्वयं रक्तदान के लिए जागरूक होने के साथ साथ समाज को भी जागरूक करने के लिए आगे आना होगा। रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं होती। हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए। इस शिविर में पंजीयन कराने वाले रक्तदान दाताओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशर एवं वजन आदि का जांच किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 85 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान के उपरांत प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया, वहां पर उपस्थित पदाधिकारियों व अन्य द्वारा रक्तदान दाताओं का हौसला अफजाई किया गया। इस अवसर पर रीप्रिज्म 2024 कोर कमेटी के सदस्य समीर आनन्द, प्रणव सोनी, ललित खुराना, कुमार हर्षवर्धन के अलावा डॉ. अनिता वर्गीस आयोजन टीम के सदस्य मनीष सिंह, संतोष गुप्ता, रवि दुबे, चंदा त्रिपाठी, मीनाक्षी द्विवेदी, शिवानी चौरसिया, आंचल शर्मा, सिस्टर जॉबी ए डी पांडेय, अन्नंत गजिया आदि अतुलनीय व सराहनीय सहयोग रहा। रेडक्रॉस ब्लड सेंटर, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, विन्ध्यनगर के स्टाफ हरिशंकर गुप्ता टेक्निकल सुपरवाइजर, जय प्रकाश दुबे कोऑर्डिनेटर, शिवानी सिंह स्टाफ नर्स, रेशमा खातून सक्रिय सहयोग में मौजूद रहे।

## निराश होने की जरूरत नहीं, रोजगार के लिए विषयों का करें चयन

**नरैनी।** यूपी बोर्ड द्वारा परिक्षा परिणाम घोषित होने के बाद छात्र छात्राओं में काफी उत्साह रहा कुछ को मनमुताबिक मिले नम्बर तो किसी को निराशा का सामना करना पड़ा। लेकिन दसवीं के बाद से ही अब रोजगार के लिए तैयार होना बिषयों का चयन करना फिर 12वीं के बाद भी ऐसे कोर्स पाठ्यक्रम का चयन करना जो यूपीपीएससी रेलवे बैंकिंग एसएससी व राज्य स्तरीय विभागीय परीक्षाओं के साथ ऐसे क्षेत्र में कौशल प्राप्त करना जो इन परीक्षाओं के अतिरिक्त किशोर किशोरियों को हुनरवान बना सकें जिससे वों स्वारोजगार आत्मनिर्भर और दूसरों को रोजगार अवसर दें ऐसी ही शिक्षा प्राप्त करना छात्र छात्राओं के साथ अविभावक की भी सोंच बने राष्ट्र य शिक्षा नीति 2020 माध्यमिक शिक्षा परिषद केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड के साथ उच्च शिक्षा केन्द्रों ने शुरूआत की है। डा. रमाकान्त द्विवेदी वरिष्ठ प्राध्यापक सीताराम समर्पण महाविद्यालय नरैनी व वोकेशनल इंस्टीट्यूट प्रभारी बताते हैं कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय प्रवेश सत्र 2024-2025 के लिए अपने महाविद्यालयों को प्रवेशित छात्र छात्राओं को वोकेशनल पाठ्यक्रमों में प्रवेश दे उसकी परीक्षा कराये और विश्वविद्यालय को सूचित कर प्रेषित करें।

# पन्ना प्रमुखों को सक्रिय बनाने के लिए होंगे सम्मेलन



अवधानामा संवाददाता

**बांदा।** मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए रविवार देर शाम भाजपा की वर्चुअल बैठक का आयोजन हुआ। इसमें बूथों में करणीय 20 कामों को गिनाते हुए इन कामों पर पूरा फोकस करने के निर्देश दिए गए। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के मुख्य वक्ता, जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने बूथों में किए जाने वाले 20 करणीय कार्य समझाते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ में बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की टिफिन बैठक करनी है। पन्ना प्रमुखों को सक्रिय करने हेतु पार्टी पन्ना प्रमुखों का शक्तिकेंद्र स्तर पर सम्मेलन करेगी। पन्ना प्रमुख से हर तीसरे दिन अपने पन्ना के प्रमुखों से मिलने को कहा गया है। पार्टी के सभी पदाधिकारियों को अपने घर में पार्टी का ध्वज लगाने तथा अपने बूथ पर कम से कम एक बार घर घर संपर्क करते हुए प्रधानमंत्री जी का स्टीकर लगाने को कहा गया है। विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, स्थानीय निकाय अध्यक्ष तथा पूर्व जनप्रतिनिधि का सहयोग लेते हुए एवं बी डी सी, पूर्व प्रधान, पूर्व बी डी सी, सभासद आदि को जोड़ते हुए ग्राम समिति की बैठक करने, युवा, महिला, ओ बी सी, किसान, एस सी एस टी, अल्पसंख्यक के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत तथा वार्ड में बैठक व संपर्क करने, प्रभावी लोगों से संपर्क अंतर्गत शिक्षक, अधिवक्ता, लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत उनकी सूची बनाते हुए उनसे संपर्क कर पत्रक लेकर उनके घर जाने के निर्देश दिए। लोकसभा प्रभारी ब्रजकिशोर गुप्ता ने बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं से संपर्क करें।

# बीएसए जौनपुर गोरखनाथ पटेल जी ने अनाथ बेटियों का किया आर्थिक सहयोग

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज टीचर्स सेल्फ केयर टीम के प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद के आह्वान पर जनपद सोनभद्र की शिक्षिका स्वर्गीय हुस्नारा बानो की दोनों अनाथ बेटियों का सहयोग टीएससिटी के द्वारा किया जा रहा है द्य इस पवित्र कार्य में अपना योगदान देते हुए जौनपुर के बेसिक शिक्षा अधिकारी, भूत पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र गोरखनाथ पटेल जी ने बेटियों के खाते में सीधे 10,000 का सहयोग किया है। प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी अरुण सिंह , जिला सहसंयोजक प्रवीण द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, ओम शंकर नारायण शर्मा, रामेश्वर सोनी, के साथ-साथ सोनभद्र की पूरी टीएससिटी टीम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी का धन्यवाद प्रकट किया है। बातचीत के दौरान प्रान्तीय आईटी सेल प्रभारी अरुण सिंह ने जानकारी दी की वर्तमान समय में सहयोग अलर्ट 51 चल रहा है जिसमें सात दिवंगत शिक्षक के परिवारों का सहयोग गतिमान है जिसमें पूरे प्रदेश के शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं ।सभी परिवारों को लगभग रुपए 55 लाख से ऊपर के सहयोग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस बार सोनभद्र से दिवंगत शिक्षिका हुस्नाराबानो की दोनों बेटियों का सहयोग गतिमान है जो 15अप्रैल से 25अप्रैल तक चलेगा। जिसमें पूरे प्रदेश के शिक्षक इस पुनीत कार्य के लिए अपना योगदान दे रहे हैं।अब तक 169 परिवारो को टीएससिटी के द्वारा 52 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता की जा चुकी है।

## पुलिस ने दर्ज किया गैर इरादतन हत्या का मुकदमा


**बांदा।** ट्रक की टक्कर से भाई समेत दोस्त की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर मृतक के भाई की तहरीर पर थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। तिंदवारी थाना के माचा गांव निवासी प्रकाश कुमार ने बिसंडा थाने में दिए तहरीर पर बताया कि बीते 12 मार्च को उसका भाई अमित कुमार अपने साथी राजेश कुमार के साथ ओरन से बिसंडा की तरफ बाइक से जाते समय पारा गांव के नजदीक पीछे से अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया था, जिससे उनके भाई अमित की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा राजेश ने इलाज का दौरान दम तोड़ दिया था। पीड़ित ने बताया उक्त ट्रक जनपद महोबा का है। बिसंडा थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। बिसंडा थानाध्यक्ष श्याम बाबू शुक्ला ने कहा रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच की जा रही है।

## पुलिस के छापे में जुआ खेलते छह जुआड़ी गिरफ्तार

**नरैनी।** पुलिस ने जुआ की फड़ में खेलते हुए छह लोगों को नगदी सहित गिरफ्तार किया है। करतल क्षेत्र के किशनी पुरवा जूनियर हाईस्कूल से कुछ दूरी पर जुआ की फड़ में जुआ खेल रहे थे मुखबिर की सूचना पर करतल पुलिस ने 06 लोगो सत्य प्रकाश पटेल पुत्र रज्जन निवासी सिंहपुर धर्मपुर पन्ना मध्य प्रदेश, छिद्दी पुत्र सलीम निवासी नहरी,अरविंद पुत्र रामाधीन निवासी नहरी, चंद्रभान पुत्र बाला प्रसाद निवासी नहरी, रजनीश पुत्र श्याम सुंदर निवासी खोरा थाना धर्मपुर, राकेश पुत्र बृंदावन निवासी नहरी को गिरफ्तार किया है पुलिस ने जुआ की फड़ से 9140 रुपए नगद व जमा तलाशी के दौरान 2260 रुपए बरामद किया है।

# हमीरपुर में आरटीई के तहत प्री-प्राईमरी में बिना प्रवेश के सीटें फुल

अवधानामा संवाददाता




**हमीरपुर।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों का दाखिला प्राइवेट स्कूलों में निर्धारित सीटों पर प्री-प्राइमरी व कक्षा एक में होता है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये प्रवेश प्रक्रिया चार चरणों में होनी है जिस का तीसरा चरण चल रहा है। सरकार आरटीई योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है लेकिन अधिकारीयों की लापरवाही से सरकारी योजनाओं का लाभ समय से गरीबों को नही मिलता पाता है इस की नजर जनपद हमीरपुर का शिक्षा विभाग है जहाँ 333 स्कूलों में से मात्र दस स्कूलों में ही आरटीई योजना के अन्तर्गत प्री-प्राईमरी में प्रवेश के लिए सीट आवंटित हैं शेष स्कूलों में प्री-प्राईमरी में प्रवेश हेतु शिक्षा विभाग द्वारा मैपिंग ही नही करवाई गयी जिस वजह से प्री-प्राईमरी में बच्चे प्रवेश पानें से वंचित है। अभिभावकों द्वारा बताया गया कि जब आनलाईन प्रवेश फार्म भरते है तो प्री-प्राईमरी के लिए सीटें फुल लिख कर आता है। मैपिंग न करवाने में सब से बड़ी लापरवाही मौदहा ब्लॉक में सामने आई है जहाँ पूरे ब्लाक में एक भी प्राईवेट स्कूल में प्री-प्राईमरी की सीटें उपलब्ध नहीं है। यदी हम सुमेरपुर ब्लाक की बात करें तो यहाँ भी मात्र एक स्कूल में ही प्री-प्राईमरी की सीट उपलब्ध है।सरीला नगर पंचायत में एक स्कूल, हमीरपुर नगरपालिका परिषद में दो स्कूलों में, कुरारा में पांच स्कूलों में तथा मुस्करा में एक स्कूलों में प्री-प्राईमरी के लिए सीटें आवंटित है जब कि जनपद भर में 333 स्कूल सरकारी वेबसाइट में दिख रहें जिन में मात्र 10 स्कूलों में ही प्री-प्राईमरी में प्रवेश हेतु सीटे उपलब्ध हैं। इस सम्बन्ध में शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों को भी कोई जानकारी नही हैं। ऐसे में उन गरीब अभिभावकों का क्या होगा जो आरटीई के अन्तर्गत अपनें नौनिहालों का प्रवेश किसी प्राईवेट स्कूल में करवाना चाहते है क्योंकि वर्तमान समय में जनपद में तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी है जो 8 मई तक चलेगी इस के पश्चात अन्तिम चरण चलेगा यदि उस से पहले कुछ सुधार होपाता है तो मासूमों का एक वर्ष बर्बाद होनें से बच सकेगा।अभिभावकों का कहना है कि इस घोर लापरवाही के लिये आखिर जिम्मेदार कौन है क्या दोषियों के विरुद्ध विभाग कठोर कारवाई करेगा या फिर इस भयानक गलती को भी एक दूसरे पर दोषारोपण कर के पल्ला झाड़ लिया जाएगा। सरकार को चाहिए कि कोई भी योजना को लागू करनें से पहले सम्बन्धित विभाग व अधिकारियों का प्रशिक्षण व उन की जवाबदेही तैर कर दे जिस से सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिल सके।

इस सम्बन्ध में जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलोक कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मैपिंग सही कर ली जाएगी। लेकिन सच्चाई यह है कि मैपिंग का कार्य जनवरी माह में ही पूरा कर लिया जाता है और सेशन के मध्य मैपिंग नही होती लेकिन अधिकारी का कहना है तो देखना होगा कि मैपिंग चौथे चरण की प्रक्रिया से पूर्व यदि होजाती है तो बच्चों का वर्ष बर्बाद होनें से बच जाऐगा। अन्यथा गरीबों के बच्चों का बड़ा नुकसान होजाऐगा सरकारी विभाग और अधिकारियों का क्या वह तो सन और तारीख बदलते ही इधर-उधर हस्तांतरित कर दिये जाते है और जो नये अधिकारी आते है वह कमियों का सारा ठेकरा पहले वालों के सर डाल कर अपना पल्ला झाड़ लेते है क्योंकि किसी सकारी कर्मचारी या अधिकारी का कोई नुकसान थोड़ा होता है नुकसान तो देश की जनता का होता है।

# संगठनात्मक कार्यों को अंजाम देकर पार्टी की जीत सुनिश्चित

अवधानामा संवाददाता

**बांदा।** लोकसभा चुनाव के महासमर को जीतने की रणनीति के तहत भाजपा ने जनपद के सभी 16 मंडलों में चार-चार वरिष्ठ पार्टी नेताओं को मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी, मंडल पालक तथा मंडल समन्वयक के रूप में लगाया है, जो पार्टी के निर्देश पर अपने-अपने निर्धारित मंडलों में संगठनात्मक कार्यों को अंजाम देकर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएंगे। पैलानी मंडल में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह प्रभारी, जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी प्रवासी, विधानसभा संयोजक राकेश सिंह चौहान समन्वयक तथा ब्लाक प्रमुख दीपशिखा सिंह को पालक, जसपुरा मंडल में पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना प्रभारी, जिला मंत्री दिनेश यादव प्रवासी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महेश निषाद समन्वयक तथा भाजपा नेत्री शीला सिंह पालक, तिंदवारी मंडल में देशराज सिंह प्रभारी, जिला मंत्री राजर्षी शुक्ला प्रवासी, विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र शुक्ला समन्वयक तथा मटौध चेयरमैन सुधीर सिंह पालक, बड़ोखर मंडल में प्रांतीय परिषद सदस्य बलराम सिंह कछवाह प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र त्रिपाठी प्रवासी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश तोमर समन्वयक तथा ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू पालक, बांदा उत्तरी मंडल में क्षेत्रीय सह संयोजक कानून एवं विधि विभाग विष्णुप्रताप सिंह प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा प्रवासी, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज समन्वयक तथा जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित पालक, बांदा दक्षिणी मंडल में क्षेत्रीय सह संयोजक चुनाव प्रबंधन अजीत प्रकाश गुप्ता प्रभारी, मर्का मंडल में पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा अजय सिंह पटेल प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष मनोज पुरवार प्रवासी, जिला महामंत्री विवेकानन्द गुप्ता समन्वयक तथा पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सिंह को पार्टी द्वारा पालक नियुक्त किया गया है।

# अयोध्या और काशी ने लक्ष्य पा लिया है, अब ब्रज की बारी है: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फतेहपुर सीकरी के सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के पक्ष में की

- मुख्यमंत्री ने की मतदाताओं से अपील- घर-घर जाइए, मतदान का प्रतिशत बढ़ाइए
- किसानों के लिए कार्य कर रहे फतेहपुर सीकरी के सांसद
- गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिये



**अवधनामा ब्यूरो**

**फतेहपुर सीकरी/लखनऊ।** यह पूरा क्षेत्र ब्रज भूमि का भाग है। गिरिराज महराज की यहां बड़ी कृपा है। दुनिया यहां के रज-रज में कृष्ण कन्हैया का दर्शन करती है। सौभाग्य है कि इस धरती पर रहकर जीवन यापन कर आप सभी लोग भारत माता की सेवा करने में लगे हैं। अयोध्या और काशी ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है। अब ब्रज भूमि का भी नंबर आने वाला है। विकास के लिए अब आपको तरसाने की कोई हिम्मत नहीं कर पाएगा। अब आगरा में भी एयरपोर्ट बन रहा है। आगरा भी गंगाजल का सेवन कर रहा है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने सोमवार को किरावली में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फतेहपुर सीकरी के सांसद/ प्रत्याशी राजकुमार चाहर को फिर से सदन भेजने की अपील की। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि घर-घर जाइए, मतदान का प्रतिशत बढ़ाइए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस माटी के लाल आरकेएस भदौरिया वायु सेनाध्यक्ष के बाद भाजपा संग मिलकर आपके लिए कार्य करने को तत्पर हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा सरकार ने विरासत व विकास का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पीछे प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व-मार्गदर्शन है तो संगठन के माध्यम से देश में ले जाने का कार्य भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व आपके सांसद राजकुमार चाहर कर रहे हैं। आपके लिए गौरव की बात है कि आपके सांसद पूरे देश के किसानों के लिए कार्य कर रहे हैं। आपका दायित्व बनता है कि राम-कृष्ण पर प्रश्न खड़े करने वालों, गंगाजल के लिए तरसाने वालों को वोट के लिए तरसा दीजिए।

इस अवसर पर पूर्व वायुसेनाध्यक्ष आरकेएस भदौरिया, केंद्रीय मंत्री/आगरा के सांसद एसपी सिंह बघेल, यूपी की कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्या, राज्यसभा सांसद नवीन जैन, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, जिलाध्यक्ष गिरिराज सिंह कुशवाहा, विधायक रानी पक्षालिका सिंह, भगवान सिंह कुशवाहा, धर्मपाल सिंह, छोटेलाल वर्मा, राजेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, पूर्व मंत्री चौधरी उदयभान सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रवास कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार 23 अप्रैल को अमरोहा, बागपत और मेरठ के प्रवास पर रहेगें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 12 बजे प्रकाश वीर शास्त्री इण्टर कॉलेज रहरा, हसनपुर, अमरोहा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 02:50 बजे जनता वैदिक डिग्री कॉलेज, बड़ौत, बागपत में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् सायं 4:15 बजे पुरानी दिल्ली चुंगी, मेरठ से घंटाघर मेरठ तक रोड शो करेंगे।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार, 23 अप्रैल को गौतमबुद्धनगर के प्रवास पर रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सुबह 10 बजे संग्राम सिंह, इंटर कॉलेज, दादरी, गौतमबुद्धनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मंगलवार 23 अप्रैल को शाहजहांपुर और सीतापुर के प्रवास पर रहेगें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सुबह 10 बजे चन्द्रवदनी ढाबा के पास, बरेली मोड, शाहजहांपुर में ददरौल विधानसभा उपचुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे तथा सुबह 11:45 बजे जी.आई.सी. मैदान, सीतापुर में आयोजित भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगें। इसके पश्चात् दोपहर 03 बजे जिला भाजपा कार्यालय सीतापुर में आयोजित संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित करें।

### प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह मंगलवार 23 अप्रैल को बागपत के प्रवास पर रहेगें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सुबह 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय, बागपत में आयोजित संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार 23 अप्रैल को फर्रुखाबाद के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे गुरु गांव देवी, फर्रुखाबाद में भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मंगलवार 23 अप्रैल को बहराइच के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह 11 बजे गेद घर मैदान के पास, बहराइच में भाजपा प्रत्याशी डॉ. आनंद गौड़ के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगें।

### प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार 23 अप्रैल को प्रयागराज के प्रवास पर रहेगें। स्वतंत्र देव सिंह दोपहर 12 बजे सांसद कार्यालय, सिविल लाइन, प्रयागराज में आयोजित सोशल मीडिया वॉलेंटियर सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### प्रदेश सरकार में मंत्री गुलाब देवी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की मंत्री गुलाब देवी मंगलवार 23 अप्रैल को संभल के प्रवास पर रहेंगी। गुलाब देवी दोपहर 01 बजे डी.के. रिसोर्ट आलमसराय, संभल में आयोजित एन.जी.ओ समूहों की बैठक को सम्बोधित करेंगी।

### प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार मंत्री दयाशंकर सिंह मंगलवार 23 अप्रैल को उन्नाव और हरदोई के प्रवास पर रहेंगे। दयाशंकर सिंह सुबह 11 बजे यशोदा, कुंज बांगरमऊ, उन्नाव तथा दोपहर 02 बजे रायल गेस्ट हाउस, शाहाबाद, हरदोई में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

# अखिलेश और इंडी दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब अखिलेश यादव अपनी पार्टी ही नहीं संभाल पा रहे हैं तो वह प्रदेश की जनता की भलाई के लिए क्या कदम उठाएंगे। अखिलेश यादव परिवार में इस कदर डूब गये हैं कि अपने कार्यकर्ताओं का टिकट काट कर अपने परिवार को बांट रहे हैं। इतना ही नहीं वह रैली भी उनके लिये ही कर रहे हैं। अखिलेश और इंडी दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। इनका गठबंधन भी परिवारवाद पर खड़ा हुआ है। जनता इनके परिवारवाद के मोह को समझ चुकी है। वह अपने वोट की चोट के जरिये शून्य पर आउट करने वाली है। मोदी सरकार ने देश की जनता को जो गारंटी दी है, जनता उससे पूरी तरह संतुष्ट और सहमत है, जिसे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की जनसभा में अपनी लाखों की संख्या में आमद दर्ज करा कर जाहिर कर रही है।

# आतंकियों और दंगाइयों को स्पेशल ट्रीटमेंट मिलना बंद हो गया: पाठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार को खीरी के श्रीनगर और उन्नाव के भगवंतनगर विधानसभा में आयोजित भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार आतंकियों को बिरियानी खिलाती थी। आतंकियों के एनकाउंटर पर उनके नेताओं को रातों को नींद नहीं आती थी। लेकिन जब जनता ने ईवीएम को कमल से लबालब कर दिया तो आतंकियों और दंगाइयों को स्पेशल ट्रीटमेंट मिलना बंद हो गया। आपके वोट की ही ताकत थी कि पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में अभिनंदन को सकुशल और वीआईपी ट्रीटमेंट देकर वापस लौटाना पड़ा था।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह कमल पर दबाए बटन का ही नतीजा था कि बॉर्डर पर पाकिस्तान से गोली चलती है तो हमारे सैनिकों को दिल्ली की ओर ताकना नहीं पड़ता। हमारे सैनिकों को गोलियों का हिसाब अब नहीं रखना पड़ता। भाजपा को वोट से मिली ताकत का ही असर था की उत्तर प्रदेश से गुंडाराज, माफियाराज खत्म हो गया। जो माफिया को गाड़ी में बैठाते थे वे ही उनसे किनारा करने लगे, माफिया के अवैध कब्जों पर अब गरीबों के मकान बन रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कन्नौज में मैंने कहा था कि भाजपा जीत रही है। जिसके बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज से चुनाव मैदान छोड़कर भाग गए।

## बसमा सुप्रीमो उम्मीदवारों के समर्थन में करेंगी जनसभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी.) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद सुश्री मायावती जी, देश में 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आमचुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में देश भर में की जाने वाली जनसभाओं के क्रम में कल दिनांक 23 अप्रैल सन् 2024, दिन मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ व अलीगढ़ ज़िला में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बहन मायावती जी की पहली चुनावी जनसभा मेरठ ज़िला में लोहियानगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत अल्लीपुर स्थित मैदान में होगी।

# राजनाथ सिंह के समर्थन में नुक्कड़ सभा पहुंचे उपमुख्यमंत्री

- दिल्ली मुंबई जैसे सिटी की तरह आज लखनऊ में दर्जनों फ्लाईओवर

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** भाजपा महानगर द्वारा लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के समर्थन में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमे कैंट विधानसभा के अंतर्गत भोला खेड़ा, मानस नगर निकट पुलिस चौकी तथा अंबेडकर पार्क के पास कच्ची बस्ती गीतापल्ली वार्ड में नुक्कड़ सभा का अयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहें। लोकसभा संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा ने मशक गंज के मल्लाही टोला अंबेडकर पार्क में, मनीष शुक्ला ने लाल कुआं भेड़ी मंडी चौराहा, वही उत्तर विधानसभा विधायक डॉ नीरज बोरा ने नंदपुरम मोड फैजुल्लागंज द्वितीय तथा मंडल दो अलीगंज सेक्टर क्यू में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि दिल्ली मुंबई जैसे सिटी की तरह आज लखनऊ में दर्जनों फ्लाईओवर बनकर तैयार है दर्जनों बनने वाले है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह श्रद्धेय अटल जी के सपने का लखनऊ शहर आज साकार हो रहा है। लखनऊ शहर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। 105 किलो मीटर लंबी आउटर रिंग रोड बनकर तैयार है। 20 मई को आप सभी क्षेत्रवासियों को बड़ी संख्या में निकलकर भारतीय जनता पार्टी कमल वाले निशान पर बटन दबाकर राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक जीत दिलाना है।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्रकला का आयोजन

**लखनऊ।** मेट्रो ने सोमवार को अल्पसुविधा प्राप्त बच्चों के साथ चलती ट्रेन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्रकला का आयोजन किया। तीस वंचित बच्चों ने मेट्रो की तरफ से प्राप्त कलरिंग शीट में रंग भर यात्रियों को पृथ्वी संरक्षण के प्रति जागरूक किया। निशातगंज इलाके से आये वंचित बच्चों ने आईटी मेट्रो स्टेशन से अपनी पहली मेट्रो यात्रा शुरु कर रास्ते में पडने वाले खूबसूरत नजारों का खूब आनंद लिया। बच्चे आईटी, सीसीएस एयरपोर्ट से आईटी मेट्रो स्टेशन तक अपनी पहली यात्रा पर खूब उत्साहित दिखे।

# गैर डिपो से आने वाली बसों को आउटर पर रोका जायेगा



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कैसरबाग डिपो के अलावा गैर डिपो से आने वाली बसों को आउटर पर रोका जायेगा। इससे कैसरबाग इलाके में रोडवेज बसों से जाम में फंसने वाले आम वाहन सवारों को काफी राहत मिलेगी। कैसरबाग में बसों से जाम न लगने पाये इसके लिए अब परिवहन विभाग सख्ती दिखायेगा। गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी और सीतापुर रूट की बसों को आउटर पर रोका जायेगा। कैसरबाग बस अड्डे वही बसें आयेंगी जिसमें पूरी सवारी होगी। बस में 10 से 15 या 20 से कम सवारी होगी तो उन बसों आउटर पर रोक दिया जायेगा। कैसरबाग डिपो के एआरएम अरविंद कुमार ने बताया कि सख्ती का असर दिखने लगा है। इसके पीछे वजह ये है कि अयोध्या और बाराबंकी रूट की बसों को अवध बस स्टेशन पर रोका जा रहा है। डालीगंज के रास्ते सीतापुर से आने वाली बसों को डायवर्ट किया जा रहा है। इससे काफी हद तक बसों से जाम की स्थिति कम हुई है। इसके पीछे एक वजह यह भी है कि लखनऊ परिक्षेत्र के अंतर्गत कैसरबाग बस स्टेशन आने वाली बसों के फेरे भी कम किये गये हैं ताकि खाली बसों की संख्या कम करके भी बसों से ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिल सके।

## दिग्विजय सिंह के बड़े दामाद का निधन, अजय राय शोकित

**लखनऊ।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बड़े दामाद राजा रत्नाकर सिंह रामनगर का गंभीर बीमारी के चलते हुए निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शोक संवेदना व्यक्त की है। श्री राय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से स्वर्गीय रत्नाकर की आत्मा को शांति प्रदान कर अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। साथ ही उनके परिवारीजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## ऑल इंडिया कैफी आजमी अकादमी की बैठक संपन्न

**लखनऊ।** ऑल इंडिया कैफी आजमी अकादमी की कमेटी की एक बैठक सोमवार को हुई। बैठक में तय हुआ कि कैफी आजमी के निधन की तिथि 10 मई को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कमेटी की मीटिंग में कैफी साहब की शख्सियत और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर हुई। महासचिव सईद मेहदी ने बताया कि दस मई को कैफी साहब की तकरीर, साज और आवाज के साथ कैफी साहब के लिखे नगमों की पेशकश और उनकी शख्सियत पर दास्तानगोई का कार्यक्रम होगा।

# ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेशन

### शार्ट टर्मिनेट व शार्ट ओरिजिनेट वाली ट्रेनें...

दरभंगा से 22 अप्रैल को चलने वाली 15211 दरभंगा अमृतसर एक्सप्रेस अम्बाला में शार्ट टर्मिनेट होगी। अमृतसर से 24 अप्रैल को चलने वाली 15212 अमृतसर दरभंगा एक्सप्रेस अम्बाला से चलाई जायेगी।




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** रेलवे ने अम्बाला कैंट सानेहवाल खंड के शंभू स्टेशन पर चल रहे किसान आंदोलन के कारण ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन व शार्ट ओरिजिनेशन किया है। मार्ग परिवर्तन. सहरसा से 22 अप्रैल को चलने वाली 12203 सहरसा अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जाखल, धूरी जंक्शन व लुधियाना के रास्ते चलाई गई। पूर्णिया कोर्ट से 23 अप्रैल को चलने वाली 14617 पूर्णिया कोर्ट अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला, चंडीगढ़, न्यू मोरिंडा व सरहिन्द और सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 22 अप्रैल को चलने वाली 14618 अमृतसर पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेहवाल, चंडीगढ़ व अम्बाला के रास्ते चलाई गई। जयनगर से 22 अप्रैल को चलने वाली 14673 जयनगर अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला, चंडीगढ़, न्यू मोरिंडा, सरहिन्द व सानेहवाल के रास्ते चलाई गई। अमृतसर से 23 अप्रैल को चलने वाली 14674 अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेहवाल, चंडीगढ़ व अम्बाला के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 23 अप्रैल को चलने वाली 15708 अमृतसर कटिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लुधियाना, धुरी जंक्शन व जाखल के रास्ते चलाई जायेगी। लालकुआं से 23 अप्रैल को चलने वाली 15016 लालकुआं अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला.चंडीगढ़, न्यू मोरिंडा, सरहिन्द व सानेहवाल के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 22 अप्रैल को चलने वाली 12587 गोरखपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला, चंडीगढ़, न्यू मोरिंडा, सरहिन्द व सानेहवाल के रास्ते चलाई गई।

### मालगाड़ी के पहिये के बीच में बैठा बच्चा हरदोई पहुंचा

खेल के दौरान एक बच्चा मालगाड़ी के पहिये के बीच में जाकर बैठकर गया। इतने में मालगाड़ी चल पड़ी और बच्चा उसी जगह पर बैठे बैठे हरदोई तक पहुंच गया। पूछताछ के दौरान बच्चे ने अपना नाम अजय और पिता का नाम पूरन बताया। वह राजधानी के राजाजीपुरम के बालाजी मंदिर के पास रहता है। बच्चे के मुताबिक उसकी मां उसे छोड़कर कहीं चली गई है। पिता भीख मांगकर गुजारा करते हैं। बच्चे ने बताया कि वह खेल खेल में मालगाड़ी के पहियों के बीच जाकर बैठ गया और तभी ट्रेन चल दी। वह जैसे ही पहियों के बीच जाकर बैठा वैसे ही मालगाड़ी चल दी। वह तमाम कोशिश करने के बावजूद भी नीचे नहीं उतर पाया और मालगाड़ी के पहियों के बीच ही फंसा रहा। वह यहां से चलकर कई किलोमीर दूर हरदोई तक जा पहुंचा। आरपीएफ ने बच्चे को बाहर निकाला और चाइल्डलाइन के सुपुर्द कर दिया।

### यापारियों को रेल मार्ग के जरिये व्यापार के लाभों की जानकारी दी

उत्तर रेलवे में सोमवार को बैठक में डीआरएम एसएम. शर्मा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट राहुल एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों एवं व्यापारिक केन्द्रों के व्यापारियों और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। डीआरएम ने व्यापारियों को रेलवे के साथ व्यापार वृद्धि के लिए प्रेरित किया एवं व्यापारियों को रेल मार्ग के जरिये व्यापार के लाभों की जानकारी दी। इस बैठक में व्यापारियों की रेलवे के साथ होने वाली व्यापारिक समस्याओं की जानकारी लेते हुए इनके शीघ्र निस्तारण की दिशा में आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बैठक मे उपस्थित व्यापारियों से मण्डल की ओर से लदान में वित्तीय वर्ष 23.24 में निर्धारित 5.00 मिलियन टन लक्ष्य के मुकाबले 5.18 मिलियन टन लोडिंग की उपलब्धि के बारे में बताया और लखनऊ मण्डल की ओर से निर्धारित लक्ष्य से अधिक लोडिंग के लिए उद्यमियों को शील्ड प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भविष्य में व्यापार सम्बंधी ऐसी व्यवस्था को स्थापित किया जाये जिसके अंतर्गत व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरलता से किया जा सके।

# प्रधानमंत्री के भाषणों का गिरता स्तर उनकी हताशा बयान करती है: अजय

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर मंच से झूठ बोलते हैं। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में कही उनकी सारी बातें झूठ और दुर्भावना से ग्रसित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषणों का गिरता स्तर और अमर्यादित भाषा उनकी हताशा बयान कर रही है। 10 साल सरकार चलाने के बाद भी इनके पास कोई काम नहीं है, जिसे मंच से जनता को बता सकें। श्री राय ने प्रधानमंत्री की आज अलीगढ़ में हुई रैली पर कहा कि प्रधानमंत्री किसानों की बात तो करते हैं लेकिन उन्हें एमएसपी की गारण्टी क्यों नहीं मिली। इस पर मौन साध लेते हैं। प्रदेश में गन्ने का राज्य समर्थित मूल्य अगल-बगल के राज्यों में सबसे कम है, इसका भी जवाब नहीं देते। श्री राय ने कहहा कि आम लोगों की सम्पत्ति की बात तो प्रधानमंत्री करते हैं मगर भारत में अमीर-गरीब की खाई अंग्रेजों के शासन काल से भी अधिक बढ़ गयी, उस पर मौन साध लेते हैं। लूट की बात करते हैं मगर यह नहीं बताते कि मात्र 15 लोगों की सम्पत्ति देश के 70 करोड़ लोगों के बराबर है। श्री राय ने कहा कि एनसीआर के विकास को यूपी का विकास बता कर भ्रम पैदा करने वाले मोदी जी इस पर भी खामोशी अख्तियार कर लेते हैं। योगी के शासनकाल में क्यों कोई भी और औद्योगिक क्षेत्र विकसित नहीं पा पाया। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले अलीगढ़ में ताला उद्योग को आगे बढ़ाने का वादा करके आए मोदी जी इस सवाल पर भी खामोश हैं कि क्यों सरकार की गलत नीतियों की ओर ध्यान न देने की वजह से इस पारम्परिक उद्योग पर बंदी का खतरा मंडरा रहा है। श्री राय ने कहा कि 10 साल सरकार में रहने के बाद भी कोई ऐसा काम नहीं है जिसे मंच से जनता को बता सकें। जनता ने इस बार मन बना लिया है कि अब इस जनविरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना है।

### तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने: राहुल



**लखनऊ।** गुजरात के सूरत में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला किया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने ट्वीट में राहुल गांधी ने लिखा कि तानाशाह की असली सूरत एक बार फिर देश के सामने है। जनता से अपना नेता चुनने का अधिकार छीन लेना बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को खत्म करने की तरफ बढ़ाया एक और कदम है। श्री गांधी ने लिखा कि मैं एक बार फिर कह रहा हूं, यह सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, यह देश बचाने का चुनाव है, संविधान की रक्षा का चुनाव है। उल्लेखनीय है कि सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभानी का पर्चा रद्द होने होने के बाद बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार प्यारे लाल भारती और बाकी शेष आठ निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपना पर्चा वापस ले लिया, जिसके बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

# यह लोकतंत्र बचाने और संविधान सुरक्षित रखने का चुनाव: अविनाश

**अवधनामा ब्यूरो**



- संसद की गतिविधियों में बाधा डालना भाजपा सरकार के निर्वाचित निरंकुश चरित्र को दिखाता है

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डे ने सोमवार को मथुरा, फतेहपुर सीकरी, आगरा और फिरोजाबाद लोकसभा क्षेत्रों का चुनावी दौरा किया। इस दौरान श्री पाण्डे ने चुनावी तैयारियों का जायजा लिया और गठबंधन के घटक दलों के साथ समन्वय बैठकें की। इस दौरान श्री पाण्डे ने कहा कि यह लोकतंत्र बचाने और संविधान सुरक्षित रखने का चुनाव है। विपक्ष की चुनी सरकारों में तोड़-फोड़ कर बलात ढंग से भारतीय जनता पार्टी की सरकार गठित करना। संवैधानिक संस्थाओं, चुनाव आयोग, न्यायपालिका पर दबाव बना कर विपक्षी दलों के नेताओं को प्रताड़ित करना, संसद की गतिविधियों में बाधा डालना भाजपा सरकार के निर्वाचित निरंकुश चरित्र को दिखाता है। श्री पाण्डे ने समन्वय बैठकों में कांग्रेस और गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं से कांग्रेस गारंटी कार्ड को मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचा कर इसमें दिये संकल्प से उन्हें परिचित कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र को मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश में क्रमबद्ध ढंग से लागू कर चुकी है या कर रही है। श्री पाण्डे ने कहा कि भाजपा की तथाकथित मोदी गारंटी महज एक चुनावी जुमला है। इस जुमले से किसान, नौजवान, छोटे व्यापारी सभी परेशान हैं और सब ने फैसला कर लिया है कि अब इस जुमलेबाज सरकार को सत्ता से बेदखल करना है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि बैठकों का मकसद इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस, सपा, लोकदल और आप कार्यकर्ताओं के बीच आपसी सहयोग और समन्वय विकसित करना है।